जबलपुर

सोमवार, 9 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-8

वर्ष : 20, अंक : 281

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *


मौसम

अधि. 26

न्यून. 14


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## कृषि, उद्योग के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा मप्र

### 'ट्रेड डील' में किसानों के हितों को रखा सबसे ऊपरः मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान लगातार बढ़ रहा है। भारत वैश्विक मंच पर प्रमुख आर्थिक शक्ति बन कर उभर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरीका से हुए समझौते में किसानों के हितों को सबसे ऊपर रखा है। केंद्र हो या राज्य सरकार युवा, गरीब, किसान और महिलाओं का कल्याण सर्वोपरि है। डॉ. यादव शहडोल जिले के धनपुरी में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि और उद्योग सहित सभी क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 44 लाख हेक्टेयर हुआ है। युवाओं को भी बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती को लाभप्रद बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से ही वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।






# भारत 5 साल में यूएस से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में 'सक्षम'



**एजेंसीःनई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत व्यापार समझौतों में ताकत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने हालिया अमेरिकी व्यापार समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि भारत अगले पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीद सकता है, जो अभी वह दुनिया के अन्य देशों से लेता है। उन्होंने इसे बहुत ही सुरक्षित बताया, क्योंकि उनका मानना है कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था अगले पांच साल में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर की मांग पैदा करेगी। भारत अगले पांच साल में ऊर्जा उत्पाद, विमान और पार्ट्स, कीमती धातु, तकनीकी उत्पाद और कोकिंग कोयला अमेरिका से खरीदने का इरादा रखता है। किसानों की आय पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि अमेरिकी बाजार किसानों को अधिक मूल्य देगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि भारत-अमेरिका के व्यापार समझौतों से किसानों को नई निर्यात संभावनाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें बेहतर दाम और लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि आज हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन 2047 तक यह बढ़कर 30-35 ट्रिलियन डॉलर होगी, जब हम एक विकसित अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। यही भारत का आत्मविश्वास है। इस वृद्धि का अवसर हम अपने व्यापारिक साझेदारों को पेश कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि भारत पहले ही कृषि और मत्स्य उत्पादों का 55 अरब डॉलर का निर्यात कर रहा है। गोयल ने बताया कि भारत पहले ही विमानों और इंजन के लिए 50 अरब डॉलर के ऑर्डर दे चुका है और अब अगले पांच साल में हवाई नौका क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक की आवश्यकता होगी। इसके अलावा तेल, एलएनजी, एलपीजी और कच्चा तेल भी अमेरिका से आयात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टील उद्योग की तेज़ बढ़ती मांग के कारण भारत को वर्षाना 30 अरब डॉलर के कोकिंग कोयले की जरूरत होगी।

यह सामान पहले भी आयात किया जा रहा है और कुछ नया नहीं है। गोयल ने कहा कि बड़े टेक्नोलॉजी फर्म भारत में निवेश कर रहे हैं और देश में 10 गीगावाट डेटा सेंटर बनने वाले हैं। इसके लिए आवश्यक उपकरण अमेरिका से उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इसके अलावा एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और उच्च गुणवत्ता वाले मशीनरी की जरूरत भी अमेरिका पूरा कर सकता है।

## भारतीय कृषि उत्पादों को कोई नुकसान नहीं, किसान व कृषि पूरी तरह सुरक्षितः केंद्रीय कृषिमंत्री



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच हुई ट्रेड डील के बाद विपक्ष वेंटिलेटर पर चला गया है। विपक्ष को आशंका थी कि डील के बाद शोर-शराबा करने का मौका मिलेगा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के चलते उसकी मंसूबों पर पानी फिर गया। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि और किसान की सारी चिंताओं का समाधान इस ट्रेड डील में किया गया है। डील से भारतीय कृषि उत्पादों को कोई नुकसान नहीं है। किसान और कृषि पूरी तरह सुरक्षित है। चौहान रविवार को भोपाल स्थित अपने निवास में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की मूल ताकत कृषि उत्पादों को समझौते से बाहर रख कर भारतीय कृषि और किसान को सर्वोपरि रखा गया है।

### माना जाता है कि संघ में 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा

# संघ प्रमुख बोले- मैं 75 साल का, संघ कहे तो 'पद' छोड़ने के लिए तैयार हूं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में कहा कि संघ ने उन्हें उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने को कहा है। लेकिन अगर संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। संघ अपने स्वयंसेवकों से आखिरी बूंद तक काम लेता है।

संघ के इतिहास में अब तक ऐसी कोई स्थिति नहीं आई, जब किसी को जबरन रिटायर करना पड़ा हो। डॉ. भागवत ने कहा कि आरएसएस चीफ पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता। क्षेत्रीय और संभागीय प्रमुख ही नियुक्ति करते हैं। आमतौर पर कहा जाता है कि 75 साल की उम्र के बाद बिना किसी पद के काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं 75 साल का हो गया हूं और आरएसएस को इसका पता है। जब भी आरएसएस पद छोड़ने को कहेगा, मैं पद छोड़ दूंगा लेकिन काम से रिटायरमेंट नहीं लूंगा। डॉ. भागवत ने कहा कि उनके 75 साल पूरे होने पर उन्होंने संघ कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्ति लेने की इच्छा जताई थी, लेकिन कार्यकर्ताओं ने कहा कि आप तो घूम रहे हैं, काम करते रहिए।

**डॉ. मोहन भागवत ने कहा- लेकिन, संगठन ने मुझे पद पर रहकर काम जारी रखने को कहा है**




डॉ.मोहन भागवत

**»** ***मैं पद छोड़ दूंगा लेकिन काम से रिटायरमेंट नहीं लूंगा***

**»** ***संघ में 75 साल बाद बिना जिम्मेदारी काम करना चाहिए***

### किसी भी जाति का व्यक्ति बन सकता है संघ प्रमुख

डॉ. भागवत ने कहा कि संघ का नेतृत्व करने वाला शख्स हमेशा हिंदू ही होगा, फिर चाहे उसकी जाति कुछ भी हो। सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है, जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है। वही सरसंघचालक बनता है। आरएसएस का यह शीर्षतम पद बेहतर से बेहतर उम्मीदवार को ही मिलता है।

### और, क्या बोले संघ प्रमुख?

- संघ ने पहले से तय किया कि संपूर्ण समाज को संगठित करने के अलावा संघ को और कोई दूसरा काम नहीं करना है
- आरएसएस में अंग्रेजी नहीं, लेकिन जहां अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जाएगा, हमें इससे कोई परहेज नहीं है
- समान नागरिक संहिता पर सबकी राय ली जा सकती है
- आरएसएस भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कानूनों और विधानों के पक्ष में है और वह भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई का समर्थन करेगा

*मंत्री शाह ने चौथी बार माफी मांगी*

## विजय शाह केस में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई, सरकार रखेगी पक्ष

**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद कर्नल सोफिया पर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में मंत्री शाह के खिलाफ अभियोजन की कार्यवाही किए जाने के मामले में निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल इसको लेकर दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात कर चुके हैं और सरकार ने बचाव के लिए रणनीति भी तैयार कर ली है। इस बीच परिस्थितियों को देखते हुए मंत्री विजय शाह चौथी बार माफी भी मांग चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार रात में दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले थे। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंत्री शाह को लेकर बने हालात पर चर्चा की है। इसके साथ ही सीनियर वकीलों से भी इस मामले में सलाह ली गई है, ताकि कोर्ट में सरकार अपना बचाव पक्ष मजबूती से रख सके। सरकार कुछ मामलों में जांच के आधार पर समय सीमा बढ़ाने की मांग कोर्ट से कर सकती है, इस पर भी पार्टी और सरकार में मंथन हुआ है।

*वर्चस्व को लेकर लंबे वक्त से रंजिश*

## युवा मोर्चा नेता ने युवकों के सिर फोड़े... स्कॉर्पियो तोड़ी

**इंदौर।** राऊ इलाके में रविवार सुबह भाजपा युवा मोर्चा के एक पदाधिकारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने न केवल युवकों के साथ मारपीट की, बल्कि उनकी स्कॉर्पियो कार के कांच भी चकनाचूर कर दिए। घायल युवकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार हमलावर की पहचान भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष वेदांत तिवारी के रूप में हुई है। पीड़ित प्रखर शर्मा और नयन बाफना (सुदामा नगर) सुबह कैट रोड स्थित एक कैफे से चाय पीकर अपनी स्कॉर्पियो से लौट रहे थे। इसी दौरान वेदांत तिवारी, समीर शर्मा और आदित्य ने उनका पीछा किया और बीच रास्ते में रोककर हमला बोल दिया। दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से वर्चस्व को लेकर रंजिश चली आ रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

*यूट्यूबर ने भरे बाजार की बदसलूकी*

## महिला के बाल पकड़े, जमीन पर पटका, लकड़ी से भी पीटा

**सीधी।** यहां महिला से बदसलूकी और मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। आरोपी की पहचान संतोष पाठक के रूप में हुई है, जो यूट्यूब चैनल चलाता है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सीधी के बहरी बाजार इलाके में रविवार की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह गुमठी लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। कुछ दिन पहले संतोष पाठक ने रात में उसकी गुमठी और ठेला उठवाकर गायब करा दिया था। पीड़िता ने मामले में बहरी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रविवार सुबह करीब 10 बजे बाजार में ही दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। मामला मारपीट तक पहुंच गया। महिला ने संतोष को चप्पल से मारने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपी ने भी लाठी-डंडों और मुक्कों से महिला पर हमला कर दिया। बहरी थाना प्रभारी राजेश पांडे ने बताया कि महिला की शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।






## 12 को ट्रेड यूनियनों व संयुक्त किसान मोर्चा की देशव्यापी हड़ताल

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा ने 12 फरवरी को सेंट्रल ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाई गई देशव्यापी आम हड़ताल को पूरा समर्थन देने की घोषणा की है। इस संयुक्त कार्रवाई का मकसद निजीकरण, ठेका प्रथा, चार लेबर कोड, बिजली संशोधन बिल 2025, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में बदलाव और प्रस्तावित बीज बिल का विरोध करना है।






### दो दिन बाद प्रदेश में दिखेगा पश्चिमी विक्षोभ का असर, भोपाल में भी छाएंगे बादल

# कटनी सबसे ठंडा, रात का पारा 5.6 डिग्री पर, भोपाल में 10.4 डिग्री दर्ज

**भोपाल।** प्रदेशभर में मामूली घट-बढ़ के साथ दिन और रात का पारा थमा रहा। अगले दो दिन प्रदेश के मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। इसके बाद रात का पारा तेजी से बढ़ेगा। रविवार रात को प्रदेश में कटनी सबसे सर्द रहा। यहां न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री रहा। शहडोल 6.1, उमरिया, खजुराहो, पचमढ़ी में 8.4, राजगढ़ 8.5 और शाजापुर में 8.8 डिग्री तक दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन का पारा दशमलव एक डिग्री गिरकर 27.3 और रात का दशमलव 6 डिग्री की गिरावट के साथ 10.4 डिग्री रहा है। यह नॉर्मल से 1.8 डिग्री कम रहा है।



पचमढ़ी में पर्यटक

***भोपाल में दिन का पारा दशमलव एक डिग्री गिरकर 27.3 और रात का दशमलव 6 डिग्री की गिरावट के साथ 10.4 डिग्री***

### कुछ जिलों में बौछारों की भी उम्मीद

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी भोपाल सहित प्रदेश में दिन-रात का तापमान ज्यादा नहीं बदलेगा। लेकिन दो दिन बाद डब्ल्यूडी के असर से हवाएं बदलेंगी। इससे बादलों का असर होने के साथ रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़त हो सकती है।

### भोपाल में दो दिवसीय चीफ जस्टिस कॉन्फ्रेंस संपन्न, सभी मुख्य न्यायाधीशों में बनी सहमति

# न्यायिक निर्णय पूरी तरह न्यायाधीशों के 'विवेक' पर ही आधारित रहेंगे, एआई की कोई भूमिका नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आयोजित दो दिवसीय चीफ जस्टिस कॉन्फ्रेंस का रविवार को समापन हो गया। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत सहित देश के 25 राज्यों के हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शामिल हुए। दो दिनी मंथन में मुख्य न्यायाधीशों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि फैसलों में न्यायाधीश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की कोई भूमिका नहीं होगी, इसकी सिर्फ तकनीकी मदद ली जा सकती है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य न्यायपालिका को अधिक तेज, प्रभावी और जन-केंद्रित बनाने में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर मंथन करना रहा।

**»** ***एआई के उपयोग से न्याय प्रक्रिया को तेज करने पर हुआ गहन विमर्श***

### अदालतों के कामकाज का नियमित मूल्यांकन जरूरी : सीजेआई



प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि भारत जैसे बड़े और विविध देश में जन-केंद्रित न्याय व्यवस्था के लिए मामलों का त्वरित निपटारा बेहद जरूरी है। इस दिशा में सूचना एवं संचार तकनीक, डिजिटल उपकरण और एआई न्यायपालिका के काम को अधिक प्रभावी और तेज बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### परिजनों ने भोपाल की सुंदरता का अनुभव किया

शीर्ष न्यायाधीशों के परिजनों ने भोपाल और आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। परिजनों ने भीमबैठका की प्राचीन गुफाओं, भोजपुर स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर और ट्राइबल म्यूजियम सहित अन्य दर्शनीय स्थलों को देखा और भोपाल की प्राकृतिक व सांस्कृतिक सुंदरता का अनुभव किया।

रायपुर में नक्सलवाद पर गृहमंत्री शाह की हाईलेवल बैठक

# नक्सलवाद के खिलाफ प्लानिंग की आखिरी बड़ी बैठक में दी हिदायत
# उग्रवादी गतिविधियों में आई कमी, इसे पूरी तरह खत्म करें

## बैठक में सीएम साय समेत उपमुख्यमंत्री शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, आईबी के निदेशक शामिल रहे

एजेंसी ▶▶ रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 दिनी छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। वे नक्सल विरोधी अभियान और विभिन्न कार्यों की समीक्षा के लिए रायपुर पहुंचे हैं। शाह ने रविवार को रायपुर में राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे एक्शन को लेकर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। 31 मार्च तक नक्सल खात्मा करीब है। ये बैठक नवा रायपुर अटल नगर के एक होटल में हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो आदि थे।

### नक्सल प्रभावित राज्यों के डीजीपी भी शामिल

हाईलेवल मीटिंग में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिदेशक भी थे।



अधिकारियों के साथ रायपुर में नक्सलवाद के खात्मे के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की बैठक

### बस्तर में कम हो रहा नक्सलवाद

छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र, जिसमें सात जिले शामिल हैं, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा की सीमाओं से सटा हुआ है और लंबे समय से माओवादियों का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है।यहां नक्सल रोधी अभियानों में तेजी आई है। गतिविधियां कम हुई हैं।

### बड़े फैसलों पर लगेगी मुहर

इस मीटिंग में बड़ा फैसला लिया जा सकता है। 31 मार्च से पहले संभवत ये नक्सलवाद के खिलाफ प्लानिंग की आखिरी बड़ी बैठक हो। इस मीटिंग में यह फैसला किया जाएगा की आने वाले अब कैसे काम करना है जिससे निर्धारित डेडलाइन पर नक्सलवाद को खत्म किया जा सके।

## नक्सल विरोधी अभियान की डेडलाइन आ रही नजदीक

### 500 से ज्यादा नक्सली मारे गए


बस्तर क्षेत्र, जिसमें 7जिले शामिल हैं, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ सीमा साझा करता है और माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। बीते कुछ वर्ष में उग्रवादी आंदोलन काफी कमजोर हो गया है। जनवरी 2024 से छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में 500 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं जिनमें कई बड़े नाम भी शामिल थे। करीब 1,900 नक्सली गिरफ्तार किए गए तो 2,500 से ज्यादा ने सरेंडर किया।

### 31 मार्च 2026 है डेडलाइन

बैठक से पहले शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा था कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से देश को पूरी तरह मुक्त करने के संकल्प में सफलता की ओर अग्रसर हैं। आपको बता दें कि गृह मंत्री 9 फरवरी को बस्तर के जगदलपुर पहुंचेंगे, जहां वे बस्तर पंडुम महोत्सव 2026 के समापन समारोह में शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### फुले की प्रतिमा तोड़ने वालों पर हो सख्ती: छगन




**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने तेलंगाना में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की निंदा की। उन्होंने इसे सामाजिक समानता की मूल भावना पर हमला बताया। भुजबल ने इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और दखल देने की मांग की। भुजबल ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### जैसलमेर में ट्रेन में धुएं से मची अफरा-तफरी



**जैसलमेर।** दिल्ली से जैसलमेर जा रही स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस में रविवार सुबह अचानक अफरा-तफरी मच गई। यहां ट्रेन के एक कोच के पहियों से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। धुआं दिखाई देते ही लोको पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### साइबर ठगी का भंडाफोड़ सरगना गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** दिल्ली क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने 'डिजिटल अरेस्ट' नामक साइबर ठगी गिरोह का बड़ा खुलासा करते हुए दो मुख्य आरोपियों अनिश सिंह और मणि सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को पुलिस अधिकारी बनकर डराते थे और मानसिक दबाव बनाकर उनसे मोटी रकम वसूलते थे। इनके खातों से जुड़ीं 190 शिकायतें और केस दर्ज हैं।

### मंगोलपुरी में छात्र पर हमला, 3 अंगुलियां कटीं



**मंगोलपुर।** मंगोलपुरी थाना क्षेत्र में अपने दोस्त के घर से पढ़ाई कर लौट रहे 9वीं के एक छात्र पर 3-4 की संख्या में बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया।इस हमले में छात्र की 3 अंगुलियां कट गई। छात्र को मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद पीड़ित को सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### इग्नू में 10 से 13 फरवरी तक चलेगा प्लेसमेंट



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी मुक्त विश्वविद्यालय अपने वर्तमान स्टूडेंट्स एवं पुराने छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने जा रहा है। यह प्लेसमेंट 10 से 13 फरवरी तक देश के विभिन्न राज्यों के सेंटर्स पर आयोजित होगा। जो नौकरी की तलाश में हैं वे तय तिथि में ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन करके शामिल हो सकते हैं।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पर बोला वस्त्र उद्योग मंत्रालय

# 118 अरब डॉलर के अमेरिकी बाजार का दरवाजा खुला, इससे निर्यात, निवेश और रोजगार बढ़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते ने भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए बड़ा जरवाजा खोल दिया है। इस समझौते के बाद अमेरिका का 118 अरब डॉलर का आयात बाजार भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए ज्यादा सुलभ हो जाएगा। सरकार ने इसे निर्यात, निवेश और रोजगार बढ़ाने की दिशा में अहम कदम बताया है। अमेरिका पहले से ही भारत के वस्त्र निर्यात का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। वस्त्र मंत्रालय ने कहा क ि इस समझौते से भारतीय वस्त्र और परिधान उत्पादों पर लगने वाला 18 प्रतिशत जवाबी शुल्क घटेगा। इससे भारतीय निर्यातकों को कीमत के मामले में सीधा फायदा मिलेगा। मंत्रालय का कहना है कि अब भारत की स्थिति बांग्लादेश, चीन, पाकिस्तान और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मजबूत होगी। बड़े अंतरराष्ट्रीय खरीदार भी अब अपनी खरीद रणनीति में भारत को प्राथमिकता दे सकते हैं।




1. भारतीय निर्यतकों को होगा सीधा फायदा
2. भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए होगा सुलभ
3. अन्य देशों की तुलना में भारत मजबूत होगा

### भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अमेरिका को भारत का मौजूदा वस्त्र निर्यात करीब 10.5 अरब डॉलर का है। इसमें लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा परिधान का और करीब 15 प्रतिशत मेड-अप्स का है। शुल्क घटने से भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे।



### 2030 के निर्यात लक्ष्य में होगा सहायक

सरकार ने वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि नया व्यापार समझौता इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। वस्त्र निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी पांचवें हिस्से से ज्यादा रह सकती है।

### परिधान के साथ फुटवियर और रसायन क्षेत्र को मिलेगी राहत

इस अंतरिम व्यापार समझौते का फायदा सिर्फ कपड़ा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। परिधान, फुटविअर, प्लास्टिक, रबर और रसायन जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को भी राहत मिलेगी। आयात शुल्क घटने से इन सेक्टरों के उत्पादों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग संगठनों का कहना है कि ऊंचे शुल्क के कारण हाल के महीनों में निर्यात प्रभावित हुआ था, अब स्थिति सुधर सकती है।




### उद्योगों के लिए वैश्विक बाजार में पहुंच आसान होगी

एमएसएमई और उपभोक्ताओं को सीधी राहत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को स्पष्ट किया कि यह ढांचा भारत के छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए वैश्विक बाजार में पहुंच आसान बनाएगा। उन्होंने कहा कि इससे व्यवसायों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए लागत कम होगी। टैरिफ के गणित को समझाते हुए उन्होंने बताया कि अमेरिका मौजूदा 50 प्रतिशत के टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। इसके बदले में, भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क खत्म या कम करेगा। इन अमेरिकी उत्पादों में ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, पशु चारे के लिए लाल ज्वार, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट शामिल हैं।

उधर, अटकलों का बाजार गरम

### रूस से तेल खरीद में बड़ी कटौती करेगा भारत!

अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती के बदले हुए समझौते के तहत भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि नायरा एनर्जी जैसी तेल शोधनशालाओं (रिफाइनरी) के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात फिलहाल पूरी तरह बंद नहीं होंगे। जानकारों ने बताया कि तेल शोधनशालाओं को रूस से खरीद रोकने का कोई औपचारिक निर्देश नहीं मिला है।

समझौते पर बोले शाह

### मेक इन इंडिया और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को देश के तेज रफ्तार विकास इंजन को नया बल देने वाला कदम बताया है। 'एक्स' पर उन्होंने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में अहम है और इससे 'मेक इन इंडिया', किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई, स्टार्टअप तथा मछुआरों को लाभ मिलेगा। युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## सूरजकुंड मेला हादसा

# डीजीपी के निर्देश पर कंपनी के दो लोगों को किया गिरफ्तार



डीजीपी ने कड़ी कार्रवाई का दिया था निर्देश

एजेंसी ▶▶ सूरजकुंड

यहां मेला परिसर में शनिवार को हुए झूला हादसे के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झूला संचालक कंपनी के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हादसे में घायलों को बचाते हुए हरियाणा पुलिस के निरीक्षक जगदीश प्रसाद शहीद हो गए थे।

पुलिस के अनुसार थाना सूरजकुंड में हिमाचल प्रदेश की हिमाचल फन केयर कंपनी के प्रोपराइटर मोहम्मद शाकिर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने मोहम्मद शाकिर निवासी गांव टोका नंगला, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) व एक अन्य आरोपी नितेश निवासी धर्मपुरी सदर, मेरठ कैंट (उत्तर प्रदेश) को अरेस्ट किया है।

### 3 सदस्यीय विशेष जांच दल गठित

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त अपराध के पर्यवेक्षण में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित की गई है। टीम वैज्ञानिक और तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।उधर, शहीद निरीक्षक जगदीश प्रसाद का पोस्टमार्टम कराने के बाद पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल और पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने सिविल अस्पताल फरीदाबाद पहुंचकर शहीद के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

### शहीद इंस्पेक्टर के परिवार को मिलेगी नौकरी

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि निरीक्षक जगदीश ने ड्यूटी के दौरान घायलों की जान बचाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। पुलिस विभाग को उन पर गर्व है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग की अनुकंपा नीति के तहत शहीद के परिवार को हरसंभव आर्थिक सहायता दी जाएगी और योग्य सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी। हादसे में कुल 12 लोग घायल हुए थे, जिनमें पुलिसकर्मी और आम नागरिक शामिल हैं। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। 5 घायलों को इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। पुलिस महानिदेशक ने सिविल अस्पताल फरीदाबाद और सुप्रीम अस्पताल में भर्ती घायलों से भी मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना।

## पंजाब में बड़ा धमाका संभव

# भाजपा में 'वापसी' करेंगे सिद्धू! कौर ने राहुल को कहा 'पप्पू'

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

पंजाब की राजनीति में 2 महीनों से जारी अनिश्चितता और बयानबाजी के दौर का अंत आखिरकार एक बड़े धमाके के साथ हुआ है।



पूर्व विधायक डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है। कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल ने शुक्रवार को इसकी औपचारिक घोषणा की। इस निष्कासन से पहले ही नवजोत कौर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। अब साफ है पार्टी अब सिद्धू परिवार की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### कड़वाहट चरम पर पहुंची

पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद डॉ. नवजोत कौर सिद्धू के तेवर और भी तल्ख हो गए हैं। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने राहुल को 'पप्पू' कहकर संबोधित किया।

## पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर बवाल

# कांग्रेस ने किया प्रदर्शन और सरकार का 'पुतला' फूंका

एजेंसी ▶▶ पटना

सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने पटना स्थित सदाकत आश्रम में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को राजनीतिक साजिश बताया। कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका और आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए सत्ता पक्ष दमनात्मक कार्रवाई कर रहा है। कांग्रेस ने कहा कि यादव की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है।



### कांग्रेस को हमेशा साजिश दिख रही: चिराग

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पप्पू यादव के मामले पर कहा कि- हर चीज को इतना बड़ा चढ़ा कर पेश करना कि हर चीज में साजिश हो रही है। जान से मारने यह नॉर्मल एक प्रक्रिया का हिस्सा है। किसी को यूं अरेस्ट नहीं करते।

## ट्रेनी विमान क्रैश, सभी सुरक्षित



**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले के बाबलेश्वर क्षेत्र में रविवार को एक ट्रेनी विमान क्रैश हो गया। गनीमत रही कि विमान में सवार दोनों लोग बाल-बाल बच गए हालांकि हादसे में उन्हें चोटें आई हैं और पास के अस्पताल में उनका इलाज जारी है। विमान रेड बर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग का था। बाबलेश्वर पुलिस स्टेशन की टीम ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

## गोगोई मामले में एसआईटी रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री सरमा का दावा

# पाकिस्तान से सीधे संबंधों के मिले सबूत, एमएचए करे जांच

## इसमें सियासत और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति हो गई तेज

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के कथित पाकिस्तान लिंक को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इस मामले में सियासत और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी तेज हो गई है।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एसआईटी की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए दावा किया है कि एसआईटी रिपोर्ट में अली तौकीर शेख एलिजाबेथ गोगोई और गौरव गोगोई तीनों के पाकिस्तान से सीधे संबंध होने के सबूत मिले हैं। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट देखकर कैबिनेट मंत्री भी हैरान रह गए। सरमा ने कहा कि असम पुलिस की एसआईटी ने इस मामले की जांच की और रिपोर्ट सरकार को सौंपी। अब इसकी जांच केंद्रीय एजेंसी से कराई जाएगी।

**केंद्रीय एजेंसी से जांच को लिखा**



### गोगोई की पत्नी का पाकिस्तान से संबंध

सरमा ने गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न को लेकर गंभीर आरोप लगाए। सीएम का कहना है कि गौरव की पत्नी के पाक से संबंध रहे हैं। एलिजाबेथ मार्च 2011 से मार्च 2012 तक पाक में काम कर चुकी हैं। उनके परिवार के संबंध अली तौकीर शेख के साथ बहुत घनिष्ठ, जो कथित तौर पर पाकिस्तान के हितों के लिए काम करता रहा है।

**पाकिस्तान दूतावास की तस्वीर का जिक्र**

सरमा ने एक पुरानी तस्वीर का भी जिक्र किया, जिसमें गौरव कुछ युवाओं को लेकर भारत में पाकिस्तान के दूतावास गए थे। उस समय भारत में पाकिस्तान के उच्चायुक्त अब्दुल बासित थे।

गोगोई ने हिमंता पर साधा निशाना

### यह सी-ग्रेड फिल्म से भी बदतर

गौरव गोगोई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली और असम के उन पत्रकारों पर मुझे तरस आता है जिन्हें सदी की सबसे फ्लॉप प्रेस कॉन्फ्रेंस झेलनी पड़ी। यह किसी सी-ग्रेड फिल्म से भी बदतर थी। मुख्यमंत्री ने बेहद बेतुके और झूठे तर्क दिए। यह सुपरफ्लॉप हमारी 'यात्रा' के बिल्कुल विपरीत है, जो मुख्यमंत्री और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा कब्जा की गई 12,000 बीघा जमीन का पर्दाफाश करने में सफल रही है।



## यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसा

# बस से उतरे कई यात्रियों को कंटेनर ने कुचला, 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में 6 लोगों की जान चली गई। यमुना एक्सप्रेस-वे पर माइलस्टोन 88 के निकट कंटेनर द्वारा कुचलने से 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा शनिवार तड़के करीब 2:45 बजे हुआ। यात्री बस से नोएडा से आगरा की ओर जा रहे थे और बस रुकने पर लघु शंका को उतरे थे। बस नोएडा से आगरा की ओर जा रही थी। बस रुकने पर यात्री उतरकर लघु शंका के लिए जा रहे थे, तभी एक कंटेनर ने यात्रियों को कुचल दिया। एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। लोगों ने कंटेनर के नीचे से सभी को निकाला। हाईवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंपा जाएगा। परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है।







## खबर संक्षेप

### कश्मीर में ढेर आतंकी निकला अफगान वेटेरन

**जम्मू।** किश्तवाड़ के घने जंगलों में 4 फरवरी को भारतीय सेना के साथ मुठभेड़ में मारे गए जैश ए मोहम्मद के आतंकी स्वारुद्दीन खान उर्फ आदिल को लेकर खुफिया एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख़्वाह के कोहाट जिले का रहने वाला आदिल भारत में घुसपैठ से पहले अफगानिस्तान में अमेरिका और नाटो की सेनाओं के खिलाफ हक्कानी नेटवर्क के साथ मिलकर जैश ए मोहम्मद की तरफ़ से लड़ा था। साल 2016 में जैश ए मोहम्मद ने अपने बन्नू स्थित ट्रेनिंग कैम्प में आदिल को ट्रेनिंग देकर अफगानिस्तान भेजा था।



### रूस में 4 भारतीय छात्रों पर चाकू से हमला

**मॉस्को।** रूस के बश्कोर्तोस्तान गणराज्य के स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में 15 साल के एक लड़के ने चाकू से हमला किया। यह घटना 7 फरवरी को हुई, जिसमें कम से कम 6 लोग जख्मी हो गए। जिन पर हमला हुआ है, उनमें 4 भारतीय छात्र और दो पुलिसकर्मी शामिल हैं। इस घटना ने तहलका मचा रखा है और पुलिस इस मामले की जांच-पड़ताल में लगी हुई है। आरोपी लड़के का संबंध एक प्रतिबंधित नियो-नाजी संगठन से था।

## पीएम मोदी दो दिवसीय मलेशिया का दौरा करके स्वदेश लौटे, द्विपक्षीय संबंधों को मिली और मजबूती

# सुरक्षा से लेकर सेमीकंडक्टर तक किए कई बड़े समझौते, भारतीय वाणिज्य दूतावास शुरू होगा

एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को मलेशिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पूरी करने के बाद भारत लौटे। विदेश मंत्रालय ने मलेशिया यात्रा को यादगार बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मोदी की मलेशिया यात्रा के महत्वपूर्ण नतीजे निकले हैं, जिससे दोनों देशों के संबंधों को काफी मजबूती मिलेगी। जायसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि एक यादगार यात्रा संपन्न हुई! मलेशिया की सफल यात्रा के बाद, जो खास गर्मजोशी और मेहमान नवाजी से भरी थी और हमारे करीबी सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित थी, पीएम नरेंद्र मोदी भारत के लिए रवाना हो गए।

इस यात्रा से महत्वपूर्ण नतीजे निकले हैं, जिससे भारत-मलेशिया संबंधों को काफी मजबूती मिलेगी। विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट), पी. कुमारन ने कहा कि यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2015 में पीएम की मलेशिया की पिछली आधिकारिक यात्रा के लगभग एक दशक बाद हुई है। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी, फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच संपर्क जैसे सभी प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की।

दोनों देशों के बीच बढ़ती मित्रता अत्यंत महत्वपूर्ण | मलेशिया की यात्रा सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित रही

### आतंकवाद पर न कोई दोहरा मापदंड, न कोई समझौताः पीएम




पीएम मोदी और मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम मिलते हुए

पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के इस माहौल में भारत और मलेशिया की बढ़ती मित्रता दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे और आतंकवाद के खिलाफ हमारा संदेश स्पष्ट है – कोई दोहरा मापदंड नहीं और कोई समझौता नहीं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत–मलेशिया संबंधों में नई गति और गहराई आई है। दोनों देशों के बीच ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल अर्थव्यवस्था, बायोटेक, आईटी, पर्यटन और पीपल-टू-पीपल कनेक्शन में सहयोग मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सहयोग, काउंटर टेररिज्म, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मेरिटाइम सुरक्षा में भी दोनों देशों का सहयोग बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा एआई, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा में साझेदारी को और बढ़ाया जाएगा।

### दोनों देशों के बीच ये हुए एमओयू

सुरक्षा, स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र, व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (टीवीईटी) में सहयोग, ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण समझौता, आपदा प्रबंधन में सहयोग, भ्रष्टाचार से निपटने और उसे रोकने में सहयोग, संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर पत्र का आदान-प्रदान, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट्स एलायंस (आईबीसीए) पर ढांचागत समझौता, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), भारत गणराज्य और सामाजिक सुरक्षा संगठन (पीईआरकेईएसओ) मलेशिया के बीच में बीमित व्यक्तियों के रूप में भारतीय नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और गतिविधियों पर

#### बोस के करीबी

### आईएनए के सिपाही राव से की मुलाकात



पीएम मोदी ने कुआलालंपुर में आजाद हिंद फौज, जिसे इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के नाम से भी जाना जाता है, के वयोवृद्ध जयराज राजा राव से भी मुलाकात की और दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय प्रवासियों के बीच इस बल के ऐतिहासिक योगदान और विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने लिखा कि आईएनए के वयोवृद्ध जयराजा राजा राव से मिलना बहुत खास था। उनका जीवन अपार साहस और बलिदान से भरा है। उनके अनुभव सुनना बहुत प्रेरणादायक था। हम नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आईएनए की बहादुर महिलाओं और पुरुषों के हमेशा ऋणी रहेंगे, जिनकी वीरता ने भारत के भाग्य को आकार देने में मदद की।

**दोनों देशों के बीच अहम घोषणाएं**

मलेशिया में भारतीय वाणिज्य दूतावास की स्थापना, यूनिवर्सिटी मलाया, कुआलालंपुर में एक समर्पित तिरुवल्लुवर केंद्र की स्थापना, मलेशियाई नागरिकों के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति संस्थान, एनआईपीएल और पेनेट एसडीएन बीएचडी के बीच सीमा पार भुगतान पर समझौता, साइबरजाया विश्वविद्यालय (यूओसी) और आयुर्वेद प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए) के बीच शैक्षणिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन सौंपा गया।

#### भारत में व्यापार के लिए किया प्रोत्साहित

## पीएम ने मलेशियाई बिजनेस लीडर्स से की खास मुलाकात

पीएम नरेंद्र मोदी ने मलेशिया के चार प्रमुख उद्योग जगत के नेताओं से मुलाकात की। इस बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच तेजी से मजबूत हो रहे बिजनेस-टू-बिजनेस संबंधों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने भारत की सशक्त आर्थिक विकास यात्रा में मलेशियाई कंपनियों की बढ़ती रुचि की सराहना की और कहा कि यह विश्वास दोनों देशों के आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा। इसके अलावा, पीएम मोदी ने मलेशियाई उद्योग जगत को भारत में उपलब्ध व्यापक अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विशेष रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और हेल्थकेयर जैसे तेजी से उभरते क्षेत्रों में निवेश और सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया।



### भारत में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का उल्लेख किया

पीएम मोदी ने पेट्रोनास के अध्यक्ष एवं समूह सीईओ तेंगकू मुहम्मद तौफिक, बरजया कॉर्पोरेशन बरहाद के संस्थापक दातो सेरी विंसेंट टैन ची यिउन, खजाना नेशनल बरहाद के प्रबंध निदेशक दातो अमीरुल फीसल वान जहीर और फिसन इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक दातो पुआ खेइन सेंग से मुलाकात की। पीएम मोदी ने हाल के वर्षों में भारत में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने तथा एक स्थिर, कुशल और पूर्वानुमानित कारोबारी एवं नीतिगत माहौल तैयार करने के लिए किए गए प्रमुख सुधारों और पहलों का उल्लेख किया। पीएम ने शनिवार को कुआलालंपुर में आयोजित 10वें भारत–मलेशिया सीईओ फोरम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इस मंच पर हुई चर्चाएं दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश साझेदारी को और गहराई प्रदान करेंगी।

### भारतीय मूल के नेताओं से की मुलाकात

पीएम मोदी ने रविवार को मलेशिया में भारतीय मूल के नेताओं, जिनमें मंत्री और सांसद शामिल थे, से मुलाकात की और सार्वजनिक जीवन में उनकी उपलब्धियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि विशिष्ट मंत्रियों और सीनेटरों सहित पीआईओ नेताओं के साथ शानदार बातचीत हुई। भारत के प्रति उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव साफ दिख रहा था। सार्वजनिक जीवन में उनकी उपलब्धियां हर किसी के लिए बहुत गर्व की बात है। शनिवार को पीएम मोदी ने भारत और मलेशिया के सीईओ से बातचीत की। एक्स पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा कि सीईओ फोरम ने हमारे दोनों देशों के लिए व्यापार और निवेश में नए अवसर खोले हैं।

# 114 राफेल विमान खरीदने की तैयारी में भारत, इसी महीने होगी डील

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट में 18 विमान फ्लाई अवे कंडीशन में खरीदे जाएंगे। वहीं, 60 फीसदी तक विमान भारत में बनाए जाएंगे। इन 114 विमानों में से 80 फीसदी विमान भारत में ही बनाए जा सकते हैं

भारत वायुसेना की ताकत बढ़ाने पर लगातार काम कर रहा है। अत्याधुनिक राफेल विमान पहले से ही वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। वहीं अब 114 राफेल विमानों की खरीद की प्रक्रिया तेज हो गई है। 18 से 20 फरवरी तक भारत में एआई समिट होने जा रही है जिसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी शामिल होंगे। उनके भारत दौरे से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक होने वाली है। इस बैठक में 3.25 लाख करोड़ की कीमत में 114 राफेल विमानों की खरीद पर मुहर लग सकती है। बता दें, ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत अपने रक्षा क्षेत्र को तेजी से लगातार मजबूत कर रहा है। यह समझौता न केवल भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाएगा, बल्कि भविष्य में तकनीकी हस्तांतरण के जरिए भारत को विमानन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की नींव भी रखेगा। यह डील पूरी होने के बाद भारत के पास 176 राफेल विमान होंगे।

### 'मेक इन इंडिया' का संकल्प



इस प्रस्तावित सौदे की सबसे बड़ी विशेषता इसका स्वदेशीकरण है। 114 विमानों में से लगभग 80 प्रतिशत का निर्माण भारत में ही किया जाएगा, जिसमें डसॉल्ट एविएशन भारतीय निजी कंपनियों के साथ सहयोग करेगी। योजना के अनुसार, 18 विमान 'फ्लाई-अवे' स्थिति में सीधे फ्रांस से आएंगे, जबकि शेष का निर्माण घरेलू स्तर पर होगा। इन विमानों में 60 फीसदी स्वदेशी तकनीक का उपयोग करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे न केवल रोजगार पैदा होंगे बल्कि भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को वैश्विक पहचान मिलेगी। इस प्रोजेक्ट के तहत 88 सिंगल सीटर और 26 ट्विन सीटर विमान खरीदे जा सकते हैं।

### रक्षा खरीद बोर्ड ने दी मंजूरी

डसाल्ट और भारतीय निजी क्षेत्र की कंपनियां मिलकर विमान बनाएंगी। पिछले महीने ही यह प्रोजेक्ट रक्षा खरीद बोर्ड की तरफ से मंजूर हो गया था। अब अगल स्तर पर प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलनी है। इसके बाद तकनीकी और वाणिज्यिक स्तर पर औपचारिक बातचीत शुरू हो जाएगी। मैक्रों के भारत दौरे के दौरान ही इस प्रोजेक्ट को फाइनल रूप दिया जा सकता है।

### 7.85 लाख करोड़ का है इस बार रक्षा बजट

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बढ़ती करीबी को देखते हुए भारत रक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश कर रहा है। सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 7.85 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। बजट में पेंशन के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो पिछली बार 1.60 लाख करोड़ रुपए था। अनुसंधान और विकास के लिए भी 17250 करोड़ रुपए का प्रावधान है जो पिछली बार 14923 करोड़ रुपए था।

#### अमेरिका का बड़ा आरोप

## गलवान तनाव के सात दिन बाद चीन ने किया था परमाणु परीक्षण

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन



2020 में जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी और दूसरी ओर गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया था। इसी दौरान चीन ने गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण किए। ये आरोप अमेरिका ने लगाए हैं। अमेरिका के अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट थॉमस जी डिनैनो ने कहा है कि चीन ने गुप्त रूप से परमाणु विस्फोट परीक्षण किए, ताकि दुनिया को इसकी भनक न लगे। अमेरिका का दावा है कि चीन ने ऐसे तरीके अपनाए जिससे भूकंप मापने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रणालियां (सीस्मिक मॉनिटरिंग) भी इन परीक्षणों को ठीक से पकड़ न सकें। डिनैनो के मुताबिक, 22 जून 2020 को चीन ने ऐसा ही एक परमाणु परीक्षण किया था।

### डिकपलिंग तकनीक का इस्तेमाल

अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि चीन ने जिस तकनीक का इस्तेमाल किया, उसे 'डिकपलिंग' कहा जाता है। इस तकनीक में विस्फोट को इस तरह अंजाम दिया जाता है कि उसके झटके कम महसूस हों और अंतरराष्ट्रीय निगरानी एजेंसियों को शक न हो। अमेरिका का कहना है कि चीन सैकड़ों टन क्षमता वाले परमाणु परीक्षणों की तैयारी और उन्हें अंजाम दे चुका है।

### चीन ने आरोपों का विरोध किया

चीन के राजदूत शेन जियान ने कहा कि चीन ने ध्यान दिया है कि अमेरिका अपने बयान में तथाकथित चीन परमाणु खतरे को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहा है। चीन ऐसे झूठे आरोपों का कड़ा विरोध करता है। अमेरिका हथियारों को बढ़ाने की होड़ में सबसे बड़ा दोषी है। शेन जियान ने कहा कि उनका देश अमेरिका और रूस की इस नई बातचीत में हिस्सा नहीं लेगा। हमारे पास हथियारों की संख्या का छोटा सा हिस्सा है। लगभग 600 के आसपास जबकि रूस और अमेरिका के पास लगभग 4 हजार हैं।

## सस्ते भारतीय टीके नहीं मिलने से पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था पर दबाव

एजेंसी ⏭ कराची

पाकिस्तान में भारत से किफायती टीके नहीं मिलने के कारण अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य दबाव में है। पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने इस पर हताशा जताते हुए कहा, हालात कठिन हैं। मई 2025 के संघर्ष के बाद से भारत से सस्ते टीकों की आपूर्ति रुकने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। इससे पहले वैश्विक सार्वजनिक-निजी स्वास्थ्य साझेदारी के तहत पाकिस्तान ग्लोबल अलायंस फॉर वैक्सीन्स एंड इम्यूनाइजेशन (गावी) के जरिए सस्ते टीके लेता था। गावी दुनिया के सबसे गरीब देशों के बच्चों को टीके दिलाती है। कमाल बोले, फिलहाल पाकिस्तान 40 करोड़ डॉलर की वार्षिक लागत पर टीके मंगाता है व 51% लागत वहन करता है।




### क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने संभागीय प्रभारियों, मोर्चा प्रदेश अध्यक्षों के साथ की बैठक

# प्रदेश में जिले से मंडल स्तर तक के प्रशिक्षण पर भाजपा का फोकस, कार्यक्रमों की प्लानिंग और अमल के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संभागीय प्रभारियों के साथ बैठक की।

इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों की प्लानिंग और अमल के लिए निर्देश दिए थे। इसमें सबसे अधिक फोकस अगले माह होने वाले जिला से मंडल स्तर तक के प्रशिक्षण पर दिया गया है। बताया जाता है कि इस बैठक में पार्टी के मार्च में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों, केंद्रीय बजट के प्रचार प्रसार और वीबी जी रामजी योजना का गांवों में अधिक से अधिक विस्तार कराने पर चर्चा की गई है। संभागीय प्रभारियों के बाद क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा मोर्चा प्रदेश अध्यक्षों और पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ भी संयुक्त बैठक की गई। इस बैठक में पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा के साथ केंद्रीय बजट और वीबी जी रामजी पर चर्चा हुई। बैठक में गांवों और कस्बों में लोगों को केंद्रीय बजट के फायदे बताने और दुष्प्रचार को रोकने के लिए सतर्क रहने की बात कही गई। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 टोली एवं विकसित भारत बजट की प्रदेश टोली की बैठक को संबोधित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल और प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने की बैठक।

## भाजपा ने 62 संगठनात्मक जिलों में नियुक्त किए जिला प्रभारी

**भोपाल नगर के लिए जसवंत सिंह हाड़ा, ग्रामीण में प्रदीप लारिया को जिम्मेदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सभी 62 संगठनात्मक जिलों में जिला प्रभारी की नियुक्तियां की हैं। जिला प्रभारियों की जारी की गई सूची में पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष और पूर्व सांसद भी शामिल हैं। भोपाल जिले में भोपाल नगर के लिए जसवंत सिंह हाड़ा एवं ग्रामीण के लिए प्रदीप लारिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं इंदौर में नगरीय क्षेत्र के लिए राजेश सोलंकी और ग्रामीण के लिए शैलेन्द्र डागा को जिम्मेदारी दी गई है। ग्वालिर जिले में ग्वालियर नगर के लिए गोपीकृष्ण नेमा एवं ग्रामीण के लिए गोपाल आचार्य का चयन किया गया है।



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने कराया गरीब परिवार की समस्या का निदान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इंदौर के एक गरीब परिवार की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया है। उन्होंने इंदौर में दिनेश प्रजापत एवं उनकी माता रामप्यारी बाई की विषम परिस्थितियों को देखते हुए पेंशन और उनके उपचार से संबंधित प्रकरणों को संज्ञान में लिया। डॉ यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर त्वरित केवायसी करवाकर पेंशन प्रक्रिया शुरू कराई। अरविंदो अस्पताल में रामप्यारी के समुचित उपचार की व्यवस्था कराई। मुख्यमंत्री ने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

### विधायक के भाई की गुंडागर्दी पर पटवारी मौन क्यों: आशीष

**भोपाल।** धार के डही में शराब दुकान से खुलेआम शराब लूटने के मामले में कांग्रेस विधायक सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल के चचेरे भाई अर्जुन सिंह बघेल और उनके चार साथियों का वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की चुप्पी पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि यह नेतृत्व की नाकामी है या फिर अपराधियों को जानबूझकर मौन संरक्षण दिया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी ने एक्स पर लिख है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के नेता मंच से संविधान, कानून और नैतिकता का ढोंग रचते हैं लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि उनके ही विधायक का भाई खुद को कानून से ऊपर समझकर खुलेआम गुंडागर्दी कर रहा है। मामला सामने आने के बाद भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की चुप्पी संयोग नहीं संकेत है।

### रायपुर के लाभांडी क्षेत्र का मामला, दमकल विभाग की गाड़ियों ने बुझाई आग

# आबकारी भवन में आग लगने से मचा हड़कंप महत्वपूर्ण फाइलें और दस्तावेज जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के लाभांडी इलाके में स्थित आबकारी भवन में शनिवार देर रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग भवन की तीसरी मंजिल पर लगी, जहां आबकारी निगम का एक महत्वपूर्ण कार्यालय संचालित होता है। इस हादसे में विभाग की कई अहम फाइलें और दस्तावेज जलकर नष्ट होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि जिस अनुभाग में आग लगी, वहीं सोमवार से निगम के आय-व्यय से जुड़ा ऑडिट प्रस्तावित था।

दिनभर ऑडिट की तैयारियों के चलते अधिकारियों और कर्मचारियों की आवाजाही रही, लेकिन रात में कार्यालय बंद होने के कुछ समय बाद आग भड़क उठी। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, आग की शुरुआत तीसरी मंजिल पर स्थित ऑडिट से जुड़े कक्ष से हुई। जब तक दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, तब तक आग रिकॉर्ड रूम को भारी नुकसान पहुंचा चुकी थी।




**आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं**

प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रविवार सुबह पुलिस और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना ने विभागीय कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर ऐसे समय में जब महत्वपूर्ण ऑडिट की प्रक्रिया शुरू होने वाली थी।

## आमने सामने से टकराए दो ट्राले, एक की मौत, दो गंभीर

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा थाना क्षेत्र के कोटगढ़ गांव में भीषण सड़क हादसे में कोयले से भरे तीन ट्रेलरों में आग लग गई, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अकलतरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ट्रेलर अकलतरा से बलौदा की ओर जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे ट्रेलर से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई।



***आग लगते ही मौके पर मची भगदड़***

*इसी दौरान पीछे से आ रहे एक और ट्रेलर ने भी टक्कर मार दी। टक्कर के तुरंत बाद तीनों ट्रेलरों में भीषण आग लग गई। आग लगते ही मौके पर हड़कंप मच गया। एक ट्रेलर में एक व्यक्ति फंस गया था, जिसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।*

### कार्यपालन यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

# एसीएस से शिकायत के बाद घटिया निर्माण करने पर 2 ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड

**काली सूची में दर्ज कर मांगा जवाब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर जिले में चटवाड़ा से हरनासा सड़क मार्ग में घटिया निर्माण मिलने पर सड़क निर्माता मेसर्स आनंद इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को काली सूची में दर्ज करते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। वहीं सागर जिले के बीलाग्राम स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रयोगशालाओं एवं अतिरिक्त कक्षों के घटिया निर्माण पर ठेकेदार मेसर्स रविंद्र सिंह ठाकुर को ब्लैक लिस्ट कर संबंधित कार्यपालन यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। सागर जिले में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के रेहली - गौरझामर मार्ग का गुणवत्ताहीन निर्माण मिलने पर ठेकेदार मेसर्स बंसल पाथवेज प्रा. लि. एवं कंसल्टेंट योगमा इंजीनियर प्रा. लि. को नोटिस जारी किया गया है।

**7 जिलों में 35 कार्यों का औचक निरीक्षण में मिली थी खामियां**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग और मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन के अधिकारियों के हर महीने सात जिलों में 35 कार्यों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इस महीने किए गए निरीक्षण में भी गुणवत्ताहीन निर्माण मिलने पर यह कार्रवाई की गई हैं। मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा हाल ही में भोपाल, डिंडोरी, इंदौर, शहडोल, नीमच एवं सागर जिलों में रेंडम आधार पर सात जिलों के 35 निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

### रायपुर जिले के आरंग-खरोरा मुख्य मार्ग की घटना, नशे में था ट्रक ड्राइवर, गिरफ्तार

# धान से लदे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को रौंदा, एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत, महिला गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले के आरंग-खरोरा मुख्य मार्ग में एक भयावह सड़क दुर्घटना का गवाह बना, जब धान से लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही बाइक को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि एक ही परिवार के दो सदस्यों की जान चली गई, जबकि एक महिला गंभीर हालत में अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम गुल्लू निवासी नंदकिशोर लोधी अपनी मां राजकुमारी लोधी और रिश्तेदार कुंतीबाई लोधी के साथ शादी समारोह से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बजरंग केमिकल डिस्टलरी कंपनी के पास पहुंची, सामने से आ रहे धान से भरे ट्रक ने नियंत्रण खोते हुए सीधी टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर ही कुंतीबाई लोधी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि नंदकिशोर और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल रायपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान नंदकिशोर लोधी ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार होने लगा, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते उसकी कोशिश नाकाम हो गई। आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू ने स्वयं पीछा कर नवापारा-राजिम रोड पर ग्राम चरौदा के पास ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि चालक शराब के नशे में था और लापरवाही से भारी वाहन चला रहा था। पुलिस ने ट्रक जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।



### एसएमएस भेजकर किसानों को केंद्रों पर किया जाएगा आमंत्रित

# गेहूं बेचने किसानों का पंजीयन शुरू, बनाए गए कुल सात केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकारी खरीदी केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए खाद्य विभाग ने पंजीयन केंद्रों पर पंजीयन का काम शुरु कर दिया है। पंजीयन के आधार पर ही किसानों को एसएमएस भेजकर फसल बेचने के लिए बुलाया जाएगा। शनिवार से किसानों के पंजीयन का काम शुरु कर दिया गया है। जिन किसानों का पंजीयन किया जाएगा, उन्हें ही फसल बेचने के लिए केंद्रों पर आमंत्रित किया जाएगा। फिलहाल भोपाल में सात सहकारी समितियों पर रजिस्ट्रेशन शुरु किए गए हैं। एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर पर भी जाकर पंजीयन कराया जा सकता है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए शासन ने जिले में किसान पंजीयन 7 केंद्र बनाए हैं, जो ई-उपार्जन पोर्टल पर हैं। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। पंजीयन की यह प्रक्रिया 7 मार्च तक चलेगी। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, शीतल पेयजल और बैठने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से तय की जाए, ताकि किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।



**सरकारी केंद्रों पर फ्री में होगा पंजीयन**

किसानों के लिए सहकारी समितियों के केंद्रों पर पंजीयन फ्री रहेगा, जबकि एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर और लोकसेवा केंद्रों पर 50 रुपए देकर पंजीयन कराया जा सकता है। पंजीयन के लिए किसान का नाम, आधार नंबर, बैंक खाता विवरण, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और समग्र आईडी का होना जरूरी है। साथ ही किसान विक्रय हेतु नॉमिनी भी नियुक्त कर सकते हैं जिसके लिए नॉमिनी का आधार देना होगा। सत्यापन की प्रक्रिया बायोमेट्रिक या ओटीपी से पूरी की जाएगी।

### गांवों में तैयार होगा गेहूं, चना और अन्य फसलों का हाईब्रिड बीज

**भोपाल।** छोटे और बड़े किसानों के लिए अच्छी खबर है। अब बोवनी के लिए किसानों को व्यापारियों से महंगा बीज नहीं खरीदना पड़ेगा, जिसके लिए कृषि विभाग ब्लॉक स्तर पर पांच पांच गांवों में बीज केंद्र बनाने जा रहा है। जहां बोवनी के लिए हाईब्रिड बीज तैयार किया जाएगा। यहां पर किसानों के लिए यूरिया और डीएपी भी रखी जाएगी, जिससे किसानों को दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए भी मोटिवेट किया जाएगा। जिले के एक ब्लॉक के 5 गांवों को आत्मनिर्भर गांव बनाया जाएगा। जिसमें हाईब्रिड बीज उसी गांव में तैयार होकर गांव में ही विक्रय कर उत्पादन किया जाएगा। उर्वरक यूरिया, डीएपी के स्टॉक के लिए योजना तैयार की जा रही है। इसके साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए उनके उत्पादन के लिए प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी कृषि विभाग को सौंपी गई है। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए ट्रैड करने समय-समय पर ट्रेनिंग भी आयोजित की जाएगी।

### आज से अधिकारियों की लेंगे अलग-अलग बैठकें

# कार्यभार संभालकर परिवहन आयुक्त जोगा ने ली बैठक

**बोले-बॉडी वार्न कैमरा लगाकर करें चेकिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के नए परिवहन आयुक्त उमेश जोगा ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने चेकिंग प्रभारियों, प्रवर्तन अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी अफसरों को जांच के दौरान बॉडी वार्न कैमरों का उपयोग अनिवार्य रुप से करने के निर्देश दिए हैं। भारतीय पुलिस सेवा के 1997 बैच के आईपीएस उमेश जोगा ने परिवहन विभाग के कैंप आफिस में कार्यभार संभाला। उप परिवहन आयुक्त किरण शर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया और इसके बाद जोगा ने विधिवत कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने परिवहन आयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि चेकिंग के दौरान नियम प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। बॉडी वार्न कैमरे लगाकर ही जांच की जाए। कल से आयुक्त विभाग में अलग-अलग काम देखने वाले अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे।

# आरक्षक जवानों की भर्ती का फैसला 23 से से होगा फिजिकल परीक्षण

**फिजिकल टेस्ट के लिए 10 जिलों में बनेंगे कैंप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस आरक्षक के 7500 पदों के लिए हुई परीक्षा के लिए अब 23 फरवरी से फिजिकल टेस्ट शुरू होने जा रहे हैं। पुलिस मुख्यालय ने इसके लिए प्रदेश के दस शहरों में स्थानों का चयन किया है जहां भर्ती परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए हाजिर होना पड़ेगा। इस दौरान चयनित उम्मीदवारों को दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक में अपनी दक्षता साबित करना होगी।

आरक्षक जीडी के 7500 पदों पर भर्ती के लिए कर्मचारी चयन मंडल ने 30 अक्टूबर से 15 दिसंबर 2025 कराई गई थी। परीक्षा के रिजल्ट पिछले महीने जनवरी में घोषित किए गए। चयनित उम्मीदवारों का अब फिजिकल टेस्ट होना है, जो 23 फरवरी से 13 मार्च के बीच में होगा। इसमें उम्मीदवारों को 800 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक तथा दस्तावेजों का परीक्षण होगा।

### प्रेसवार्ता के दौरान बोले मंत्री मनोहर लाल

# छग को बजट में सात हजार 470 करोड़ का मिला बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन रायपुर में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय बजट 2026-27 के सन्दर्भ में चर्चा की।

इसके साथ उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में छत्तीसगढ़ को रेलवे विकास के लिए सात हजार 470 करोड़ का ऐतिहासिक आवंटन मिला है, जो राज्य की रेल कनेक्टिविटी और क्षमता को बढ़ाएगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए यूडीएएन (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के तहत जगदलपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर से उड़ानें शुरू की गई हैं। इसके अतिरिक्त, रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल को 'कृषि उड़ान योजना' (कृषि उत्पादों के तेजी से परिवहन के लिए) में भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से छत्तीसगढ़ में नेशनल हाईवे के विकास को प्राथमिकता दी गई है, जिसके तहत तीन 400 किलोमीटर से अधिक की सड़कों का निर्माण किया गया है।




### विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियां, विधायकों ने किए 2253 ऑनलाइन सवाल

# विपक्ष के एजेंडे में जहरीला कफ सिरप, दूषित पानी और कानून व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इसी माह होने जा रहे बजट सत्र को लेकर विधानसभा में व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार विधायकों ने ऑफलाइन से ज्यादा ऑनलाइन सवाल किए हैं। विधायकों ने कुल 2253 ऑनलाइन सवाल किए हैं। वहीं विपक्षी दल कांग्रेस ने इस बार बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते भ्रष्टाचार, इंदौर में दूषित पानी, छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से मौतों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी की है। विधानसभा में विधायकों को ऑनलाइन सवाल करने, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव शून्यकाल की सूचनाएं ऑनलाइन भेजने की सुविधा प्रदान की गई है। इस बार भी सवाल भेजने का समय समाप्त हो गया है। अब तक कुल 3 हजार 478 सवाल विधायकों ने विभिन्न विषयों पर पूछे हैं। इसमें 2 हजार 253 ऑनलाइन सवाल पूछे गए है और ऑफलाइन सवाल 1 हजार 225 पूछे गए हैं। इनमें एक हजार 750 तारांकित और 1728 सवाल अतारांकित आए हैं। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भेजने के लिए अभी समय बाकी है। शून्यकाल की सूचनाएं, नियम 139 के तहत प्रस्ताव, याचिकाएं, भेजने के लिए अभी समय बाकी है।



**कांग्रेस की तैयारी, सरकार हर जवाब के लिए तैयार**

प्रदेश सरकार की ओर से डिप्टी सीएम और वित्त तथा वाणिज्य कर मंत्री जगदीश देवड़ा 18 फरवरी को विधानसभा में बजट पेश करेंगे। इस बार भी बजट पिछले बजट से दस प्रतिशत बढ़ाकर पेश किया जाएगा। कई विधेयक भी इस बार विस में पेश किए जाएंगे। प्रदेश के कई मंत्री अपनी सम्पत्ति औ आय की घोषणा विधानसभा में करेंगे।

**भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरेगा**

इधर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित कांग्रेस विधायकों ने इस बार सरकार को विभिन्न मुद्दों को लेकर घेरने की व्यापक तैयारी की है। कांग्रेस का कहना है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बिगड़ी हुई है। प्रदेश में अवैध खनन बढ़ रहा है। खनन माफिया सक्रिय है। प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री बढ़ी है। इंदौर में दूषित पानी पीने से लगातार मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है। छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप पीने से कई लोगों की मौते हुई थी। प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है। अपेक्षानुरुप नया निवेश नहीं बढ़ रहा है। वहीं राज्य सरकार और सत्तारुढ़ दल द्वारा भी विपक्षी हमलों को कमजोर करने के लिए व्यापक तैयारी की गई है। बजट सत्र के दौरान विपक्ष के हमलों पर जवाब देने के लिए अलग-अलग भाजपा विधायकों को तैयार किया जा रहा है। इनकी लगातार ब्रीफिंग भी की जा रही है।

### एसआईआर के काम में लगे निगम कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

**भोपाल।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम में लगे नगर निगम के डेढ़ सौ से अधिक कर्मचारियों को महीने की एक तारीख को वेतन नहीं दिया गया है। जिससे कर्मचारियों को परिवार चलाने में दिक्कत हो रही है। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि निगम के 150 कर्मचारी जो निर्वाचन आयोग के मतदाता गहन विशेष पनरीक्षण कार्य में लगे हैं, उन कर्मचारियों को निगम ने वेतन नहीं दिया है। बताया जा रहा हे कि निगम में ई अटेंडेंस से उपस्थिति आने पर ही वेतन दिया जा रहा है, लेकिन एसआईआर का काम करने की वजह से ई अटेंडेंस नहीं होने से वेतन रोक दिया गया है।

# सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी है केंद्रीय बजट : अजय टम्टा

**जबलपुर। बजट 2026-27 इतिहास में उस बजट के रूप में याद किया जाएगा, जिसने विकसित भारत के संकल्प को ठोस आधार दिया। यह इस शताब्दी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार 9वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत कर रही है। यह अपने आप में एक गौरव पल के रूप में भारत के संसदीय इतिहास में दर्ज हुआ है यह बात केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टमटा ने केंद्रीय बजट 2026 विषय पर भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कही।**


केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री ने पत्रकार वार्ता को किया सम्बोधित

पत्रकार वार्ता में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकूज विज, महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू, सह प्रभारी रवि शर्मा उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री श्री टमटा ने कहा आज हम बदला हुआ भारत देख रहे है, पूरी दुनिया में भारत के आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है पर हमें ध्यान होगा कि देश की स्थिति 2014 के पहले कैसी थी, भय भूख भ्रष्टाचार गरीबी के साथ देश की दयनीय स्थिति थी पर 2014 में जब देश की कमान प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी जी ने संभाली तब से लेकर आज तक इन 11 वर्षों में भारत हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और इन 11 वर्षों में दुनिया में भारत का ढँका बज रहा है। उन्होंने कहा केंद्रीय बजट 2026 हर नागरिक के सपनों, आकांक्षाओं और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और उद्यमी के सशक्तिकरण की स्पष्ट दिशा दिखाता है। यह बजट युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला है, किसानों के विश्वास को मजबूत करने वाला है, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक है और मध्यम व गरीब वर्ग को सशक्त करने की सोच को आगे बढ़ाता है। श्री टम्टा ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी बार-बार कहते हैं कि महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि भारत की ग्रोथ इंजन हैं। यही कारण है कि हमारी सरकार ने महिला सशक्तिकरण को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे नीति और नीयत दोनों का हिस्सा बनाया। बजट 2026 इसी स्पष्ट नीयत का प्रमाण है, जहां हर योजना, हर निवेश और हर सुधार के केंद्र में महिला की गरिमा, सुरक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता को रखा गया है। श्री टम्टा ने कहा इस बजट को देखकर निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है कि GYAN यानी G-गरीब, Y-युवा, A-अन्नदाता और N-नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार समर्पित है।

### मध्यम वर्ग को बजट से मिली बड़ी राहत

श्री टम्टा ने कहा स्वास्थ्य के खर्च को कम करने के लिए सरकार ने दवाओं पर लगने वाले शुल्क में कटौती की है। कैंसर की 17 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क शून्य या बहुत कम कर दिया गया है। मिडल क्लास परिवारों को गुणवत्तापूर्ण इलाज देने के लिए जिला स्तर पर 'बायोफार्मा' और आयुष केंद्रों के लिए 10,000 करोड़ का फंड आवंटित किया गया है।

श्री टम्टा ने कहा अब कम या शून्य TDS सर्टिफिकेट के लिए अफसर के पास आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। एक ऑटोमैटिक और नियम आधारित सिस्टम के जरिए यह काम आसान हो जाएगा। इससे मध्यम वर्ग के लोगों को काफी लाभ होगा। LRS के तहत मिडल क्लास परिवारों के लिए विदेश घूमना और बच्चों को बाहर पढ़ाना अब सस्ता होगा। विदेश यात्रा के टूर पैकेज पर TCS को 5% से घटाकर 2% कर दिया गया है, इससे माता-पिता की जेब पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा।श्री टम्टा ने कहा रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट रोजगार बजट 2026 में हेल्थ केयर सिस्टम की मजबूती को ऐलान किया गया। इसे लेकर निर्मला सीतारमण ऐलान किया कि आगामी 5 सालों में 1 लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स को जोड़ा जाएगा। 1.5 लाख केयर गिवर्स को ट्रेनिंग देने का भी ऐलान किया गया है. साथ ही राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और न्यूरोसाइकोलॉजी संस्थान स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा सरकार शिक्षा को रोजगार और उद्यम के साथ जोड़ने पर जोर देगी। विकसित भारत का मुख्य चालक सेवा क्षेत्र रहेगा, और इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी जो AI और नई तकनीकों के प्रभाव का आकलन करेगी।

### भारत के भविष्य को सशक्त बनाने वाला बजट

श्री टम्टा ने कहा भारत में सेमीकंडक्टर के निर्माण पर सरकार का पूरा जोर है। सरकार ने सेमीकंडक्टर को बढ़ावा देने के लिए 22,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अब इसे बढ़ाकर 40 हजार करोड़ करने का प्रस्ताव करते हैं। इस बजट का एक प्रमुख और दूरगामी प्रावधान देशभर में 30 रासायनिक पार्कों का निर्माण है। यह पहल केवल आधारभूत ढांचे का विस्तार नहीं, बल्कि भारत को वैश्विक केमिकल वैल्यू-चेन का सशक्त केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है।

श्री टम्टा ने कहा भारत तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में बजट 2026-27 ने यह स्वीकार किया है कि शहर केवल रहने के स्थान नहीं, बल्कि आर्थिक विकास के इंजन हैं। नए इकोनॉमिक ज़ोन का उद्देश्य शहरों को अव्यवस्थित विस्तार से निकालकर योजनाबद्ध, उत्पादक और रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल की ओर ले जाना है। खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प की मजबूती के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू करने का प्रस्ताव। इससे देश के बुनकरों, ग्राम उद्योगों, एक जिला-एक उत्पाद पहल और ग्रामीण युवाओं को लाभ होगा।

### स्वास्थ्य को सशक्त करने वाला बजट

श्री टम्टा ने कहा स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए 'बायोफार्मा शक्ति' के तहत 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन और तीन नए एन.आई.पी.ई.आर. (NIPER) संस्थानों का निर्माण भारत को वैश्विक बायोफार्मा केंद्र बनाएगा। मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए उत्तर भारत में निमहंस-टू (NIMHANS-2) की स्थापना और रांची व तेजपुर के संस्थानों का उन्नयन किया जाएगा। उन्होंने बताया 17 दवाओं और 7 असाध्य रोगों की दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट और अगले पांच वर्षों में एक लाख संबद्ध स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को जोड़ने का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को सस्ता और सुलभ बनाएगा। एक हजार से अधिक मान्यता प्राप्त इंडिया क्लिनिकल ट्रायल्स स्थलों का नेटवर्क बनाया जाएगा।

## महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाला बजट

श्री टम्टा ने कहा महिलाओं की सुविधा, सुरक्षा और कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए बजट में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। वी.जी.एफ. और पूंजीगत सहायता के माध्यम से देश के प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास की स्थापना का प्रस्ताव है, इसके लिए लगभग 10,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे छात्राओं को सुरक्षित आवास मिल सकेगा।

उन्होंने कहा महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु 1.5 लाख देखभाल सेवा प्रदाताओं और 1 लाख संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, 'सबका साथ, सबका विकास' के दृष्टिकोण के तहत संसाधनों और अवसरों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

उन्होंने कहा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ग्रामीण महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए विशेष पहल की गई है, जिसमें लखपति दीदी योजना पर आधारित सामुदायिक स्व-सहायता समूह उद्यम स्थापित करने का प्रावधान है। इससे महिलाओं को क्रेडिट लिंक्ड आजीविका से उद्यम स्वामित्व की ओर जाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा एमएसएमई क्षेत्र में महिलाओं के लिए 10,000 करोड़ रुपये का एसएमई ग्रोथ फंड घोषित किया गया है, जो महिलाओं के लिए इक्विटी सपोर्ट प्रदान करेगा। देखा जाए तो पहली बार उद्यमी महिलाओं के लिए टर्म लोन और मेंटरशिप का विस्तार किया गया है। श्री टम्टा ने बताया लखपति दीदी योजना की सफलता को देखते हुए केंद्र सरकार ने महिलाओं के लिए शुरू हुई इस योजना को आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। योजना के तहत महिलाओं को आजीविका से बढ़ाकर बिजनेसवुमन बनाने की ओर बढ़ाया जाएगा। इसके लिए कई तरह की पहलें शुरू की जाएंगी, ताकि वे उद्यमी की भूमिका में आएं।

### रक्षा एवं विमानन क्षेत्र के लिए

श्री टम्टा ने कहा देश की सुरक्षा को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने के लिए रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। रक्षा इकाइयों द्वारा विमानों के रखरखाव, मरम्मत और अन्य आवश्यकताओं के लिए पुर्जो के निर्माण में उपयोग होने वाले आयातित कच्चे माल पर मूलभूत सीमा शुल्क में छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया इसके अतिरिक्त, असैनिक और प्रशिक्षण विमानों के निर्माण के लिए आवश्यक कलपुर्जी पर भी शुल्क में रियायत दी गई है। यह कदम घरेलू रक्षा विनिर्माण और विमानन क्षेत्र को सशक्त बनाएगा।

# सख्ती: सौ से अधिक बदमाश निशाने पर

**जबलपुर**। पुलिस ने अब जिले में अपराधियों व बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सख्ती शुरू कर दी है। इस सिलसिले में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक अपराध कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों की कुंडली तैयार कर इनके जिला बदर का प्रस्ताव तैयार किया गया है। पिछले कुछ समय से जबलपुर में लगातार अपराध का ग्राफ बढ़ने व इस पर पुलिस अधीक्षक के तीखे तेवरों के बाद प्रत्येक थाने में उनके क्षेत्रों में सक्रिय बदमाशों की सूची तैयार कर ली गई है। प्रारंभिक रूप से सौ बदमाश पुलिस के निशाने पर हैं। इन बदमाशों को एक सप्ताह में जिला की सीमा से बाहर करने के लिए कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इस कार्यवाही का उद्देश्य आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक ने लगातार अपराधों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रकरण तैयार करने हेतु आदेशित किया गया है। इसके बाद जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र से उन बदमाशों की जानकारी मांगी गई जिनके विरुद्ध एक वर्ष में पांच या इससे अधिक आपराधिक मामले पंजीबद्ध हुए है। इसमें हत्या सहित अन्य गंभीर अपराध में लिप्त बदमाश हैं। पुलिस ने अभी जिन सौ अपराधियों के जिला बदर का प्रस्ताव तैयार किया है, उसमें 61 गंभीर आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाश है। शहर के सात और देहात के एक थाना क्षेत्र में सबसे अधिक बदमाश मिले है, जो निरंतर अपराध कर रहे हैं।

अपराध: शहपुरा और हनुमानताल में वारदातें

# पड़ोसियों के हमले में किसान गंभीर, चाकूबाजी में युवक घायल



**जबलपुर**। शहपुरा थाना अंतर्गत ग्राम ठूंठा में पड़ोसियों ने वाद विवाद होने पर एक किसान के साथ बेरहमी से मारपीट की इस हमले में घायल को इलाज के लिये जबलपुर की एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है. शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ठूंठा निवासी किसान सत्यम सिंह राजपूत पर कल शाम बिना किसी बात के गालीगलौच करने से मना करने पर पड़ोस में रहने वाले सौरभ उर्फ सिल्लू और उसके पिता डल्लू सिंह ने लोहे की राड और लाठी से प्राण घातक हमला कर दिया. बीच बचाव करने आई सत्यम की बहन रूबी सिंह पर दशरथ सौरभ और झल्लू ने हमला किया. हमले में घायल सत्यम सिंह को जबलपुर के बेस्ट सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में भर्ती कराया गया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 296(बी), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### चाकूबाजी में युवक घायल

हनुमानताल थाना अंतर्गत कसाईमंडी में कल रात धक्का लग जाने के विवाद पर एक युवक पर दो लोगों ने चाकू से हमला किया. हमले में घायल युवक को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया. हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुशाहिद की एक्टिवा से केसर आलम उर्फ छोटू व अलताफ अंसारी को धक्का लग गया. जिससे नाराज होकर दोनों ने मुशाहिद पर चाकू से हमला कर दिया. जिसे गंभीर चोट आने पर विक्टोरिया से मेडिकल रेफर कर दिया गया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296(बी), 115(2), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# यातायात सुगम बनाने मंडी मदार टेकरी में हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर आवागमन को बनाया सुगम

**जबलपुर। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से नगर निगम के द्वारा लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। आज भी निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार, जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से मंडी मदार टेकरी से बहोराबाग तक सघन अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाया गया।**

कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त अरविंद शाह एवं अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से ने बताया कि आज कार्रवाई के दौरान नगर निगम के अमले के साथ हनुमानताल, घमापुर और यातायात थाने का भारी पुलिस बल तैनात रहा। दुकानों के बाहर निकले हुए अवैध हिस्सों को तोड़ा गया और फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त भी किया गया। सड़क पर बाधा बन रहे ठेले, टपरों और लावारिस खड़े वाहनों को क्रेन की मदद से जब्त किया गया। कछपुरा क्षेत्र में भी एक पुराने अनधिकृत अतिक्रमण को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि मंडी मदार टेकरी क्षेत्र में लंबे समय से यातायात बाधित होने की शिकायतें मिल रही थीं। व्यापारियों द्वारा फुटपाथ पर सामान फैलाकर विक्रय किया जा रहा था, जिससे आम नागरिकों का पैदल चलना भी दूभर हो गया था। आज की कार्रवाई से मार्ग पूरी तरह खुल गया है और आवागमन सुगम हुआ है। "अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि यदि दोबारा सड़क पर कब्जा किया गया, तो न केवल सामान जब्त होगा बल्कि उन पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा।"

### रात में भी जारी रहेगी निगरानी

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है। रात्रिकालीन अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि रात के समय सड़कों पर खड़े होने वाले वाहनों और ठेलों की वजह से जाम की स्थिति निर्मित न हो। कार्रवाई के समय सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया, श्रीमती एकता रघुवंशी तथा सहायक परिवहन एवं यातायात प्रबंधन अधिकारी दीपेंद्र सिंह रावत, दल प्रभारी एवं कर्मचारीगण लक्षण कोरी, नदीम खान, जोसफ प्रवीण, अंकित पारस, वीरेंद्र मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी, दुर्गा राव, अभिषेक समुद्रे, ब्रज किशोर तिवारी एवं अन्य संबंधित स्टाफ उपस्थित रहे।

# चांदी के तीन रथों एवं 122 पालकी में सवार होकर त्रिलोकी नाथ जब निकले तो श्रद्धा और भक्ति का उत्साह सड़कों पर उमड़ पड़ा



**जबलपुर**। टेलीग्राफ ग्राउंड में बने विशाल पांडाल में रविवार को सूर्योदय के साथ ही बहुत चहलपहल नजर आ रही थी गुणायतन मध्यभारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं स्थानीय प्रचार मंत्री सुवोध जैन कामरेड ने बताया प्रातः6 बजे से मंगलाष्टक के साथ भगवान का अभिषेक एवं शांतिमंत्रों के साथ शांतीधारा प्रारंभ हो गई थी। इस शांतीधारा की सभी बोलियां जीवदया के लिये निर्धारित थी अतः सभी श्रद्धालुओं ने खूब बड़चड़कर भाग लिया तत्पश्चात विधान के समापन पर हवन किया गया एवं तीन चांदी के रथों एवं 122 पालकिओं में शुद्ध बस्त्रधारिओं ने भगवान जिनेन्द्र देव को अपने कांधे पर ले जाकर विराजमान किया इस चल समारोह में तीन ऐरावत हाथी भी चल रहे थे। मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज एवं मुनि श्री संधानसागर महाराज स संघ के साथ विशाल जुलूस प्रारंभ हुआ जो कि गढ़ाफाटक बड़ा फुहारा लार्डगंज थाना सुपर मार्केट, गोलवाजार श्याम टाकीज से डी एन जैन कालेज मार्ग पर पहुंची तो स्थानीय विधायक अभिलाष पांडे एवं भा.जा.पा. के जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने मुनिसंध का स्वागत किया ज्ञातव्य रहे उपरोक्त मार्ग का नया नाम ₹संत प्रमाणसागर महाराज मार्ग₹ घोषित किया जा चुका है। श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज एवं मुनिवर प्रमाणसागर महाराज की जयजयकार करते हुये गगनभेदी नारे लगाये जब तक सूरज चांद रहेगा गुरुदेव आपका नाम रहेगा और विशाल जुलूस रानीताल से होते हुये लगभग पांच किलोमीटर लम्वे राऊंड में लगभग 25 से तीस हजार लोगों ने दर्शन किये। स्थान स्थान पर भगवान जिनेन्द्र देव एवं मुनि श्री की मंगल आरती उतारी गई प्रातः9 बजे से प्रारंभ यह जुलूस तीन घंटे में 12 बजेटेलीग्राफ ग्राउंड के विशाल पांडाल में पहुंचा एवं सभी प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा कि संस्कार धानी जबलपुर वासियों ने सिद्ध कर दिया कि उनके हृदय में गुरुभक्ति का सागर उमड़ पड़ा है₹श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान हमारे जीवन की श्रेष्ठतम आराधना होती है, लेकिन जबलपुर की यह आराधना आराधना न होकर महाआराधना वन गयी उन्होंने कहा कि122 महामंडल की संरचना के साथ सिद्धों की यह आराधना अब तक की पूरे देश में पहली आराधना है,और यह इवारत लिखने का श्रैय संस्कारधानी के युवाओं को जाता है, मुनि श्री ने कहा कि इस वार का जबलपुर का यह प्रवास में आप लोगों ने जो उमंग उल्लास और उत्साह दिखाया है वह बहूत सराहनीय है उन्होंने कहा कि श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की यह महाआराधना आप लोगों ने खूव उमंग उत्साह के साथ पूर्ण की है,उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विधान की आप लोगों ने कल्पना भी नहीं की होगी और सच बतायें तो मुझे भी इस रुप में यह विधान होगा इसकी कल्पना नहीं थी,उन्होंने कहा कि जबलपुर के युवाओं ने उत्साह नहीं बल्कि उत्साह का चरम रुप प्रकट किया है, यही आपकी गुरुभक्ति का श्रेष्ठतम प्रमाण है। विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि जबलपुर के इतिहास में ऐसा पहलीबार हुआ है कि इतना बड़ा समारोह हो गया उन्होंने परम पूज्य गुरुदेव को याद करते हुये मुनि श्री से 17 फरबरी को बड़े फुहारा पर अंग्रेजी तारीख से गुरुजी का द्वतीय समाधी दिवस मनाया जा रहा है,पर मुनिसंध के सानिध्य में मनाने का निवेदन किया विधानाचार्य अभय भैया आदित्य एवं वाल ब्र.अशोक भैया ने सभी मांगलिक क्रियायें संपन्न कराई इस अवसर पर मुनि श्री ने नगरनिगम तथा सभी प्रशासनिक अधिकारियों तथा सभी युवा कार्यकर्ताओं, राष्ट्रीय युवा महासंघ, दि. जैन पंचायत महासभा एवं धर्मप्रभावना समिति एवं भोजन व्यवस्था से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं सभी मंडल पुण्यार्जकों को परिवार सहित आशीर्वाद प्रदान किया कार्यक्रम का संचालन अमित पड़रिया ने किया। सांयकाल शंकासमाधान कार्यक्रम में प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुवोध जैन कामरेड ने सभी स्थानीय पत्रकार बंधुओं का आभार प्रकट करते हुये एक ₹स्मारिका₹ जिसमें सभी स्थानीय समाचार पत्रों की कटिंग शामिल है का विमोचन दि. जैन पंचायत सभा के पदाधिकारियों नै किया जिसमें मुनि श्री के आगमन से लेकर अभी तक के प्रकाशित समाचार शामिल है।




# जीवन की आधारशिला है प्रेम

### आलोक श्रीवास्तव की कृति 'अनजान रिश्ते' का विमोचन संपन्न

**जबलपुर**। "प्रेम जीवन की आधारशिला है प्रेम के बिना सब शून्य है, लेकिन विपरीत आकर्षण का प्रेम असफल होने पर अपना या अपने प्रेमी का जीवन समाप्त कर देना, यह सबसे बड़ी मूर्खता है।" उक्त विचार सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर आलोक श्रीवास्तव 'धीरज' की कृति 'अनजान रिश्ते' उपन्यास के विमोचन समारोह में अतिथियों ने व्यक्त किए।सृजन पथ एवं ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे ने की। सारस्वत अतिथि आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय तिवारी 'किसलय' थे। वक्ताओं ने उपन्यास के मर्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आलोक जी का यह उपन्यास प्रेम के महत्व के साथ जीवन की महत्ता को अभिव्यक्त करते हुए आत्मविश्वास को बढ़ाता है। समारोह का प्रारम्भ अपनी डांस फैमिली द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुआ। सरस्वती वंदना शशि सिंह परिहार द्वारा प्रस्तुत की गई। संयोजक दीपक तिवारी के संचालन में उपन्यास के महत्व पर शरद अग्रवाल, उमेश पिल्लई, सुरेश मिश्रा विचित्र, राजेश पाठक प्रवीण, डॉ. उषा दुबे, अनीता श्रीवास्तव 'तमन्ना' सेवानिवृत्ति एडिशनल कमिश्नर अनिल शुक्ला एवं अपर कलेक्टर प्रशांत श्रीवास्तव ने सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री आलोक का यह उपन्यास जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का सार्थक उपन्यास है। समारोह में डॉ. चंद्रा चतुर्वेदी, अनिल वैद्य, राकेश तिवारी, डॉ. सलमा जमाल, महव जबलपुरी, सलिल तिवारी, मनीष तिवारी, मीना भट्ट, यशोवर्धन पाठक आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पाथेय संस्था, वर्तिका संस्था, मंथनश्री आदि संस्थाओं ने श्री आलोक को सम्मानित किया। आभार डॉ. कामना कौस्तुभ ने व्यक्त किया।

# आईआरसीटीसी ने प्रीमियम टूर पैकेज किया लॉन्च




**जबलपुर**। इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा मध्यप्रदेश के पर्यटकों के लिए एक प्रीमियम अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज 'Europe with UK' लॉन्च किया गया है। यह पैकेज 09 जून 2026 से प्रारंभ होगा। 15 रात एवं 16 दिन की अवधि वाले इस पैकेज में पर्यटकों को यूरोप के प्रमुख देशों की यात्रा कराई जाएगी। इस टूर पैकेज के अंतर्गत यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, बेल्जियम, फ्रांस, स्विट्ज़रलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का भ्रमण शामिल है। यात्रा के दौरान लंदन आई, एफिल टॉवर, लूव्र म्यूज़ियम, माउंट टिटलिस, लुसेर्न झील, राइन फॉल्स, वेटिकन सिटी तथा कोलोसियम जैसे प्रमुख आकर्षणों का अवलोकन कराया जाएगा। पैकेज में रिटर्न एयर टिकट, 3-स्टार होटलों में ठहराव, सभी भोजन, दर्शनीय स्थल भ्रमण, क्रूज़ यात्रा, यूके एवं शेंगेन वीज़ा शुल्क (सामान्य), ट्रैवल इंश्योरेंस तथा IRCTC टूर मैनेजर की सेवाएं सम्मिलित हैं। यह टूर 34 सीटों के साथ संचालित किया जाएगा। यात्रा इंदौर एवं भोपाल से दिल्ली होते हुए प्रारंभ होगी। पैकेज की शुरुआती कीमत 4.77 लाख प्रति व्यक्ति है (टीसीएस अतिरिक्त)। यात्रा की तिथि से कम से कम छह माह वैध पासपोर्ट अनिवार्य है। वीज़ा जारी होना संबंधित दूतावास की स्वीकृति पर निर्भर करेगा।

श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ, समस्त ब्राम्हण संगठन ने की आवाज बुलंद

# विप्रजनों ने 'घूसखोर पंडत' फिल्म का किया विरोध, प्रदर्शन

जबलपुर। श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ रजि. भारत एवं समस्त ब्राम्हण संगठन, विप्र बंधुओं की ओर से मनोज बाजपेई की 'घूसखोर पंडत' फिल्म को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। फिल्म का जबलपुर में भी जमकर विरोध हो रहा है।



जबलपुर ने फिल्म के नाम 'घूसखोर पंडत' को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं कि 'पंडित' शब्द सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण व सम्मानजनक शब्द रहा है जिसे घूसखोर शब्द के साथ जोड़ना सनातन संस्कृति का अपमान है। बयान में साफ तौर पर कहा गया है कि फिल्म के नाम से सिर्फ ब्राह्मणों का ही नहीं, वरन सनातन संस्कृति का अपमान है। श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण जबलपुर ने सभी ब्राह्मण संगठनों से मनोज बाजपेई की आने वाली फिल्म 'घूसखोर पंडित' के विरोध में उठ खड़े होने का आव्हान किया है। इस अवसर पर डॉ. अरूण मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष (नियुक्ति समिति) पं. यदुवंश मिश्रा संभागीय अध्यक्ष, पं. दीपांशु शुक्ला जिला प्रवक्ता, महेश स्थापक, पं. संतोष तिवारी, पं. राम दुबे, कपिल दुबे, पं. के.के. दुबे, पं. सत्यदेव तिवारी, पं. संजय शुक्ला, पं. अरुण तिवारी, पं. बी.एन. दुबे, पं. चन्द्रशेखर शर्मा संभागीय महासचिव, पं. अनिल दुबे, पं. योगेन्द्र मालवीय,मीरा दुबे, भगवती भारद्वाज, वनिता मालवीय, मिथलेश तिवारी, सुनीता तिवारी, रागिनी तिवारी, सुनीता दुबे, आभा तिवारी, अश्वनी दुबे, स्मिता दुबे, मधुबाला दुबे, अनीता शुक्ला, मीनाक्षी (मंजू) तिवारी, संध्या मिश्रा उपस्थित रहे।

## नम्रता विश्वकर्मा बनीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



जबलपुर। सारथी विश्वकर्मा समाज कल्याण सेवा संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर विश्वकर्मा द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्ति की गई है। इस क्रम में नम्रता विश्वकर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा (नारी शक्ति) के पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन की राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा विश्वकर्मा, मुख्य संरक्षक एवं सलाहकार राजबहादुर विश्वकर्मा तथा संगठन महामंत्री राजेश विश्वकर्मा ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए आशा जताई कि नम्रता विश्वकर्मा के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी।



# युवाओं का भविष्य सिर्फ भाजपा में: टेलर

## भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का सिहोरा, गांधीग्राम में हुआ भव्य स्वागत

**सिहोरा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर का सिहोरा,गांधीग्राम में जगह जगह भव्य आत्मीय स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा नेता अंकित तिवारी के नेतृत्व में खितौला तिराहा विजय रेस्टोरेंट के पास सैकड़ों युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी,पुष्प वर्षा कर माला पहनाकर स्वागत किया तथा पारद के पार्थिव शिवलिंग भेंट किए।**

प्रदेशाध्यक्ष टेलर ने कहा युवाओं का भविष्य सिर्फ भाजपा सरकार में ही संभव और सुरक्षित है देश के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 विकसित भारत की परिकल्पना के लिए हर वर्ग हर क्षेत्र हर जाति से युवाओं को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर विधायक संतोष बरकडे,भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल,पूर्व विधायक दिलीप दुबे,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे,जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, नगर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, पवन गुप्ता, राजा मोर, शिशिर पांडे, माधव मिश्रा, महामंत्री राजेश दाहिया, नीलू बाजपेयी, शिशिर पांडे, सुग्रीव श्रीवास, मंझगवा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शरद यादव, सारिका साहू, वर्षा ठाकुर, पद्माकर तिवारी, दिनेश गौतम,अशोक चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेता और युवा मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पुराना बस स्टेंड में स्वागत

पुराने बस स्टेंड में भाजयुमो के जिला मंत्री पलाश दुबे के नेतृत्व में युवाओं ने स्वागत किया तथा गंद भेंट किया।इस अवसर पर विधायक संतोष बरकडे,राजा मोर,माधव मिश्रा,आयूष सेठी,चीकू तिवारी, बिट्टू दुआ, अभिषेक परौहा,भालू चौरसिया,सौरभ गोटिया, आदित्य पटेल, रोहित यादव, अनेक तिवारी, वरुण खत्री आदि उपस्थित थे।

### गांधीग्राम में राजमणि बघेल ने किया स्वागत

गांधीग्राम में नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के नेतृत्व में अनेक युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा महामंत्री श्रीकांत परिहार,राजशेखर त्रिपाठी,भाजपा वरिष्ठ नेता गजराज सिंह बघेल,गोविंद राय ,संजय सिंह,के के दुबे,विज्ञान सिंह,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश जैन,राहुल तंतुवाय,मोंटी दुबे,अमित सिंह परिहार,अर्पित चौबे,कपिल पटेल,विपिन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# कैंप में अनुशासन और सेवा भावना का दिया संदेश

**मझौली। शासकीय महाविद्यालय मझौली में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा ग्राम खबरा में किया गया। जिसमें प्रथम दिवस में राष्ट्रीय सेवा भावना के साथ शुरू किया गया व स्वच्छता पर ग्राम पंचायत खबरा को छात्र-छात्राओं ने संदेश दिया। द्वितीय दिवस में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पोस्टर बनाए गए व ग्रामजनो को जागरूक किया गया प्राथमिक विद्यालय खबरा के छात्रों को स्वच्छता के महत्त्व को बताया गया।**




सत्र के तृतीय दिवस में सामूहिक रैली ग्राम खबरा में निकाली गई, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण मतदाता जागरूकता के नारे लगाए गए। चतुर्थ दिवस में ग्राम के बड़े तालाब जाकर छात्र-छात्राओं ने सिंघाड़े की खेती करना, कमल से मखाना कैसे बनता है, वह मछली पालन, बतख पालन आदि के बारे में विस्तार से जाना। पांचवें दिन क्षेत्र के विधायक अजय बिश्नोई द्वारा कैंप में आकर छात्र-छात्राओं को अनुशासन और सेवा भावना की महत्वपूर्ण जानकारी दिए। सत्र के छठवें दिन एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणजनों को नशा से मुक्ति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। साथ ग्राम खबरा के मां रेवा वेयरहाउस जाकर फसल संरक्षण के बारे में जाना व जैविक खेती के अंतर्गत ऊषा ऑर्गेनिक फार्म में जाकर प्राकृतिक रूप से गन्ने से गुड़ उत्पादन के बारे में जाना। शिविर के अंतिम दिवस में ग्राम खबरा के वरिष्ठ जनों से जीवन के विषय में बौद्धिक चर्चा की। व छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया। उक्त शिविर में सात दिवस के दौरान माननीय विधायक अजय विश्नोई, राजेंद्र चौरसिया, दिनेश चौरसिया ,रमेश झारिया, ग्राम पंचायत सरपंच ज्योति सुरेंद्र रैकवार, महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्ष हेमंत मिश्रा, मुकेश सेन, ग्राम सचिव ब्रजेश सिंह, सहायक सचिव अनिल पटेल, बीडीसी संगीता रामसुजान झारिया, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भजनलाल प्रधान,वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ भरतेश भारील,एनएसएस प्रभारी डॉ आमोद कस्तवार एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण वह स्टाफ आदि ने सात दिवसीय शिविर में गरिमामई उपस्थिति दी, सभी अतिथियों ने सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी।

## नगर विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक संपन्न



**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला जबलपुर विकास खंड पाटन की पाटन नगर विकास प्रस्फुटन समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समन्वयक श्री घनश्याम रायपुरिया ने समिति सदस्यों से आगामी कार्यक्रमों हेतु चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकास खंड समन्वयक ने सभी सदस्यों को करणीय कार्यों के बारे में जानकारी दी। समिति के अध्यक्ष पवन बर्मन ने पिछले दिनों किए गए कार्यों की जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में परामर्श दाता श्री रामराजा यादव श्री कामता प्रसाद सेन श्रीमती प्रियंका जैन श्री कमल झारिया श्री यशवंत सेन सहित नवांकुर संस्था प्रतिनिधि उमाकांत यादव एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# मेक्सिलोफेशियल सर्जरी पर 28वीं राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

**जबलपुर। 28वीं राष्ट्रीय कार्यशाला मेक्सिलोफेशियल सर्जरी का समापन इंडियन एकेडमी ऑफ मेक्सिलोफेशियल सर्जरी के तत्वावधान में हितकारिणी डेन्टल कॉलेज एवं जबलपुर हॉस्पिटल द्वारा आयोजित सर्जिकल वर्कशॉप में 08 फरवरी को तीन ऑपरेशन सम्पन्न हुए। वर्कशॉप संयोजक डॉ. राजेश धीरावाणी ने बताया कि अमेरिका से पधारे डॉ. घाली एवं डॉ. रॉस ब्रॉकमेन ने मुख कैंसर से ग्रसित मरीज 53 वर्षीय कटंगी जबलपुर से, जिनका मुंह पूर्ण रूप से बंद हो गया था उनके मुख कैंसर का ऑपरेशन किया जिसमें हाथ की कलाई से मांस निकाल कर (रेडियल फोर आर्म फ्लेप) गाल एवं होंठों को बनाया गया एवं मुँह पूर्ण रूप से खोला गया।**



माईकोवेस्कुलर सर्जरी में डॉ. अंकित शर्मा एवं डॉ. सुमित असरानी का एवं निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. प्रतिभा जैन का पूर्ण सहयोग रहा। आयोजन अध्यक्ष डॉ. गुंजन दुबे एवं सचिव डॉ. संयोग पाठक ने बताया कि अन्य दो मरीजों में पेरोटिड ट्यूमर एवं सबम्यूकस फाईब्रोसिस (ज्यादा सुपारी, तम्बाखू खाने से होने वाले रोग) का ऑपरेशन डॉ. राजेश धीरावाणी, डॉ. श्रीवास्तव एवं डॉ. अजय कुमार द्वारा सम्पन्न हुआ। हितकारिणी सभा के बाबू विश्व मोहन एवं जबलपुर हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रकाश धीरावाणी ने इस अवसर पर जानकारी दी कि बचे हुए ऑपरेशन सोमवार से लगातार जबलपुर हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर में सम्पन्न होंगे। इस अवसर पर प्रोफेसर जे.एन. खन्ना द्वारा लिखित एवं केम्ब्रिज प्रेस लन्दन से प्रकाशित "टेम्पोरोमेन्डिबल जॉन्ट के रोगों, निदान एवं उपचार" पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। यह पुस्तक इस विषय पर विश्व में प्रथम पुस्तक है जिसके कुछ चेप्टरों का लेखन जबलपुर के मैक्सिलोफेशियल सर्जन एवं हितकारिणी डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. राजेश धीरावाणी द्वारा भी किया गया है। इस अवसर पर दिल्ली से पधारे दंत चिकित्सा कमीशन के अध्यक्ष ले. जनरल डॉ. एस.के. साहू ने भी पेनफेशियल ट्रॉमा पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया एवं आयोजन की सफलता पर अपनी ओर से एवं परिषद की ओर से बधाईयाँ प्रेषित कीं।

# पंचम यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर।** शुभ विवाह विप्र समाज संस्था के द्वारा प्रतिवर्ष होने वाले यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम 06 फरवरी 2026 को पचमठा मंदिर परिसर गढ़ा रोड जबलपुर में 32 बटुकों का पूर्ण विधि-विधान के साथ आचार्य पंडित रामफल शुक्ल के द्वारा संपन्न हुआ, जिसमें गोवा, महाराष्ट्र, रीवा, कटनी, डिंडौरी, सिवनी, मंडला, पन्ना, जबलपुर आदि स्थानों से आए हुए अभिभावकगणों ने अपने-अपने बटुक बालकों के यज्ञोपवीत संस्कार करवाए। पंडित रामाधार प्यासी ने सभी के तन, मन, धन से किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामाधार प्यासी, उपाध्यक्ष पं. महेंद्र कुमार पांडेय, सचिव पंडित विभव त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पंडित किशोर कुमार तिवारी, संध्या प्यासी, हर्षिता प्यासी, शुभांगी प्यासी, श्रीनगर पंडित सभा जबलपुर के अध्यक्ष पंडित रमेश दुबे, महामंत्री आचार्य पंडित संतोष शास्त्री, मुकेश कुमार शुक्ला, रश्मि तिवारी, रिचा दुबे आदि की उपस्थिति रही एवं सहयोग प्राप्त हुआ।



**श्रीमती राधा यादव** - हाथीताल कॉलोनी निवासी श्रीमती राधा यादव का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अरुण, मनोज एवं धर्मेंद्र यादव की माँ और अंश, ध्रुव यादव की दादी थी। अंतिम यात्रा निज निवास स्थान से दोपहर 1 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम प्रस्थान करेंगी।

**श्री नीरज श्रीवास**- संजय नगर अधारताल निवासी श्री महावीर श्रीवास के पुत्र श्री नीरज श्रीवास (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरविंद नामदेव**- आमनपुर मदनमहल निवासी श्री अरविंद नामदेव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ओमशांति पाण्डेय**- राजुल एक्जाटिका कजरवारा निवासी श्री जगमोहन पाण्डेय की धर्मपत्नी श्रीमती ओम शांति पाण्डेय (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र गुप्ता**- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री चंद्रशेखर गुप्ता के पुत्र श्री सुरेंद्र गुप्ता (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम सुरेश सिंह**- माडल टाउन बिलहरी निवासी श्री राम सुरेश सिंह (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा वर्मा**- कांचघर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राजकुमार वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती आशा वर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोर जाट**- पूर्वी बेलबाग कंजड़ मोहल्ला निवासी श्री किशोर जाट (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया

**श्रीमती रमन अग्निहोत्री**- परसवारा गौर निवासी श्री अशोक अग्निहोत्री की धर्मपत्नी श्रीमती रमन अग्निहोत्री (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हुब्बी लाल प्रजापति**- बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री हुब्बी लाल प्रजापति (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उर्मिला लखेरा**- कटरा अधारताल निवासी श्री अनिल कुमार लखेरा की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला लखेरा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सचिन कुमार ग्रांवकर**- बेलबाग कंजड़ मोहल्ला निवासी




श्री लेखराज ग्रांवकर के पुत्र श्री सचिन कुमार ग्रांवकर (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भीम**- रामपुर चौधरी मोहल्ला निवासी श्री भीम (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामजी सेन**- साहू मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री रामजी सेन (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री इतवीर सिंह रावत**- रांझी बड़ा पत्थर निवासी श्री इतवीर सिंह रावत (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवींद्रनाथ सेठ**- श्याम अपार्टमेंट ब्यौहारबाग निवासी श्री रवींद्रनाथ सेठ (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती उत्तरा देवी**- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री रामशरण लाल की धर्मपत्नी श्रीमती उत्तरा देवी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली बाई**- भटौली गौरीघाट निवासी श्री जिया लाल की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री विजय कुमार शर्मा**- गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री विजय कुमार शर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्र कुमार चौधरी**- गली नं. 2 पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर के पास निवासी श्री बृजलाल चौधरी के पुत्र श्री चंद्र कुमार चौधरी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार गुलाटी**- पंचशील नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री सुरेश कुमार गुलाटी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
संपर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वंशज, उत्तराधिकारियों की बैठक संपन्न

# नवीन पंजीयन सदस्यता अभियान का हुआ श्रीगणेश

**जबलपुर।** जबलपुर शहर जिला ग्रामीण एवं शहरी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशजों, उत्तराधिकारियों, परिजनों की बैठक 08 फरवरी को गांधी भवन टाउन हॉल प्रांगण में वरिष्ठ सदस्य एड. प्रकाश गोलछा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया गया। बताया गया स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी के निर्देशन में जबलपुर शहरी एवं ग्रामीण के कर्मठ उत्तराधिकारियों को संगठन एवं प्रकोष्ठ में सदस्यता अभियान में जोड़ा जाएगा और जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं शहरी नगर अध्यक्ष की कार्यकारिणी में सेनानी परिवार के उत्तराधिकारी वंशजों को महत्वपूर्ण पदों का मनोनयन भोपाल मुख्यालय से शीघ्र ही सूची जारी की जाएगी।



सूची के लिए वंशज उत्तराधिकारियों के आधार कार्ड की फोटो कॉपी व दो-दो पासपोर्ट साइज की फोटो प्रभारी केशव प्रसाद चौरसिया के पास जमा कराई जा रही है। बैठक में मनोज नामदेव, राजेन्द्र रज्जू सराफ, ओमप्रकाश जायसवाल, ओम शर्मा, गुरुप्रसाद नीखरा, प्रीति चौधरी, मदन मोहन राय, निर्मलचंद जैन, अनिल उसरेठे, आशा मालवीय, अलकेश गुप्ता, अशोक यादव, श्याम सोलंकी, केशवप्रसाद चौरसिया, एड. एसके चोहटेल, विजय कुमार कुरारिया, किरण शर्मा, पवन सोनी, शिव मंगल यादव, अंशित सोनी सहित अन्य उत्तराधिकारी वंशजों ने सुझाव रखे एवं केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारी वंशजों को मिलने वाली सुविधाएं, योजनाओं का लाभ जो बंद किया गया है, उसे पुनः लागू करने सहित अनेक बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक का संचालन प्रीति चौधरी ने किया, अंत में राष्ट्रगान से समापन किया गया।

# इल्म से जीवन रोशन करो, इल्म को लिबास बनाओ दीनी और दुनिया तालीम जरूरी: सैय्यद हसन असकरी

## दारुल उलूम अहले सुन्नत का 53वां दीक्षांत समारोह संपन्न

**जबलपुर।** मंडी मदार टेकरी स्थित इस्लामी शिक्षा केंद्र दारुल उलूम अहले सुन्नत में मंगलवार रात 53वां वार्षिक दीक्षांत समारोह (जश्ने दस्तारबंदी) संपन्न हुआ। शबे-बारात के मौके पर 28 छात्रों को आलिम, हाफिज़ और क़ारी की सनद और दस्तार पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सरपरस्ती फ़ाज़िले बग़दाद व जानशीन मोहद्दिस-ए-आज़म अमीरे मिल्लत व सूफ़ीये हिन्द हज़रत अल्लामा सैय्यद हसन असकरी मियां ने की। मुंबई से जानशींने बाबा-ए-मिल्लत हज़रत सूफी फ़ारुख़ लकड़वाला और हज़रत सैय्यद मुहियुद्दीन अशरफ की इनायत से निज़ामत की जिम्मेदारी हज़रत अल्लामा सैय्यद अबरार अशरफी आनन्द (गुजरात) ने संभाली। हुज़ूर बाबा ऐ मिल्लत र.अ. गुल बाबा हुज़ूर की रूहानी से लबरेज जलसे में सैय्यद हसन असकरी मियां ने अपनी तक़रीर में मुख्य रूप से कहा- इल्म से अपना जीवन रोशन करो। इल्म को अपना लिबास बना लो। दुनिया और आख़िरत में कामयाबी सिर्फ़ इल्म और उस पर अमल करने से मिलेगी।



मुसलमानों के लिए दीनी तालीम के साथ-साथ दुनिया तालीम हासिल करना बेहद जरूरी है। इससे मुसलमानों के हालात बदलेंगे और देश भी मजबूत होगा। कार्यक्रम में रहबरे शरीयत हाफिज़ पीर नवाज़ पूना, हज़रत अल्लामा अली हसन चित्रकूट, और ख़तीब-ए-महाराष्ट्र हाफिज़ पीर नवाज़ साहब नूरानी ने भी नूरानी तक़रीरें पेश कीं। सैय्यद नौशाद अशरफ, शाहिर अशरफी लहसुई और मो. सिराज अशरफी किछौछवी ने नात-ए-पाक पढ़ा। समारोह के अंत में मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की गई।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार महोदय, तहसील अधारताल, जबलपुर**
**रा.प्र.क्र.4297/अ-6/2025-26**
**जबलपुर, दिनांक 28/01/2026**
**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमति रेशमा बानो पति स्व. श्री मोहम्मद खलील अहमद अंसारी, निवासी मकान नं. 574 / 1096, मसीमाबाद, चार खम्बा, मोती नाला रोड़, वार्ड नं. 59. शहीद अशफाक उल्ला, जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा कुदवारी के खसरा नं. 15/2, रकवा 1200 वर्गफुट भूमि पर दर्ज भूमिस्वामी मोहम्मद खलील अहमद अंसारी पिता लाल मोहम्मद अंसारी, निवासी 1096, नसीमाबाद, चार खम्भा मोतीनाला, जबलपुर के फौत दिनांक 01/04/2025 पश्चात उनके एकमात्र वारिस पत्नि/ आवेदिका श्रीमति रेशमा बानो पति स्व. श्री मोहम्मद खलील अहमद अंसारी, निवासी जबलपुर है, का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 13/02/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक-28/01/2026**
**पेशी दिनांक-13/02/2026**

सील
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

## खबर संक्षेप

### एलएंडटी मार्च अंत तक डेटा सेंटर की क्षमता बढ़ाएगा





**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने मार्च के अंत तक 18 मेगावाट की डेटा सेंटर क्षमता चालू करने की योजना बनाई है, जिससे चालू वित्त वर्ष के अंत तक इसकी कुल परिचालन क्षमता 32 मेगावाट हो जाएगी। डेटा सेंटर के लिए कुल पूंजीगत व्यय लगभग 1,000 करोड़ रुपये है।

### सीमेंस का लाभ 26 फीसदी घटकर 269 करोड़ रहा




**नई दिल्ली।** सीमेंस लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ लगभग 26 प्रतिशत घटकर 269 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी के लाभ में यह गिरावट विदेशी मुद्रा में हुए नुकसान और नए श्रम कानूनों के लागू होने के एकमुश्त प्रभाव के कारण आई। सीमेंस लिमिटेड ने 2024-25 की तीसरी तिमाही के वित्त परिणामों की जानकारी दी।

### डिश टीवी का घाटा बढ़कर 276.23 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** डीटीएच सेवा प्रदाता डिश टीवी इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 276.23 करोड़ रुपये हो गया। डिश टीवी ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि एक साल पहले की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उस 46.54 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

### श्री सीमेंट का लाभ 38 फीसदी बढ़कर 267 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** श्री सीमेंट लिमिटेड ने बताया कि लागत प्रबंधन और प्रीमियम उत्पादों पर विशेष ध्यान देने की वजह से दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 38.16 प्रतिशत बढ़कर 267.65 करोड़ रुपये हो गया। श्री सीमेंट ने शेयर बाजार को बताया कि उसने एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 193.72 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### जेएलआर को हुआ 31 करोड़ पाउंड का घाटा



**नई दिल्ली।** साइबर हमले की घटना के कारण उत्पादन में आई रुकावट से प्रभावित हुई जगुआर लैंड रोवर को चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 31 करोड़ पाउंड का घाटा हुआ। टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 52.3 करोड़ पाउंड का लाभ कमाया था।

### कल्याण ज्वेलर्स के मुनाफे में 90 फीसदी का इजाफा




**मुंबई।** कल्याण ज्वेलर्स इंडिया ने बताया कि उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 90.36 प्रतिशत बढ़कर 416.29 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्तवर्ष की इसी तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 218.68 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी का परिचालन से होने वाला राजस्व 42.11 प्रतिशत बढ़कर 10,343.41 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 7,278.09 करोड़ रुपये था। वित्तवर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान अंतरराष्ट्रीय परिचालन से कुल राजस्व में 38 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

# टेस्ला को लगा तगड़ा झटका, 88 प्रतिशत कम हुई सेल, जनवरी में बिकीं 83 कारें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एलन मस्क की टेस्ला से ग्राहक रूठ गए हैं। जनवरी 2026 के सेल्स आंकड़े यही बता रहे हैं। यूरोपियन मार्केट में टेस्ला सेल्स के मामले में बैकफुट पर है। इसका प्रभाव अब ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर के कुछ सबसे बड़े मार्केट्स में दिखने लगा हैं। यूरोप में खासतौर से नॉर्वे टेस्ला का एक सबसे मजबूत और बड़ा मार्केट माना जाता था।

- नार्वे टेस्ला का सबसे मजबूत और बड़ा मार्केट था अब पकड़ से बाहर

टेस्ला की अब यहां भी पकड़ ढीली होती दिख रही है। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 के नए रजिस्ट्रेशन आंकड़ों से पता चलता है कि टेस्ला मॉडल वाई की 62 यूनिट्स की बिक्री हुई, जो कुल नई कार बिक्री का 2.8 प्रतिशत है। पूरी रेंज में टेस्ला ने 83 यूनिट्स सेल किए, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 88 प्रतिशत कम है।

## यूरोपीयन मार्केट में टेस्ला सेल्स के मामले में बैकफुट पर

### वीडब्ल्यू की आईडी-3 सबसे आगे

टेस्ला की प्रतिद्वंद्वी कंपनियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जिनमें फॉक्सवैगन आईडी-3 299 यूनिट्स की बिक्री के साथ सबसे आगे है और यह टेस्ला से लगभग 5 गुना अधिक है। टेस्ला को भले ही चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन नॉर्वे में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार अभी भी अच्छा है। पिछले महीने नॉर्वे में बिकने वाले सभी नए वाहनों में से 94 प्रतिशत ईवी थे। डीजल वाहनों की बिक्री मात्र 98 रही और पूरे देश में केवल 7 पेट्रोल कारों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जो अब तक का सबसे कम आंकड़ा है।



### स्पेन और इटली में टेस्ला का जलवा

नॉर्वे में टेस्ला को भले ही मुश्किलों का सामना करना पड़ा हो, लेकिन चुनिंदा यूरोपीय बाजारों में इसकी सेल में बढ़ोतरी हुई है। स्पेन की बात करें, तो यहां सेल 70 प्रतिशत बढ़कर 456 यूनिट तक पहुंच गई। इसके अलावा, इटली में बिक्री 75 प्रतिशत बढ़कर 713 यूनिट हो गई, स्वीडन में यह 26 प्रतिशत बढ़कर 512 यूनिट और डेनमार्क में 3 प्रतिशत इजाफे के साथ 458 यूनिट रही। सेल में इस उछाल की वजह मॉडल 3 और मॉडल वाई के हाल ही में लांच किए गए बजट-फ्रेंडली और सिंप्लिफाइड वर्जन से जुड़ा है।

### भारत में सेल बढ़ाने कई ऑफर

इन स्टैंडर्ड मॉडल्स को टेस्ला के पुराने प्रोडक्ट लाइन को पुनर्जीवित करने के लिए पेश किया गया था, जिसे नए और अधिक इनोवेटिव राइवल्स से पिछड़ने के लिए बढ़ती आलोचना का सामना करना पड़ रहा था। भारतीय बाजार की बात करें, तो मॉडल वाई की सेल बढ़ाने के लिए कई स्कीम ऑफर कर रही है, जिसमें एक आईसीई व्हीकल के बदले 3 लाख रुपए तक का एक्सचेंज बोनस भी शामिल है।

## भारत-अमेरिका समझौते पर उद्योगों की मिश्रित प्रतिक्रिया

# उद्योगों को सोयाबीन तेल, पशु आहार में शुल्क कटौती पर स्पष्टता का इंतजार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर खाद्य तेल और सोयाबीन प्रसंस्करण उद्योग ने मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उद्योग को शुल्क कटौती, कोटा तंत्र और गुणवत्ता विशिष्टताओं पर महत्वपूर्ण विवरणों का इंतजार है।

समझौते के तहत, अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत अमेरिका के औद्योगिक सामानों और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क को खत्म या घटा देगा। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि भारत की सोयाबीन तेल आयात पर भारी निर्भरता को देखते हुए समझौते का असर महत्वपूर्ण हो सकता है।

### भारत ने रिकॉर्ड सोयाबीन तेल आयात किया

खाद्य तेल वर्ष 2024-25 (नवंबर-अक्टूबर) के दौरान, भारत ने रिकॉर्ड 54.7 लाख टन सोयाबीन तेल आयात किया, जो मुख्य रूप से अर्जेंटीना और ब्राजील से आया था और इसका अधिकांश हिस्सा जैविक रूप से संशोधित था। वर्तमान में भारत अमेरिका से केवल 1.5 लाख से दो लाख टन सोयाबीन तेल आयात करता है, जिस पर 16.5 प्रतिशत शुल्क लगता है।





- शुल्क कटौती, कोटा तंत्र व गुणवत्ता विशिष्टताओं पर विवरण का इंतजार
- शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 फीसदी किया जाएगा
- सोयाबीन तेल के आयात पर भारी निर्भरता को देखते समझौता महत्वपूर्ण

### पशु आहार की अतिरिक्त आपूर्ति बढ़ेगी

एसईए अधिकारी ने कहा कि पशु आहार के शुल्क मुक्त आयात से देश में मवेशी और पोल्ट्री क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त आपूर्ति बढ़ेगी। भारत इस समय लगभग 75 लाख से 80 लाख टन डिस्टिलर्स' ड्राइड ग्रेन्स (डीडीजीएस) का उत्पादन करता है, जो मक्का और चावल का उप-उत्पाद है और सोया तथा रैपसीड मील की जगह लेता है।

### घरेलू उत्पादन व कीमतों पर असर पड़ेगा

मेहता ने चेतावनी दी, /"अमेरिकी डीडीजीएस की आपूर्ति से घरेलू उत्पादन और कीमतों पर असर पड़ेगा, जिससे घरेलू प्रसंस्कर्ताओं पर प्रभाव पड़ेगा।/" सोयाबीन प्रसंस्करण उद्योग संघ (एसओपीए) के कार्यकारी निदेशक डी एन पाठक ने एक और चिंता व्यक्त की कि भारत ने अभी तक जैविक रूप से संवर्धित डीडीजीएस को मंजूरी नहीं दी है।

### अमेरिकी सोयाबीन तेल अधिक महंगा होता है

*इसमें 10 प्रतिशत बुनियादी कस्टम शुल्क, पांच प्रतिशत कृषि उपकर और 1.5 प्रतिशत शिक्षा उपकर शामिल हैं। एसईए के कार्यकारी निदेशक बीवी मेहता ने कहा, /"अमेरिका से आने वाला सोयाबीन तेल भारत के लिए सामान्यतः प्रति टन 30-40 अमेरिकी डॉलर अधिक महंगा होता है, साथ ही अतिरिक्त लॉजिस्टिक लागत भी होती है, इसलिए शुल्क में कमी का फायदा भारतीय आयातकों को कम मिलेगा।/"*

### सोयाबीन तेल के आयात पर कोई नीति स्पष्ट नहीं

*यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी सोयाबीन तेल को कोटा आधारित तरीके से बिना किसी मूल सीमा शुल्क के अनुमति दी जाएगी और क्या 6.5 प्रतिशत कृषि और शिक्षा शुल्क से छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा, हमें यह देखना होगा कि क्या शुल्क को घटाया या समाप्त किया जाएगा।/"*

# तिमाही नतीजे इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- मुद्रास्फीति के आंकड़े, वैश्विक रुझान भी डालेंगे प्रभाव
- वैश्विक रुझानों से विदेशी निवेशकों की गतिविधियां तय होगी

विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा मुद्रास्फीति के आंकड़ों, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। इसके अलावा, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और तीसरी तिमाही के नतीजे भी सप्ताह के दौरान बाजार को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण घरेलू और वैश्विक कारक मौजूद हैं। भारत में, निवेशक 12 फरवरी को आने वाले खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों और 13 फरवरी को आने वाले विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। मिश्रा ने आगे कहा, ''तिमाही नतीजे भी आ रहे हैं, जिसमें टाइटन कंपनी और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी प्रमुख कंपनियों के परिणाम इस सप्ताह आने हैं। वैश्विक स्तर पर, प्रतिभागी अमेरिकी आंकड़ों और हालिया गिरावट के बाद नैस्डैक कंपोजिट के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे।''

### बाजार सुदढ़ीकरण चरण में पहुंचा

ऑनलाइन कारोबारी मंच एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, ''आम बजट 2026-27 और आरबीआई के मौद्रिक नीति निर्णयों के प्रभाव के बाद भारतीय इक्विटी बाजार अब एक सुदृढ़ीकरण चरण में प्रवेश कर गए हैं। अब निवेशकों का ध्यान पूंजीगत व्यय के निष्पादन और वास्तविक खर्च की गति पर केंद्रित हो गया है।''

# सरकारी बैंकों का मुनाफा दो लाख करोड़ के पार जाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की बेहतर स्थिति से उत्साहित वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने भरोसा जताया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में इन बैंकों का संयुक्त मुनाफा दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाना चाहिए।



- वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने जताया भरोसा
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के अच्छी स्थिति में होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस साल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत और जमा वृद्धि 10 प्रतिशत है, जो काफी उत्साहजनक है।उन्होंने कहा, ''बैंक अर्थव्यवस्था की मजबूती के संकेत हैं। इसलिए, वे लचीले हैं। हमारे पास नियामक आरबीआई के तहत बहुत ही विवेकपूर्ण प्रबंधन प्रणाली मौजूद है। इसलिए हम अपने बैंकिंग क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाले बाहरी कारकों के बारे में बहुत चिंतित नहीं हैं।'सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की लाभप्रदता के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, ''इस साल (चालू वित्त वर्ष) हम दो लाख करोड़ रुपये को पार कर जाएंगे। हमने पहली छमाही में ही लगभग एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लिया है... मुझे लगता है कि हम दो लाख करोड़ रुपये को पार कर जाएंगे।''

### पीएसबी में एफडीआई बढ़ाने पर विचार

वित्त मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत करने पर विचार कर रहा है। इस पर नागराजू ने कहा, ''हम अभी भी विचार कर रहे हैं, और एफडीआई सीमा को 49 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए अंतर-मंत्रालयी परामर्श जारी है।''

# नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आईपीओ को निदेशक मंडल से मंजूरी




**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निदेशक मंडल ने अपने बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंजूरी दे दी। यह निर्गम पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा और इसमें नया निर्गम शामिल नहीं होगा। यह निर्णय बाजार नियामक सेबी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने के कुछ ही समय बाद आया है। इसके साथ ही एक दशक से अधिक की देरी के बाद एक्सचेंज के लिए अपनी सूचीबद्धता योजनाओं को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है। एक बयान के मुताबिक, निदेशक मंडल की बैठक में आईपीओ प्रक्रिया को पूरा करने के लिए गठित समिति के पुनर्गठन को भी मंजूरी दी गई। पुनर्गठित समिति की अध्यक्षता गैर-स्वतंत्र निदेशक तबलेश पांडेय करेंगे।

# आईपीओ लाने की तैयारी में फोनपे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




वॉलमार्ट समर्थित फिनटेक दिग्गज फोनपे अप्रैल में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी की योजना भारत के डिजिटल भुगतान बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ-साथ वित्तीय सेवाओं और नए उपभोक्ता मंचों के क्षेत्र में विस्तार करने की है।

- कारोबार और नए मंच के जरिए विस्तार पर नजर
- डिजिटल भुगतान बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना चाह रहा

कंपनी ने अपने मसौदा दस्तावेजों (डीआरएचपी) में उल्लेख किया है कि डिजिटल भुगतान ही उसकी प्रगति का प्रमुख स्रोत बना रहेगा। इसके विस्तार के लिए कंपनी अपने उपभोक्ता आधार, संभावित बाजार और मंच के कार्यक्षेत्र को व्यापक बनाने हेतु पूंजी लगाने की योजना बना रही है। उद्योग के अनुमानों का हवाला देते हुए कंपनी ने कहा कि भारत में डिजिटल उपभोक्ता भुगतान का कुल संभावित बाजार वित्त वर्ष 2025 में 301 लाख करोड़ रुपये था, जिसके वित्त वर्ष 2030 तक बढ़कर 602-681 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

*सेबी से आईपीओ के लिए मिल चुकी मंजूरी : कंपनी को जनवरी में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आईपीओ के लिए मंजूरी मिल गई थी। फोनपे अपने वित्तीय सेवा वितरण व्यवसाय, जैसे ऋण और बीमा का भी विस्तार कर रही है। राजस्व के स्रोतों में विविधता लाने के लिए कंपनी अपने धन प्रबंधन मंच 'शेयर.मार्केट' और स्वदेशी ऐप स्टोर 'इंडस ऐपस्टोर' जैसे नए मंचों पर भी पूंजी निवेश कर रही है।*

## हिंदुस्तान जिंक ने प्रोटोटाइप बैटरी विकसित की ...




**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने कहा कि उसने जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (जेएनसीएएसआर) के सहयोग से बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के लिए ''जिंक-आयन बैटरी पाउच सेल प्रोटोटाइप'' विकसित किया है।

कंपनी के अनुसार, यह विकास ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों में भारत के स्वदेशी अनुसंधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान में कहा गया कि जस्ता (जिंक) संसाधनों की प्रचुरता, कम लागत और व्यापक उपलब्धता के कारण जिंक-आयन बैटरियां स्थिर ऊर्जा भंडारण के लिए एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही हैं।

# भारत करेगा रूसी तेल की खरीद में कटौती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ व्यापार शुल्कों में कटौती के बदले हुए समझौते के तहत भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि, नायरा एनर्जी जैसी तेल शोधनशालाओं (रिफाइनरी) के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात फिलहाल पूरी तरह बंद नहीं होंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को भारत से होने वाले सभी आयातों पर 25 प्रतिशत के दंडात्मक शुल्क को रद्द करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि यह कदम नयी दिल्ली की उस प्रतिबद्धता के बाद उठाया गया है, जिसमें रूस से तेल आयात रोकने की बात कही गई है। मामले की जानकारी रखने वाले तीन सूत्रों ने बताया कि हालांकि तेल शोधनशालाओं को रूस से खरीद रोकने का कोई औपचारिक निर्देश नहीं मिला है, लेकिन उन्हें अनौपचारिक रूप से मॉस्को से खरीद कम करने की सलाह दी गई है।

# कम रिटर्न व महंगाई से अब भारतीयों का एफडी से छूटा मोह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कई सालों से भारतीय परिवार अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), सोना और बचत जैसे पारंपरिक तरीकों पर भरोसा करते आए हैं। इनमें रिटर्न और जोखिम दोनों काफी हद तक तय रहते थे, जिससे प्लानिंग आसान होती थी। लेकिन अब एक चुपचाप बदलाव दिख रहा है।

परिवार ऐसे निवेश विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं जिनमें रिटर्न ज्यादा हो सकता है, भले ही जोखिम भी ज्यादा हो। म्यूचुअल फंड, शेयर और डिजिटल प्लेटफॉर्म अब सिर्फ एक्सपर्ट्स तक सीमित नहीं रहे। आम परिवार भी सोच-समझकर जोखिम ले रहे हैं और असल वित्तीय सुरक्षा को नए नजरिए से देख रहे हैं।

### एफडी से म्यूचुअल फंड की ओर

पीढ़ियों से एफडी भारतीय घरों की पसंद रही है। कम जोखिम, तय रिटर्न. लेकिन समस्या ये है कि एफडी का रिटर्न अक्सर महंगाई से कम रहता है, जिससे लंबी अवधि में संपत्ति नहीं बन पाती। अब लोग बेहतर रिटर्न के लिए म्यूचुअल फंड चुन रहे हैं। जैसे एक आईटी प्रोफेशनल पहले 3 लाख रुपए 7% एफडी में रखते थे। करीब दो साल पहले उन्होंने हर महीने 8,000 हजार इक्विटी म्यूचुअल फंड में लगाना शुरू किया। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्हें सालाना करीब 13% रिटर्न मिला एफडी से कहीं बेहतर।

### सिप का बढ़ता चलन

सिप ने निवेश का तरीका बदल दिया है। दिल्ली के एक मार्केटिंग प्रोफेशनल ने तीन साल पहले 5,000 रुपए की सिप शुरू की। बाजार के उतार-चढ़ाव के बावजूद आज उनका पोर्टफोलियो 2 लाख रुपए से ज्यादा का है बचत खाते से कहीं बेहतर।




### शेयर बाजार को अपनाना

पहले शेयर बाजार को बहुत जोखिम भरा माना जाता था। अब सोच बदल रही है। मुंबई के एक दंपती, जो पहले सोना और एफडी में निवेश करते थे, उन्होंने पिछले साल बड़ी कंपनियों के शेयर खरीदे। रोजाना उतार-चढ़ाव के बावजूद उनके पोर्टफोलियो में करीब 15% बढ़त आई।

### पारंपरिक निवेश से आगे

अब लोग सोना और रियल एस्टेट के साथ-साथ इंटरनेशनल फंड और ईटीएफ जैसे विकल्प भी जोड़ रहे हैं, ताकि जोखिम बंटे और ग्रोथ बढ़े। अब जोखिम से पूरी तरह बचने की बजाय, उसे ग्रोथ का साधन माना जा रहा है। परिवार अपने निवेश पर नजर रखते हैं, बदलाव करते हैं और ज्यादा जागरूक हो रहे हैं।

### जोखिम का भावनात्मक असर

बाजार गिरने पर चिंता भी बढ़ती है, लेकिन लोग धैर्य और अनुशासन सीख रहे हैं। निवेश सिर्फ पैसों का नहीं, सोच का भी बदलाव है। निवेश के फैसले अब मिल-जुलकर लिए जा रहे हैं। पति-पत्नी, बच्चे भी निवेश और भविष्य की प्लानिंग पर बात करने लगे हैं। यह बदलाव सिर्फ पैसों का नहीं, सोच और संवाद का भी है।

**कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**
**सार्वजनिक सूचना**

कमांक/435/भू-अर्जन/2026 **( आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति )** सिवनी, दिनांक 02/02/2026

मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एफ-12-2-2014- सात-2 ए भोपाल दिनांक 12 नवंबर 2014 के अनुसार आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति जारी की गयी है। आपसी सहमति भूमि क्रय नीति के तहत कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर के द्वारा सिवनी जिले के अतरी से खामी मार्ग के किमी 2/4 में हिर्री नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल का निर्माण कार्य किये जाने हेतु निम्नांकित अनुसूची अनुसार खातेदारो की भूमि की आवश्यकता होने के कारण आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति की कंडिका 9 अनुसार खातेदारो द्वारा प्रारूप "ख" में सहमति प्रस्तुत की गयी है, खातेदारो की सहमति अनुसार कंडिका 11 (1) के अंतर्गत सर्वसाधारण सार्वजनिक सूचना जारी की जा रही है।

अत : निम्नांकित अनुसूची में दर्शित भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ती हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय / न्यायालय में उपस्थित होकर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर ( अवकाश के दिनो को छोड़कर) कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**- अनुसूची-**
**राजस्व प्रकरण क्रमांक 0001 / अ-82 / 2025-26**

| जिला | तहसील | ग्राम का नाम/ प.ह.नं. | खातेदार का नाम | ख.नं. | क्रय करने हेतु प्रस्तावित रकबा (हे.में) | सिंचित/ असिंचित भूमि का विवरण | अन्य परिसंपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| सिवनी | बरघाट रा.नि.म. बरघाट | अतरी प.ह.नं. 26 | तिलकचंद कोलन तीरन बैयन्ता सैयन्ता पिता सालिकराम दिलीप पुत्र गयाप्रसाद मधु पत्नी संजय गगन पुत्र संजय जाति पंवार भूमिस्वामी | 607 | 0.08 | सिंचित | - |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(संदीप श्रीवास्तव) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी बरघाट जिला सिवनी (म. प्र.)

(शीतला पटले) कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म. प्र.)

G-25563/25

चिंतन

# ट्रेड डील में किसानों और घरेलू उद्योगों के हित सुरक्षित

भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (ट्रेड डील) ने देश में कृषि और घरेलू उद्योग के लिए राहत दी है। इस ऐतिहासिक समझौते में भारतीय किसानों की प्रमुख फसलें, डेयरी उत्पाद और पोल्ट्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। गेहूं, चावल, तिलहन, आलू, मसाले, मक्का, सोयाबीन, आटा और एथनॉल जैसे महत्वपूर्ण उत्पाद समझौते के दायरे से बाहर रखे गए हैं। इसके साथ ही पोल्ट्री और चिकन का आयात भी प्रतिबंधित किया है, जिससे घरेलू पोल्ट्री उद्योग को कोई नुकसान नहीं होगा। विशेषज्ञों के अनुसार यह समझौता एक प्रकार का 'लेबर ऑफ लव' है यानि एक ऐसा प्रयास, जो रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ दिल से और पूरी मेहनत से किया गया है। इसमें किसी तरह की मजबूरी नहीं थी। इस दृष्टिकोण ने यह सुनिश्चित किया कि भारत ने अपने किसानों और घरेलू उद्योगों के हितों से कोई समझौता नहीं किया। सबसे बड़ी सफलता यह है कि समझौते में भारतीय किसानों की मुख्य फसलें और डेयरी उद्योग पूरी तरह सुरक्षित रहे। अमेरिका की ओर से एथनॉल और पोल्ट्री को शामिल करने का दबाव था, लेकिन भारत ने अपने किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनका समावेश नहीं किया। यह ध्यान देने योग्य है कि अमेरिका से आने वाली मक्का और सोयाबीन जेनिटिकली मोडिफाइड हैं, जिन्हें भारत में अनुमति नहीं है। यदि पोल्ट्री और चिकन को भारत में आयात करने की अनुमति मिलती, तो घरेलू उद्योगों और किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था। साथ ही, चाय, नारियल (खोपरा) और दक्षिण भारत के अन्य किसानों से जुड़े उत्पादों को भी समझौते से बाहर रखा गया। तंबाकू को भी शामिल नहीं किया गया। यह दर्शाता है कि भारत ने अपनी कृषि और घरेलू उद्योग की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस ट्रेड डील का महत्व केवल किसानों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है। यह भारत की दीर्घकालिक रणनीति और ऊर्जा सुरक्षा को भी ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बावजूद भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक खरीद नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। गोयल ने कहा कि अमेरिका से अब 500 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का सामान खरीदना आसान होगा, जिससे भारत वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त कर सकेगा। इस ट्रेड डील की तुलना पहले हुए ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और यूरोपीय यूनियन के व्यापार समझौतों से की जा सकती है। इनमें भी किसी देश को भारतीय कृषि और डेयरी से जुड़े उत्पाद निर्यात करने की अनुमति नहीं दी गई। अमेरिका को केवल पिस्ता, काजू, बादाम और कुछ फलों का निर्यात करने की अनुमति मिली है, जिसका आम किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अमेरिका कृषि और पोल्ट्री में दुनिया का बड़ा उत्पादक है। यदि इनका आयात भारत में खुल जाता, तो घरेलू उद्योग और किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था। इसे ध्यान में रखते हुए भारत ने स्पष्ट रूप से सीमा तय की और किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। मार्च तक समझौते पर अंतिम हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता संतुलित, रणनीतिक और किसानों के हित में किया गया एक कदम है। यह समझौता न केवल व्यापार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# भारत से कारोबार के लिए बेताब दुनिया

भारत का तेजी से बढ़ता मजबूत बुनियादी ढांचा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) की रफ्तार, ऊर्जा विकास ,नई पीढ़ी की शक्ति, डिजिटल विकास व मैन्युफैक्चरिंग सहित सर्विस सेक्टर की ताकत की वजह से दुनिया के लिए भारत उद्योग-कारोबार और चमकीले बाजार के दृष्टिकोण से आकर्षक देश बन गया है। हाल ही में भारत के अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते भारत के युवाओं और एमएसएमई के लिए अपार अवसरों के द्वार खोलेंगे। गौरतलब है कि 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते ने आकार लिया है।

यकीनन इस समय दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत से व्यापार समझौते के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में 5 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा कि इस समय दुनिया में आकार ले रही नई विश्व व्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई है। पहले अधिकांश अंतरराष्ट्रीय आर्थिक-व्यापारिक टिप्पणियों में कहा जाता था कि भारत ने मौका गंवा दिया, लेकिन अब दुनिया भर के देशों का मानना है कि अगर वे आर्थिक रूप से तेजी से बढ़ते हुए भारत के साथ नहीं जुड़ पाए तो वे महत्वपूर्ण मौका गंवा देंगे।

भारत का तेजी से बढ़ता मजबूत बुनियादी ढांचा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) की रफ्तार, ऊर्जा विकास ,नई पीढ़ी की शक्ति, डिजिटल विकास व मैन्युफैक्चरिंग सहित सर्विस सेक्टर की ताकत की वजह से दुनिया के लिए भारत उद्योग- कारोबार और चमकीले बाजार के दृष्टिकोण से आकर्षक देश बन गया है। हाल ही में भारत के अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ हुए व्यापार समझौते सहित अन्य व्यापार समझौते भारत के युवाओं और एमएसएमई के लिए अपार अवसरों के द्वार खोलेंगे। गौरतलब है कि 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते ने आकार लिया है। इस समझौते से जहां कई क्षेत्रों में भारत से अमेरिका को निर्यात बढ़ेंगे, वहीं भारत में निवेश भी बढ़ेंगे। इस समझौते से दुनिया के लिए मेक इन इंडिया, डिजाइन इन इंडिया और इनोवेट इन इंडिया का अभियान तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका के द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी किया गया है और रूस से तेल खरीदी के मद्देनजर दंडात्मक रूप में भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले माह 27 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित भारत ईयू के शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ऊर्सला वान डेर लायन की उपस्थिति में भारत-ईयू के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का ऐलान किया गया। इस एफटीए पर आधिकारिक हस्ताक्षर लगभग छह महीने बाद होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एफटीए दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का शानदार उदाहरण है और भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद है। ऊर्सला ने इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी (मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स) कहते हुए यह रेखांकित किया कि दुनिया के वर्तमान 'ग्रोथ सेंटर' और इस सदी के आर्थिक पावर हाउस भारत के साथ यह एफटीए यूरोप को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते आर्थिक क्षेत्रों में पहली बढ़त दिलाएगा। साथ ही यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित होने वाला एफटीए होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस एफटीए से दो अरब लोगों का एक साझा बाजार तैयार होगा और यह संयुक्त बाजार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करेगा। निश्चित रूप से इस एफटीए ने अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बीच भारत और



ईयू को नई रणनीतिक गोलबंदी के साथ व्यापारिक संबंधों को नई दिशा दी है। गौरतलब है कि भारत-ईयू एफटीए के लिए बातचीत 2007 में शुरू हुई थी, लेकिन 2013 में यह वार्ता रुक गई। जून 2022 में वार्ता फिर से शुरू की गई थी, जो अब अंजाम तक पहुंची है। यह बात महत्वपूर्ण है कि यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। भारत और यूरोपीय संघ एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि साझेदार हैं, क्योंकि दोनों मूल्य श्रृंखला के अलग-अलग स्तरों पर काम करते हैं। भारत प्रमुखतया श्रम-प्रधान और प्रसंस्करण आधारित वस्तुओं का निर्यात करता है, जबकि यूरोपीय संघ प्रमुखतया पूंजीगत वस्तुओं, उन्नत प्रौद्योगिकी और औद्योगिक उत्पादों की आपूर्ति करता है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और 27 देशों के संगठन ईयू के बीच वस्तुओं और सेवाओं में कुल व्यापार 190 अरब डॉलर से अधिक का रहा है। पिछले वित्त वर्ष में दोनों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 136.53 अरब डॉलर रहा। इसमें भारत का निर्यात 75.85 अरब डॉलर और आयात 60.68 अरब डॉलर था। इसके अलावा, यूरोपीय संघ भारत में एक बड़ा निवेशक भी है, जिसका अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक संचयी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करीब 117.4 अरब डॉलर रहा है। यदि हम भारत-ईयू एफटीए को देखें तो पाते हैं कि इससे भारत और यूरोपीय संघ के छात्रों, मौसमी कामगारों, शोधकर्ताओं और उच्च कुशल पेशेवरों की आवाजाही को सुगम बनाने, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक गतिशील ढांचे को आकार मिला है। यह एफटीए भारत-ईयू व्यापार के लिए महज एक व्यापार का रणनीतिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि आर्थिक पुनर्व्यवस्था के रूप में भारत और ईयू दोनों के लिए व्यापारिक जोखिम को पुनर्संतुलित करने और बदलते वैश्विक व्यापार वातावरण में आगे बढ़ने का अवसर देने वाला चमकीला दस्तावेज है। इस एफटीए के तहत दोनों पक्ष आपसी व्यापार वाली 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर आयात शुल्क शुरुआत से ही कम या समाप्त कर देंगे, जबकि कुछ अन्य वस्तुओं पर इसे आगामी वर्षों में चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा।

यह एफटीए व्यापार, निवेश, स्वच्छ और हरित ऊर्जा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और रक्षा, डिजिटल पहलों, कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष और कृषि के क्षेत्रों में आपसी प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह वस्तुओं, सेवाओं के व्यापार और नियमों पर केंद्रित है,लेकिन निवेश संरक्षण और जीआई जैसे मुद्दे अलग से सुलझाए जाएंगे। निसंदेह विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग भारत-ईयू एफटीए का एक मुख्य स्तंभ है और इससे सहयोगी अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्मार्ट ग्रिड, जल, टीके, आईसीटी, ध्रुवीय विज्ञान और यूरोपीय अनुसंधान परिषद के साथ काम करने वाले युवा वैज्ञानिकों की गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में नया सहयोग मिलेगा। अंतरिक्ष सहयोग भारत-ईयू एफटीए का एक महत्वपूर्ण आयाम है, जो दशकों के तकनीकी सहयोग और बढ़ते संस्थागत जुड़ाव पर आधारित है। ईयू के अलावा अन्य देशों के साथ भारत के एफटीए भारत की आर्थिक तस्वीर को नया रूप देंगे। अब भारत के द्वारा विभिन्न देशों के साथ एफटीए के अधिकतम लाभ उठाने के लिए घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने, एफटीए के लिए जागरूकता बढ़ाने, गैर-टैरिफ बाधाएं दूर करने, सेवा क्षेत्र का लाभ उठाने, निर्यात में विविधता लाने, कृषि और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करने, व्यापार संतुलन को भारत के पक्ष में लाना होगा। उम्मीद करें कि अमेरिका, ईयू और अन्य देशों के साथ भारत के व्यापार समझौते भारतीय अर्थव्यवस्था को रफ्तार देंगे और भारत विकसित देश बनने की डगर पर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आम बजट

डॉ. महेंद्र सिंह



# त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी केंद्रीय बजट


केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए संसद में पेश किया गया गया बजट देश के त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी बजट है। इस बजट में समाहित प्रस्तावों में आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने और उसे निरंतर बनाए रखने पर जोर दिया गया है। साथ ही, लोककल्याण के लिए बजट प्रस्तावों पर भी पर्याप्त बल दिया गया है। मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के केंद्र में एक ओर आर्थिक संवृद्धि की गति को तेज करना रहा है वहीं दूसरी तरफ सापेक्षतया वंचित लोगों एवं क्षेत्रों को उनकी क्षमता व सामर्थ्य को बढ़ाते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करना रहा है। इस दृष्टि से यह कहना समीचीन है कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास' का ध्येय वाक्य लोकनीतियों के प्रतिपादन एवं कार्यान्वयन का नाभि केंद्र रहा है। वस्तुतः, मानव पूंजी के बेहतर विकास से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा जनकल्याण में वृद्धि होगी। वित्तमंत्री ने इस बजट में राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को जारी रखते हुए इस पर विशेष बल दिया है।

हाल के वर्षों में जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा में निरंतर गिरावट से इस बात की पुष्टि होती है कि मोदी सरकार का राजकोषीय प्रबंधन संबंधी निष्पादन श्लाधनीय रहा है।मोदी सरकार की राजकोषीय प्रवीणता एवं बेहतर वित्तीय प्रबंधन का ही परिणाम है कि जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा निरंतर घटा है। इंफ्रास्ट्रक्चर आर्थिक विकास में धमनियों का कार्य करता है। इसलिए यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर मोदी सरकार द्वारा किया गया निवेश लगातार विकास का इंजन बना हुआ है। इस बजट में कुछ विशिष्ट क्षेत्रों क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय की वृद्धि दरें इस तरह हैं- टेलीकॉम 97 प्रतिशत; रक्षा 18 प्रतिशत; रेलवे 10 प्रतिशत; सड़क व हाईवे 8 प्रतिशत एवं आवास व नगरीय विकास 6 प्रतिशत। जीडीपी के सापेक्ष सरकारी ऋण भार को घटाकर 2030-31 तक 50 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। स्पष्ट है कि इससे आगामी वर्षों में अवस्थापना के विकास के लिए और अधिक 'फिस्कल स्पेस' मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि पूँजीगत व्यय में मोदी सरकार द्वारा की गई वृद्धि से आय में तो कई गुना वृद्धि होती ही है, इससे रोजगार में भी उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि होती है।

इस बजट में हास्पिटेलिटी तथा हेल्थ टूरिज्म से भी लोगों की आजीविका के स्त्रोतों में वृद्धि, रेल एवं जलमार्गों के विकास एवं अपग्रेडेशन से लाजिस्टिक्स की लागतें घटेंगी। इससे व्यापार में वृद्धि तो होगी ही, साथ ही आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी और अर्थव्यवस्था की स्पर्धात्मकता में वृद्धि से निर्यात-प्रेरित निवेश होगा। इस बात का उल्लेख करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि इस बजट में अवस्थापना क्षेत्र के विकास के लिए 12.20 लाख करोड़ आवंटित किए गए हैं। यह एक बड़ी धनराशि है। इससे विकास की गति को तेज करने तथा रोजगार को बढ़ाने में महती सहायता मिलेगी। जिन 7 रोजगारपरक क्षेत्रों को समावेशित किया गया है वे हैं-बायो फार्मा, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेन्टस, रेयर अर्थ, रसायन, पूंजीगत वस्तएं और टैक्सटाइल्स। इनसे मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की संवृद्धि बढ़ेगी। वस्तुतः, ये अर्थव्यवस्था के उदीयमान क्षेत्र हैं और इनमें उत्पादन, रोजगार व निर्यात की प्रचुर संभावनाएं हैं। इसके अलावा बजट में लघु एवं मध्यम उद्योगों को चैंपियन बनाने के निर्णय से भी इस क्षेत्र का विकास तेज होगा। आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एमएसएमई, ओडीओपी तथा खादी क्षेत्र की भूमिका महती स्थान रखती है। रक्षा व्यय में वृद्धि; विशेष तौर पर पूंजीगत व्यय में वृद्धि से भी रक्षा मामले में हमारी आत्म-निर्भरता बढ़ेगी और रक्षा सामग्री का निर्यात बढ़ेगा। कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस बजट में जो प्रावधान किए गए हैं उनसे कृषि एवं गैर-कृषि क्रियाओं के पारस्परिक आर्थिक सम्बन्धों को ताकत मिलेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग से कृषि उत्पादकता बढ़ेगी। किसानों की आय में वृद्धि होगी। किसानों, युवाओं एवं महिलाओं को उद्यमी बनाने का परिणाम होगा कि स्थानीय स्तर पर आजीविका के स्त्रोतों का विस्तार होगा। इससे गांवों से नगरों को होने वाला पलायन भी रुकेगा। पशु चिकित्सा के लिए बजट में की गई व्यवस्था से पशुधन में संवर्द्धन होगा। इससे गो आधारित प्राकृतिक कृषि के विस्तार में भी सहायता मिलेगी। इस बजट को यदि समग्र रूप से देखें तो यही निष्कर्ष निकलता है कि यह बजट भारत की घरेलू क्षमता का समुचित उपयोग करते हुए त्वरित आर्थिक विकास एवं लोककल्याण में वृद्धि को समर्पित है।

(लेखक भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी व उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व मंत्री हैं)

## आखिर क्या है आध्यात्मिक चेतना




संकलित

दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

## चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित

प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## सटाका




## आज की पाती

### उपकरणों का सावधानी से प्रयोग करना जरूरी

विज्ञान ने हमें हर मौसम से बचने के लिए बहुत सी चीजें दी हैं। लेकिन अगर हम इनका सावधानी से प्रयोग न करें तो यह हमारे लिए कभी भी हानिकारक बन सकती हैं और अक्सर खबरें भी पढ़ने और सुनने को मिलती हैं कि इन चीजों के प्रयोग करते समय कोई हादसा हो गया। सर्दियों में गैस गीजर, कोयले की अंगीठी और अन्य गर्मी प्रदान करने वाले उपकरण लोगों की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं। सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए लोग गैस से चलने वाले गीजर का भी प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन इसके प्रयोग में जरा सी भी असावधानी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गैस गीजर को बाथरूम में लगाने के साथ-साथ एक खिडकी जरूर रखें। लोगों को चाहिए कि जहां गैस गीजर लगा हो वहां हवा बाहर निकलने के लिए जगह होनी चाहिए अर्थात एडजोस्ट फैन बाथरूम में होना चाहिए।

*- महेश काले, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बस्तर की सुंदरता



बस्तर की सुंदरता को देखकर लगता है कि मां दंतेश्वरी ने स्वयं इसे अपने हाथों से सजाया है। जब इस रती में किसान बीज छिड़कते हैं, तब यह पंडुम होता है। आम का मौसम आता है, तब यह पंडुम होता है। लोग जीवन को उत्सव के रूप में जीते हैं।

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### चिचाकी रेलवे स्टेशन



चिचाकी रेलवे स्टेशन को अब महत्वपूर्ण ट्रेनों से जोड़ा गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिली है। मेरा निरंतर प्रयास है कि आने वाले समय में और अधिक ट्रेनों का ठहराव चिचाकी रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र की कनेक्टिविटी और सुदृढ़ हो सके।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### 500 ईवी बसें शुरू



दिल्ली, इलेक्ट्रिक वाहनों की सबसे अधिक संख्या वाला पहला राज्य बन गया है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण में प्रभावी प्रगति हो रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा 500 ईवी बसों और दिल्ली-पानीपत अंतरराज्यीय बस सेवा का शुभारंभ।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### ट्रंप के सामने घुटने टेके



सच्चाई तो ये है कि पिछले कुछ दिनों से मोदी जी परेशान हैं, क्योंकि एपस्टीन फाइलें में मोदी जी से जुड़ी बातें सामने आ गई हैं। जिसके बाद मोदी जी ने ट्रंप के सामने घुटने टेक दिए और ट्रेड डील कर दी। देश के अन्नदाता, किसानों को बलि चढ़ा दिया।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# किम पेश कर सकते हैं पांच वर्षों की रणनीति



उत्तर कोरिया इस महीने के अंत में एक बड़ा पार्टी सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है, जिसमें नेता किम जोंग उन अगले पांच वर्षों के लिए देश की घरेलू और विदेश नीति की रूपरेखा पेश कर सकते हैं। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ 'वर्कर्स पार्टी' का यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब उत्तर कोरिया ने हाल के वर्षों में अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम तेज किए हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस के साथ उसके रिश्ते और गहरे हुए हैं, लेकिन इससे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ उसका तनाव भी बढ़ गया है। इस तरह का सम्मेलन इससे पहले किम ने वर्ष 2016 और 2021 में आयोजित किया था। उत्तर कोरिया की 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने खबर में बताया कि किम जोंग उन की अध्यक्षता में पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो की बैठक हुई, जिसमें फैसला लिया गया कि सम्मेलन फरवरी के अंत में आयोजित किया जाएगा। हालांकि, सरकारी मीडिया ने अभी इसकी तारीख या एजेंडा का खुलासा नहीं किया है। यह सम्मेलन कई दिनों तक चल सकता है। हाल के हफ्तों में किम ने हथियारों के परीक्षणों की निगरानी की है और सैन्य ठिकानों तथा आर्थिक परियोजनाओं का दौरा किया है।

## ऑफ बीट

# जीवाश्मीकृत उल्टी से पुराने शिकारी के आहार का पता चला



यह जीवाश्म हड्डियों के एक सघन समूह के रूप में है। ब्रॉमाकर स्थल पर इससे पहले इस तरह का हड्डियों का जमाव कभी नहीं मिला था, जिससे संकेत मिलता है कि इन अवशेषों को किसी शिकारी ने निगला था और बाद में या तो मल के रूप में या फिर उगलकर बाहर निकाला था। कोप्रोलाइट (जीवाश्मीकृत मल) के मामलों में हड्डियों के अवशेष आम तौर पर कार्बनिक मूल की एक स्पष्ट तलछटी संरचना (मल पदार्थ) के भीतर संरक्षित पाए जाते हैं, जो फॉस्फोरस से समृद्ध होती है और हड्डियों के पाचन से जुड़ी जीवाणु गतिविधि का परिणाम होती है। हालांकि, इस नमूने में हड्डियों के अवशेष ऐसी किसी संरचना से घिरे हुए नहीं हैं। माइक्रो-एक्सआरएफ (एक्स-रे फ्लोरेसेंस स्पेक्ट्रोमेट्री) के जरिए किए गए रासायनिक विश्लेषण में इस मैट्रिक्स में फॉस्फोरस की लगभग अनुपस्थिति की पुष्टि हुई। फॉस्फोरस की यह कमी रीगर्जिटालाइट (जीवाश्मीकृत उल्टी) की एक विशिष्ट विशेषता मानी जाती है, जबकि कोप्रोलाइट में पाचन की अधिक अवधि के कारण फॉस्फोरस की मात्रा काफी अधिक होती है। हमने इस जीवाश्म का त्रि-आयामी (सीटी स्कैन) परीक्षण भी किया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### विंध्य के महासंत स्वामी सच्चिदानंद महाराज ब्रह्मलीन, आज दी जाएगी वैदिक समाधि

# धारकुंडी आश्रम में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब









सतना।

विंध्य अंचल की आध्यात्मिक चेतना के केंद्र,धारकुंडी आश्रम के संस्थापक और पूज्य संत परमहंस स्वामी सच्चिदानंद महाराज 102 वर्ष की आयु में ब्रह्मलीन हो गए हैं। उनके देवलोक गमन की सूचना मिलते ही समूचा विंध्य क्षेत्र शोक में डूब गया। महाराज श्री ने मुंबई के बदलापुर आश्रम में अंतिम सांस ली,जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को सड़क मार्ग से धारकुंडी लाया गया।

#### अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा भक्तों का रेला

रविवार दोपहर करीब 1:00 बजे जैसे ही स्वामी जी का पार्थिव शरीर धारकुंडी आश्रम पहुँचा,वहां मौजूद हजारों भक्तों की आँखें नम हो गईं। महाराज जी के अंतिम दर्शन के लिए न केवल सतना,रीवा,सीधी और सिंगरौली बल्कि उत्तर प्रदेश के मानिकपुर,इलाहाबाद,कर्वी और बांदा सहित देश भर से अनुयायी पहुंचे।मुंबई से धारकुंडी तक की इस अंतिम यात्रा में महाराज जी का पार्थिव शरीर करीब 130 वाहनों के काफिले के साथ लाया गया। जबलपुर,मैहर और अमरपाटन होते हुए जब काफिला धारकुंडी की ओर बढ़ा,तो सड़कों के दोनों ओर भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।बड़ी सेमरिया से लेकर आश्रम तक के 30 किलोमीटर के मार्ग पर केवल 'स्वामी जी के जयकारे' गूंज रहे थे।

#### मुख्यमंत्री और जनप्रतिनिधियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

स्वामी सच्चिदानंद जी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रविवार अपराह्न हेलीकॉप्टर से धारकुंडी आश्रम पहुंचे। उन्होंने महाराज श्री के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल,राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,सिद्धार्थ कुशवाहा और पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी जी का जाना आध्यात्मिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

#### प्रशासन की व्यापक व्यवस्थाएं

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। कमिश्नर बाबू सिंह जामोद,कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और एसपी हंसराज सिंह खुद व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे। आश्रम परिसर और पहुंच मार्गों पर पुलिस बल,विशेष बटालियन और प्रशिक्षण इकाइयों के करीब 700 जवान तैनात किए गए।आश्रम से 5 किमी पहले ही वाहनों को रोकने के लिए पार्किंग बनाई गई थी। हेलीपैड सहित चार अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई ताकि यातायात सुचारू रहे।

#### आज दी जाएगी वैदिक समाधि

सोमवार को धारकुंडी आश्रम में ही महाराज जी को वैदिक विधि-विधान के साथ समाधि दी जाएगी। स्वामी जी ने अपने जीवनकाल में ही समाधि स्थल का चयन कर लिया था। आश्रम के निर्माणाधीन



मंदिर के गर्भगृह में उन्हें समाधिस्थ किया जाएगा। इस अवसर पर उनके गुरु-भाई और चुनार स्थित सतेषगढ़ आश्रम के संत स्वामी अड़गड़ानंद महाराज सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए संत-महात्मा मौजूद रहेंगे। वर्तमान में आश्रम परिसर में भजन,पाठ और स्मरण सभा का दौर जारी है,जिससे पूरा वातावरण शोकमय और भक्तिमय बना हुआ है।

## सडक निर्माण में अनियमितताओं पर ग्रामीणों ने विधायक पर जताई नाराजगी

डिंडोरी। जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत परसेल के पोषक ग्राम पिंडरूखी में शुक्रवार की शाम ग्रामीणों ने शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की गाड़ी को रोक कर विधायक को सडक निर्माण में की गई गडबडी को लेकर खरी खोटी सुनाई। ग्रामीणों का गुस्सा इस बात पर फूट पडा था कि सड़क निर्माण में की गड़बड़ियों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। युवाओं के विरोध के बाद विधायक ने सी सी सडक निर्माण में हुई गड़बड़ियों की जांच कराने का आश्वासन दिया है। विधायक शाम करीब सात बजे परसेल ग्राम पंचायत के पोषक ग्राम पिंडरुखी में भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। ग्रामीण युवा रास्ते में पत्थर रखकर बैठे हुए थे। जैसे ही विधायक की गाड़ी पहुंची तो रोक लिया और सरपंच ,सचिव द्वारा सीसी सड़क निर्माण में धांधली का आरोप लगाते हुए बताया कि शिकायत कलेक्टर की जनसुनवाई और जिला पंचायत सीईओ को की गई है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब आप भी उसी खराब रास्ते से जाओ हालांकि विधायक फिर कार्यक्रम में बिना शामिल हुए ही वापस आ गए।

## ऑटो से नीचे गिरे युवक की थम गई सांसें

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिनगौडी के पास हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक ऑटो से नीचे गिर गया था जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसने दम तोड़ दिया। हादसा 6 फरवरी की शाम लगभग 5:45 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार ग्राम बकेली निवासी नीरज कोल 21 वर्ष अपने साथी हल्के कोल 18 वर्ष के साथ ऑटो से जा रहा था। सिनगौडी ग्राम से करीब दो किलोमीटर आगे बकेली रोड पर स्थित खेतों के पास एक मोड़ पर नीरज अचानक ऑटो से नीचे गिर गया। सिर के बल जमीन पर गिरने के कारण उसे घातक चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर विजयराघवगढ़ पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया गया है।


### आसपास सैकड़ों लोग थे मौजूद, वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार

## बजाग गुदरी मड़ई में सरेआम चाकूबाजी, चार युवक घायल

डिंडौरी

बजाग थाना अंतर्गत गुदरी मड़ई में शुक्रवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सैकड़ों लोगों की भीड़ के बीच में दो समूहों के बीच हुए विवाद के बाद चाकूबाजी की घटना सामने आई। घटना शाम लगभग साढ़े छह बजे झूला, सर्कस व डांस शो पंडाल के समीप घटित हुई, जहां बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे मनोरंजन करने मड़ई में आए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले दोनों समूहों के बीच वाद-विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इसी दौरान एक समूह के





दो से तीन अज्ञात युवकों ने धारदार हथियार से दूसरे समूह के चार युवकों पर पेट व पीठ पर वार कर उन्हें लहूलुहान हालत में पहुंचा दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मड़ई परिसर में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों ने बताया कि वे डांस कार्यक्रम के पंडाल के पास खड़े थे, तभी तीन अज्ञात युवक वहां पहुंचे और बिना कारण बहस करने लगे। आरोप है कि मड़ई क्यों आए हो, आगे यहां दिखाई मत देना कहते हुए आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया। पीड़ितों ने यह भी बताया कि वे आरोपियों को नहीं पहचानते। घायलों में तीरथ मरावी निवासी वरसोद, निर्मल श्याम निवासी कछरा टोला, अर्जुन मरकाम निवासी गाड़ासरई एवं तरुण ऊईके वरगांव शामिल हैं। पुलिस ने पीड़ितों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 296(बी), 115(2), 118(1), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और मड़ई क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया गया है।

## मवेशी के हमले में एक माह के मासूम की मौत



**डिंडौरी।** कोतवाली थाना अंतर्गत धनुवासागर के नजदीक रविवार की सुबह लगभग 8.30 बजे एक महिला अपने एक माह के मासूम बच्चे को बागा में बांधकर सिर में लकड़ी का गट्ठा रखकर बेचने जा रही थी इसी दौरान दो बैल लड रहे थे तभी एक बैल ने महिला को पीछे से हमला कर दिया जिससे महिला अपने बच्चे और लकड़ी के गट्ठे सहित गिर गई जिसमें मासमू और महिला को गंभीर चोट लगी थी जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई, वहीं घायल महिला का उपचार जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर बच्चे का पीएम करा परिजनों को सौंप दिया है।



## पानी की टंकी में मिला अधेड़ महिला का शव

डिंडौरी।

शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोगी टिकरिया में स्थित निर्माणाधीन बाल हनुमान मंदिर की पानी की टंकी में रविवार को एक अधेड़ महिला का शव मिला है। घटना जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे के पास की है। मंदिर के पुजारी पवन दास त्यागी ने बताया कि रविवार सुबह करीब 6 बजे जब वह पानी लेने के लिए टंकी के पास पहुंचे, तब उन्होंने महिला का शव देखा। पुजारी ने तुरंत ग्रामीणों को जानकारी दी और पुलिस को सूचना दी गई, पुजारी ने बतलाया कि मंदिर का निर्माण जन सहयोग से हो रहा है और काम बंद होने के कारण पिछले तीन-चार दिनों से वहां कोई नहीं था। शाहपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला और पंचनामा तैयार कर शव का पीएम कराया है। पुलिस और ग्रामीणों के अनुसार, महिला को पहले कभी गांव में नहीं देखा गया था, जिससे अंदेशा है कि वह कहीं बाहर की रहने वाली थी। सब-इंस्पेक्टर निरंजन सिंह ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

## ऑनलाइन गेम की लत ने नाबालिग को बनाया चोर, मां के 15 लाख के जेवर उड़ाए, पुलिस ने सीधी से किया बरामद




**रीवा।** जिले से ऑनलाइन गेमिंग की लत से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां ऑनलाइन गेम में कर्जदार हुए एक नाबालिग ने पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए अपनी ही मां के करीब 15 लाख रुपये कीमत के सोने के जेवर चोरी कर लिए। हालांकि पुलिस की तत्परता से जेवरात बरामद कर लिए गए और परिजनों को सौंप दिए गए हैं। घटना चोरहटा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, सीधी जिले की रहने वाली महिला अपनी बहन के यहां रीवा के मैदानी क्षेत्र में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। महिला शनिवार दोपहर करीब 2 बजे कार्यक्रम से फ्री होकर कमरे में पहुंची और अपने कीमती जेवर उतारकर सुरक्षित स्थान पर रखे। कुछ ही मिनटों बाद जब उसने देखा तो जेवर गायब थे। महिला ने पहले अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो चोरहटा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि घटना के बाद से महिला का नाबालिग पुत्र भी घर से गायब है।थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि संदेह के आधार पर नाबालिग की लोकेशन ट्रेस की गई, जो सीधी जिले में पाई गई। इसके बाद पुलिस टीम तत्काल सीधी रवाना हुई और नाबालिग को वहां से बरामद कर लिया गया, हालांकि प्रारंभिक पूछताछ में चोरी गया सामान उसके पास नहीं मिला।पुलिस नाबालिग को लेकर वापस रीवा आई और गहन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने स्वीकार किया कि उसने चोरी किए गए जेवर सीधी में अपने एक दोस्त के घर छिपा रखे हैं। इसके बाद पुलिस टीम एक बार फिर सीधी पहुंची, जहां बताए गए स्थान से करीब 15 लाख रुपये कीमत के सोने के जेवरात बरामद कर लिए गए।पुलिस पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि वह मोबाइल फोन पर ऑनलाइन गेम खेलता था, जिसमें वह लगातार पैसे हार रहा था। गेम में हुए नुकसान की भरपाई के लिए उसे पैसों की जरूरत पड़ी, इसी कारण उसने चोरी की योजना बनाई और अपनी मां के ही जेवर चुरा लिए। थाना प्रभारी आशीष मिश्रा के अनुसार, बरामद किए गए सभी जेवरात महिला को सुपुर्द कर दिए गए हैं। चूंकि आरोपी नाबालिग है और मां ने अपने पुत्र के खिलाफ किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार किया है, इसलिए प्रकरण में परिजनों को समझाइश दी गई है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने शिक्षक को कुचला, मौके पर ही मौत

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के मानपुर रोड पर रेत से लदे काल बनकर दौड़ रहे ट्रकों ने शनिवार रात एक और हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। ग्राम कोठिया में रात करीब 8 बजे रेत से भरे एक बेलगाम ट्रक ने सडक़ पार कर रहे शासकीय शिक्षक अजय सिंह उम्र 52 वर्ष को इतनी बेरहमी से कुचला कि उनकी मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। रामगढ़ निवासी अजय सिंह, जो माध्यमिक विद्यालय बसही में पदस्थ थे, किसी निजी काम से कोठिया आए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मानपुर की ओर से आ रहे रेत लदे ट्रक की रफ्तार इतनी अधिक थी कि शिक्षक को संभलने तक का मौका नहीं मिला। वारदात को अंजाम देने के बाद कायर चालक ट्रक को एक किलोमीटर दूर लावारिस खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। सडक़ों पर खून बहाने वाले इस ट्रक में लदी रेत के काले कारोबार पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है, लेकिन चर्चा आम है कि रेत वैध है या अवैध थाना प्रभारी जिया उल हक का कहना है कि आरोपी चालक की तलाश जारी है और हर पहलू की जांच की जा रही है। शिक्षक की इस दर्दनाक मौत से शिक्षा जगत में भारी आक्रोश है। लोगों का साफ कहना है कि आखिर कब तक प्रशासन की ढिलाई और इन रेत के यमदूतों की वजह से बेगुनाह सडक़ों पर दम तोड़ते रहेंगे।

## वायुसेना के शौर्य से प्रभावित हुए सिंगापुर पीएम



**सिंगापुर।** भारतीय वायुसेना सिंगापुर एयर शो 2026 में स्वदेशी शक्ति व अपने बेजोड़ हुनर का प्रदर्शन कर रही है। इस बार वायुसेना की मशहूर सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने यहां अपने शानदार हवाई करतब दिखाए हैं। सिंगापुर में आयोजित इस प्रतिष्ठित एयर शो के दौरान एक अत्यंत गौरवपूर्ण और यादगार क्षण तब सामने आया, जब सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भारतीय वायुसेना की विशिष्ट एवं विश्वविख्यात सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के साथ आत्मीय संवाद किया। यह भेंट एयर शो के औपचारिक कार्यक्रमों से इतर हुई, लेकिन इसका महत्व काफी व्यापक और प्रतीकात्मक रहा।

### समुद्री शक्ति का प्रतीक बनीं आईएनएस सुदर्शिनी


# 22,000 नॉटिकल मील की यात्रा के दौरान ओमान पहुंची

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के सेल ट्रेनिंग शिप आईएनएस सुदर्शिनी ने ओमान के सलालाह बंदरगाह पर अपना पहला पोर्ट कॉल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। आईएनएस सुदर्शिनी 'लोकायन-26' नामक दस महीने की लंबी समुद्री यात्रा पर है। ओमान की यह यात्रा इस सफर का एक अहम पड़ाव था। भारतीय शिप अब यहां से आगे निकल चुका है। 'लोकायन–26' अभियान का मकसद दुनिया भर में भारत की समृद्ध समुद्री परंपरा और 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी सारी दुनिया एक परिवार है, के संदेश को फैलाना है। 'सुदर्शिनी' 10 महीने लंबी यात्रा के दौरान कुल 13 देशों के 18 विदेशी बंदरगाहों की यात्रा कर रहा है। पारंपरिक विधि से बना यह नौसैनिक शिप फ्रांस और अमेरिका जैसे देशों में आयोजित विशेष अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भी शामिल होगा। नौसेना का शिप 'सुदर्शिनी' कुल 22,000 नॉटिकल मील से अधिक की समुद्री यात्रा कर रहा है।

10 महीने लंबी यात्रा पर है सुदर्शिनी | 13 देशों के 18 बंदरगाहों पर पहुंचेगी

#### ओमान संग पुराने समुद्री रिश्तों पर जोर





सलालाह में प्रवास के दौरान आईएनएस सुदर्शिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने ओमान की रॉयल नेवी के साउदर्न नेवल एरिया कमांडर कैप्टन मोहम्मद अल घैलानी और आरएनओ जहाज अल मोअजर के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मोहम्मद अल महारी से मुलाकात की। बातचीत में भारत और ओमान के बीच पुराने समुद्री रिश्तों और दोनों नौसेनाओं की दोस्ती को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा ओमान की रॉयल नेवी के अधिकारियों को जहाज का गाइडेड टूर भी कराया गया।

#### आम जनता ने भी देखा

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक स्थानीय लोगों से जुड़ाव बढ़ाने के लिए आईएनएस सुदर्शिनी को आम लोगों के लिए भी खोला गया। करीब 600 से ज्यादा लोगों ने इस तीन मस्तूल वाले भारतीय जहाज को करीब से देखा। इन लोगों में स्कूल के बच्चे भी शामिल थे। उन्होंने यहां समुद्र में नौकायन की बारीकियों के बारे में जाना। अब आईएनएस सुदर्शिनी लोकायन–26 की अगली यात्रा पर रवाना हो चुकी है। पूरे जोश और उत्साह के साथ यह जहाज समुद्रों में भारत की सदियों पुरानी नौकायन परंपरा, दोस्ती और सद्भावना का संदेश आगे बढ़ा रहा है।

### एपस्टीन फाइल्स में दलाई लामा का नाम!

## 169 बार जिक्र होने के दावों पर कहा न कभी मिले, न कभी इजाजत दी

एजेंसी ⏭ धर्मशाला

एपस्टीन फाइल में ऐसे-ऐसे विश्व प्रसिद्ध लोगों के नाम सामने आए हैं, जिसने सबको हैरान कर दिया है। इस बीच दलाई लामा के ऑफिस ने रविवार को इस संबंध में एक बयान जारी किया है। बयान में उन मीडिया रिपोर्ट्स को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है, जिनमें तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा और यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के बीच किसी भी तरह के संबंध की बात कही गई है। दरअसल, कई मीडिया आउटलेट्स ने संयुक्त राज्य अमेरिका न्याय विभाग (डीओजे) के डॉक्यूमेंट्स का हवाला देते हुए कहा था कि दलाई लामा का नाम बहुत चर्चित एपस्टीन फाइलों में 169 बार आया है। हालांकि, तिब्बती धर्मगुरु के दफ्तर ने ऐसे किसी भी



आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक बौद्ध धर्मगुरु का नाम कथित तौर पर कई व्यक्तिगत ईमेल और 'मसाज फॉर डमीज' नाम की किताब के इंडेक्स में आया था, जिसे एपस्टीन केस रिकॉर्ड के हिस्से के तौर पर पहले जारी फाइलों में स्कैन किए गए डॉक्यूमेंट के तौर पर शामिल किया गया था।

# न फोटो, न रील...सिर्फ होगा रियल रोमांच, जिम कॉर्बेट में लगा 'डिजिटल ब्रेक'

## नियम का उल्लंघन करने पर कर्मियों व दोषियों पर होगी वैधानिक कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नैनीताल

नैनीताल जिले के ही रामनगर (कॉर्बेट पार्क) में 'डिजिटल ब्रेक' शुरू हो गया है। सफारी के दौरान अब पर्यटकों को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। ट्यूरिस्ट अपने साथ केवल डीएसएलआर कैमरा ही ले जा सकेंगे। कॉर्बेट पार्क प्रशासन ने सभी जोन में इस आदेश को लागू कर दिया है। हालांकि डीएसआर कैमरे पर्यटक ले जा सकेंगे पर उसके लिए शुल्क जमा करना होगा।

ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी नेशनल पार्क में सफारी में मोबाइल के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश किया था। जंगल सफारी के दौरान स्मार्ट फोन का उपयोग नहीं किया जाएगा, जिसके पीछे वन्यजीवों की सुरक्षा व पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित हैं। इस फैसले के जरिए जंगल क्षेत्र में शोर और डिजिटल हस्तक्षेप को कम करने और प्राकृतिक वातावरण बनाने का मकसद भी है।

### सफारी में मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित

कार्बेट पार्क में आज से सफारी में मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित हो गया है। अब पर्यटक, चालक और गाइड जंगल में जिप्सी सफारी के दौरान मोबाइल से वन्य जीवों व नैसर्गिक सौंदर्य की फ़ोटो नहीं ले सकेंगे। मोबाइल से आवाज (रिंगटोन, वीडियो रिकॉर्डिंग की आवाज) या फ्लैश आता है, जो जंगल के शांत माहौल को खराब करता है। कई बार एक ही जगह पर कई सफारी वाहन (कैंटर) जमा हो जाते हैं, क्योंकि लोग फोटो/वीडियो के लिए रुकते हैं, जिससे ट्रैफिक जैम होता है और जानवरों पर दबाव बढ़ता है।



### गेट के पास बने लॉकर में रखें मोबाइल

जो पर्यटक डे सफारी के लिए जाएंगे, उनके मोबाइल को रखने के लिए गेट में लाकर बनाए गए हैं। इन लॉकर्स में गाइड अपना, जिप्सी ड्राइवर और पर्यटकों के मोबाइल रख जाएंगे और साथ में अपने साथ चाभी ले जाएंगे। जंगल से बाहर आने के बाद लॉकर से अपना मोबाइल ले जाएंगे। पर्यटक वन विश्राम गृह में मोबाइल का उपयोग करेंगे। सफारी में जाने पर मोबाइल वन विश्राम गृह में ही रखकर जाएंगे। पर्यटक सफारी में केवल कैमरा अपने साथ ले जा सकते हैं।

### नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई

*आदेश के अनुसार यदि कोई पर्यटक, गाइड या वाहन चालक इस नियम की अनदेखी करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वन अधिकारियों ने कहा है कि उल्लंघन पर जुर्माना (100 से हजारों रुपये तक) और एफआईआर दर्ज हो सकती है। यह कदम पर्यटन को नियंत्रित करने के लिए नहीं बल्कि वन्यजीव संरक्षण के लिए उठाया गया है।*

### अन्य टाइगर रिजर्व में भी यही हो रहा है

*यह सिर्फ रणथंभौर तक सीमित नहीं – कॉर्बेट (उत्तराखंड), बांधवगढ़, ताडोबा आदि में भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मोबाइल बैन लागू हो रहा है. राजस्थान के बाकी तीन टाइगर रिजर्व (सरिस्का, मुकुंदरा हिल्स, रामगढ़ विषधारी) में भी जल्द लागू होगा। गाइडलाइंस का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों की सुरक्षा और जंगल की शांति बनाए रखने के लिए यह कड़ा कदम उठाया है।*

## खबर संक्षेप

### शबरीमला सोना 'चोरी' मामले में अभिनेता जयराम तलब



**कोच्चि।** प्रवर्तन निदेशालय ने शबरीमला सोना ''चोरी'' से जुड़ी धन शोधन जांच मामले में अभिनेता जयराम को पूछताछ के लिए बुलाया है। बताया जा रहा है कि अभिनेता और पोट्टी का एक साथ पूजा करते हुए वीडियो सामने आने के बाद एसआईटी ने जयराम से पूछताछ की थी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी इस मामले में कथित मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को भी समन भेजने की तैयारी कर रही है।

### मेघालय खदान विस्फोट में दो व्यक्ति गिरफ्तार



**शिलॉन्ग।** मेघालय पुलिस ने एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बृहस्पतिवार को इस विस्फोट में 18 लोगों की जान चली गई है। वहीं, मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने जोर देकर कहा है कि उनकी सरकार इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। पुलिस महानिदेशक आई. नोंगरांग ने कहा कि इन दो लोगों की गिरफ्तारी के अलावा घटना के संबंध में एक तीसरे व्यक्ति की भी पहचान की गई है जिसकी तलाश की जा रही है।

### असम में 14 करोड़ की ड्रग्स जब्त, एक गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि इस अभियान के दौरान "154 साबुन केस में छिपा कर रखी गई हेरोइन और 10,000 याबा टैबलेट" जब्त की गई है। याबा टैबलेट भारत में अवैध हैं, क्योंकि इनमें मादक पदार्थ होता है, जो नियंत्रित पदार्थ अधिनियम के तहत अनुसूची-दो में सूचीबद्ध पदार्थ है। यह कार्रवाई कछार पुलिस और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने तोलेनग्राम इलाके में की।

## 400 से अधिक ड्रोन और लगभग 40 मिसाइलों से मचा दी तबाही, चारों ओर धुंआ ही धुंआ

# ट्रंप बोले- जून तक खत्म करो युद्ध, उधर रूस ने यूक्रेन पर कर दिया भीषण हमला

एजेंसी ▶▶| कीव

*डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने रूस और यूक्रेन को युद्ध समाप्त करने के लिए जून की समय सीमा (डेडलाइन) तय करते हुए दबाव बनाया है। ट्रंप ने यह भी कहा कि इसके बाद भी दोनों देश तैयार नहीं होते हैं तो अमेरिका कुछ ठोस कदम उठाने विवश होगा।*

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कीव में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अमेरिका इस गर्मी की शुरुआत तक युद्ध को हर हाल में खत्म करने के पक्ष में है और इसके लिए दोनों पक्षों पर दबाव बनाया जा सकता है। हालांकि, इस डेडलाइन के बीच जमीन पर तनाव कम होता नहीं दिख रहा है। ट्रंप के इस बयान के बावजूद रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाते हुए रातों-रात 400 से अधिक ड्रोन और लगभग 40 मिसाइलें दागी हैं। हालांकि इस तनावपूर्ण माहौल के बीच राहत की एकमात्र खबर 157 युद्धबंदियों की अदला-बदली रही, जिसे अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने कूटनीतिक जीत बताया है।



### यूक्रेन के इन शहरों में हुआ भारी नुकसान

जेलेंस्की ने कहा कि वोलिन, इवानो-फ्रांकीव्स्क, लविव और रिव्ने क्षेत्रों में भी नुकसान के मामले सामने आए हैं, जहां रिव्ने में एक अपार्टमेंट भवन भी प्रभावित हुआ। वहीं, विनित्सिया क्षेत्र के लाडिजिन शहर में ड्रोन हमले में एक सामान्य कॉलेज की प्रशासनिक इमारत को निशाना बनाया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय समुदाय रूस पर दबाव बनाएं : जेलेंस्की

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे रूस के इस दोहरे रवैये पर प्रतिक्रिया दें, जहाँ एक तरफ बातचीत की मेज सजाई जा रही है और दूसरी तरफ कड़ाके की ठंड में आम लोगों की बिजली और गर्मी छीनी जा रही है। उन्होंने उन देशों पर जोर दिया जो त्रिपक्षीय बातचीत का समर्थन करते हैं, कि वे रूस की इस रणनीति पर सख्त प्रतिक्रिया दें।

### यूक्रेन पर रूस का सबसे घातक हमला

रूस ने यूक्रेन पर इस साल का अब तक सबसे घातक हमला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के हमलों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि रूस ने बीती रात यूक्रेन पर 400 से अधिक ड्रोन और लगभग 40 मिसाइलें दागीं, जिनका मुख्य निशाना देश की एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर रहा। खासतौर से बिजली उत्पादन इकाइयों, एनर्जी ग्रिड और वितरण सब-स्टेशनों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है।

### मदद देने वालों को यूक्रेन ने दिया धन्यवाद


जेलेंस्की ने सभी इंटरनेशनल पार्टनर्स का धन्यवाद किया जो यूक्रेन की स्थिति को समझते हुए मदद प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर एक शिपमेंट यूक्रेन को इस कठिन सर्दी से लड़ने में मदद करता है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस की बढ़ती सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताते हुए यूए से कहा कि रूस के हमलों का जवाब देने उसे पैट्रियट सहित एयर डिफेंस सिस्टम के लिए अधिक मिसाइलों की जरूरत है।

### अगले सप्ताह होगी त्रिपक्षीय वार्ता

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि इसी कड़ी में अगले सप्ताह अमेरिका के मियामी में त्रिपक्षीय वार्ता का अगला दौर आयोजित करने का प्रस्ताव दिया गया है, जिसमें शामिल होने के लिए यूक्रेन ने अपनी सहमति दे दी है। हाल ही में अबू धाबी में हुई वार्ताओं के बावजूद डोनबास क्षेत्र को लेकर दोनों देशों के बीच गतिरोध बरकरार है, क्योंकि यूक्रेन अपनी संवैधानिक सीमाओं और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता करने को तैयार नहीं है।

## सावलकोट परियोजना को दी मंजूरी

# भारत का पाकिस्तान पर 'जल प्रहार' चेनाब पर बनेगा बांध



**काटे जाएंगे 2.22 लाख पेड़**
सावलकोट परियोजना में 847.17 हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग किए जाएगा। इसके लिए 2.22 लाख से अधिक पेडों को काटा जाएगा।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिंधु जल संधि रद्द करने के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के पानी पर सख्ती करता जा रहा है। अब सरकार ने एक बड़े फैसले में जम्मू-कश्मीर में चेनाब नदी पर बनने वाली सावलकोट जलविद्युत परियोजना को मंजूरी दे दी है। नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन ने इस परियोजना के लिए कंपनियों से बोलियां आमंत्रित की हैं। सिंधु जल संधि रद्द होने के बाद ये केंद्र सरकार द्वारा मंजूर की गई पहली नई परियोजना है। रिपोर्ट के मुताबिक, दस्तावेजों में कहा गया है कि निर्माण पद्धति और उपकरणों का चयन इस उद्देश्य से किया गया है कि परियोजना जल्द पूरी हो सके। परियोजना को पूरा होने में 9 साल लग सकते हैं।

### जम्मू-कश्मीर में जलविद्युत परियोजनाओं में तेजी ला रहा भारत

सिंधु जल संधि रद्द होने के बाद भारत लगातार चेनाब और घाटी की दूसरी नदियों पर जलविद्युत परियोजनाओं में तेजी ला रहा है। सरकार ने पाकल दुल और किरू परियोजनाओं को इसी साल दिसंबर तक और क्वार परियोजना को मार्च 2028 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### क्या है सावलकोट जल विद्युत परियोजना

*सावलकोट परियोजना जम्मू-कश्मीर के रामबन, रियासी और उधमपुर जिलों में चेनाब नदी पर बनने वाली जलविद्युत परियोजना है। इसका निर्माण 2 चरणों में किया जाएगा, जो पूरी होने पर 1,856 मेगावाट बिजली पैदा करेगी। इस परियोजना की शुरुआत वर्ष 1984 में हुई थी। परियोजना में 192.5 मीटर ऊंचा बांध, एक अपस्ट्रीम छोटा जलमार्ग, एक भूमिगत बिजली घर और पानी को वापस लाने के लिए एक प्रणाली शामिल है। परियोजना की अनुमानित लागत 31,380 करोड़ रुपये है।*

# खाना में छिपकली गिरने से 70 से अधिक बच्चे बीमार

## मिड-डे मिल पर कोहराम

एजेंसी ▶▶| पटना



बिहार के मधेपुरा में बच्चों के मध्यान्ह भोजन घातक साबित हुआ। सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारू टोला, साहुगढ़ में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) खाने से 70 से अधिक बच्चे बीमार हो गए। सभी बच्चों का सदर अस्पताल में इलाज किया गया। हालत में सुधार होने के बाद सभी को देर शाम घर भेज दिया गया। एमडीएम में छिपकली गिरना बच्चों के बीमार होने का कारण बताया गया। स्कूल प्रबंधन के अनुसार शनिवार को दोपहर में करीब डेढ़ बजे बच्चों को एमडीएम दिया गया। खाना खाने के कुछ देर बाद ही बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। देखते ही देखते 70 से अधिक बच्चे बीमार हो गए। बच्चों को उल्टी, पेट दर्द, घबराहट और बेचैनी की शिकायत से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही चार एम्बुलेंस स्कूल भेजी गई। सभी को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। बच्चों का इलाज किया गया। कक्षा आठ की एक छात्रा सुधा कुमारी की हालत गंभीर है। उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। स्कूल की एचएम नूतन कुमारी ने बताया कि पारस एग्रो एजेंसी ने खाना पहुंचाया था। कई बच्चों को खाना खिलाने के बाद एमडीएम में छिपकली का पता चला।

### एजेंसी ने पहुंचाया था खाना

बताया गया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारू टोला, साहुगढ़ में दिन के करीब एक बजे निजी एजेंसी द्वारा एमडीएम का खाना पहुंचाया गया। इसके बाद बच्चों को एमडीएम खिलाना शुरू किया गया। कई बच्चों को खाना खिलाने के बाद एमडीएम में छिपकली गिरा होने का पता चला। इस बीच खाना खाने वाले बच्चों की तबीयत खराब होने की शिकायत मिलने लगी। आनन- फानन में बच्चों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। कई बच्चों के अस्पताल पहुंचने से अफर- तफरी मच गयी।

**अर्जुन नगर क्षेत्र से लापता हुई थीं नाबालिग लड़कियां**

# दो दिन बाद तीन लड़कियों को पुलिस ने बिलासपुर से किया सुरक्षित बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले के भिलाई से दो दिन पहले गायब हुईं तीन लड़कियों को क्राइम यूनिट और विशेष टीम की मदद से रविवार को सकुशल बिलासपुर जिले के उसलापुर क्षेत्र से बरामद कर लिया गया है। दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना 6 फरवरी शाम की है। सुपेला नगर थाना अंतर्गत अर्जुन नगर कैंप-1 में रहने वाली तीन नाबालिग लड़कियां जो आपस में दोस्त भी थीं, घर से बिना किसी को कुछ बताए ही कहीं चली गईं। काफी तलाश के बाद जब उनका पता नहीं चला तो दूसरे दिन परिजनों ने सुपेला थाना पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। सुपेला पुलिस ने पहले तो आसपास खोजबीन की, लेकिन जब तीनों का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने लड़कियों की तलाश के चार विशेष टीमों का गठन किया। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी और डीएसपी चित्रा वर्मा के नेतृत्व में टीमों ने तलाश शुरू की। पुलिस ने पहले आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया। लोगों से पूछताछ की। संभावित स्थानों पर पतासाजी करना शुरू किया। इसके अलावा आरपीएफ, जीआरपी और चाइल्ड लाइन को भी तीनों के गायब होने की सूचना दी गई। सूचना पर रेलवे पुलिस ने तीनों बालिकाओं को उसलापुर जिला बिलासपुर से सकुशल खोज निकाला। तीनों बालिकाओं को सुरक्षित चिल्ड्रन होम में रखा गया है। इसके बाद दुर्ग पुलिस को सूचना देकर परिजनों के साथ पुलिस बिलासपुर के लिए रवाना हुई।



**बरामद किया गया**

चार अलग-अलग टीमे बनाई गई थी। शिकायत मिलने पर तुरंत पुलस खोजबीन शुरु किया गया। आसपास में लगे सीसीटीवी को भी खंगाला गया है। उसलापुर बिलासपुर से सुरक्षित तीनों को बरामद किया गया है।
- मणीशंकर चंद्रा, एएसपी

### दो दिनों तक जिले में मचा रहा हड़कंप

अचानक से तीन नाबालिग के गायब होने की सूचना से जिले में हड़कंप मच गया था। पुलिस की टीम ने खोजबीन करना शुरु कर दी। 8 फरवरी को रेलवे पुलिस बिलासपुर से दुर्ग पुलिस को सूचना मिली कि तीन लड़कियां उसलापुर रेलवे स्टेशन में मिली हैं। पुलिस ने वाट्सअप में उनका फोटो मंगवाया। शिनाख्त होने के बाद तुरंत यहां से एक टीम को भेजा गया।

**असामान्य स्थिति पर 112 में दें सूचना :** पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बच्चों को लेकर किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति या गुमशुदगी की सूचना मिलने पर नजदीकी थाना व डायल 112 पर सूचना दें। जिससे समय पर कार्रवाई किया जा सके।

## सुप्रीम कोर्ट की तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम चेतावनी

# बीआरएस विधायकों की अयोग्यता पर 3 हफ्ते में करें फैसला, अन्यथा अवमानना की कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने को तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वो भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के अंदर निर्णय लें। कोर्ट ने साफ किया है कि अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया, तो उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से मौखिक रूप से कहा कि इस मामले पर रील्स न बनाएं। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस ए.जी. मसीह की बेंच शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत विधानसभा अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा निर्धारित अवधि में निर्णय न लेने के कारण कोर्ट में अवमानना याचिकाएं दायर की गई थीं।

### राज्य सरकार ने मांगा 3 सप्ताह का समय

गौरतलब है कि 16 जनवरी को सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी और मुकुल रोहतगी (तेलंगाना राज्य की ओर से) ने दो सप्ताह का समय मांगा था, जिसे कोर्ट ने यह उम्मीद जताते हुए मंजूर किया था कि कुछ प्रगति होगी। आज सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि एक मामले में फैसला हो चुका है, जबकि शेष दो मामलों में निर्णय आसन्न है और इसके लिए तीन सप्ताह का समय मांगा। उन्होंने यह भी कहा कि नगरपालिका चुनावों के कारण समय लगा और दूसरी ओर से भी समय मांगा गया था।



### याचिकाकर्ता ने किया विरोध

याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वकील ने फिर से समय दिए जाने का विरोध किया और कहा कि स्पीकर पहले ही तीन बार समय ले चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तथ्यों को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है और केवल एक ही सुनवाई क्यों हुई, यह सवाल उठाया। उनके अनुसार, कुछ मामलों में तथ्य निर्विवाद हैं- जैसे एक विधायक का कांग्रेस से लोकसभा चुनाव लड़ना/हारना और दूसरे मामले में विधायक की बेटी का कांग्रेस से जीतना-तो फिर निर्णय में देरी क्यों।

### 'कृपया इसे रील्स का विषय न बनाएं'

जस्टिस करोल ने कहा कि पिछली सुनवाई में स्पीकर ने तीन सप्ताह मांगे थे पर कोर्ट ने दो सप्ताह दिए थे ताकि प्रगति देखी जा सके। चूंकि एक निर्णय हो चुका है, इसलिए कुछ और समय देना उचित होगा। साथ ही कोर्ट ने स्पष्ट किया 'हम स्पीकर से अपेक्षा करते हैं कि वे सकारात्मक रूप से निर्णय लें, अन्यथा हम अवमानना की कार्यवाही करेंगे। आदेश सुनाने के बाद जस्टिस करोल ने याचिकाकर्ता से मौखिक रूप से कहा, 'कृपया इसे रील्स का विषय न बनाएं यह एक नया उद्योग बनता जा रहा है।

### क्या है मामला

दरअसल विधायक वेंकट राव तेल्लम, कादियम श्रीहरि और दानम नागेंद्र 2023 के विधानसभा चुनावों में बीआरएस के टिकट पर चुने गए थे, लेकिन बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए। स्पीकर द्वारा तीन महीने से अधिक समय तक निर्णय न लेने पर बीआरएस विधायक कुणा पांडु विवेकानंद, पाडी कौशिक रेड्डी और बीजेपी विधायक अल्लेटी महेश्वर रेड्डी ने तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया।

### हाईकोर्ट ने दिया था ये फैसला

9 सितंबर 2024 को हाईकोर्ट की एकल बेंच ने स्पीकर को चार सप्ताह में सुनवाई का कार्यक्रम तय करने का निर्देश दिया था। नवंबर 2024 में डिवीजन बेंच ने यह आदेश रद्द करते हुए कहा कि स्पीकर को उचित समय में निर्णय लेना चाहिए। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे याचिकाकर्ताओं की अपील पर, जुलाई 2025 में शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट डिवीजन बेंच का आदेश रद्द कर स्पीकर को तीन महीने में निर्णय करने का निर्देश दिया था।

## घातक हथियार व विस्फोटक भी बरामद

# अमृतसर सीमा के पास से 25 किलो हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| अमृतसर



सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में सीमा पार नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अमृतसर में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने हेरोइन और हथियारों के जखीरे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि बीएसएफ ने पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में 25 किलो हेरोइन, 2 पिस्तौल और 60 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस दौरान अमृतसर ग्रामीण स्थित घोघा क्षेत्र के रहने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से एक उत्तर प्रदेश और अमृतसर का निवासी है। पुलिस ने दो अलग-अलग एनडीपीएस मामलों में 11 किलोग्राम हेरोइन (3 किलोग्राम + 8 किलोग्राम) की भारी खेप और 5.75 लाख रुपए ड्रग मनी बरामद की।

# ग्रैंड कैनाल का रियाल्टो आर्क ब्रिज: हर फिल्ममेकर और आर्टिस्ट का फेवरिट, जानें क्यों है इतना खास

**वेनिस।** इटली के रोमांटिक शहर वेनिस की बात हो और रियाल्टो ब्रिज का जिक्र न आए, यह लगभग असंभव है। ग्रैंड कैनाल पर बना यह पुल न सिर्फ वेनिस की जान माना जाता है, बल्कि यह शहर की समृद्ध विरासत और अद्भुत इंजीनियरिंग का प्रतीक भी है। सैकड़ों वर्षों से यह पुल वेनिस के लोगों और यात्रियों के दिलों में एक खास जगह बनाए हुए है। आज रियाल्टो ब्रिज वेनिस आने वाले हर पर्यटक की सूची में सबसे ऊपर होता है। यहां से ग्रैंड कैनाल का नजारा देखने या गोंडोला की सवारी करने का अनुभव अद्भुत होता है। चार सदियों से यह पुल जिस मजबूती से खड़ा है, वह वेनिस की सुंदरता और उसके अटूट इतिहास का प्रतीक है।

### इतिहास से जुड़ी रोचक कहानी

रियाल्टो ब्रिज का इतिहास 16वीं शताब्दी तक जाता है। आज जो शानदार पत्थर का पुल खड़ा है, उससे पहले यहां लकड़ी का पुल हुआ करता था। यह पुल व्यापारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण था क्योंकि यहीं से वेनिस के मुख्य व्यापारिक इलाके रियाल्टो मार्केट तक पहुंचा जाता था, लेकिन आग और ढहने की घटनाओं के कारण वह पुल बार-बार नष्ट होता रहा।



### 1588-1591 के बीच दोबारा पत्थरों से बनाया गया

बार-बार नष्ट होने के कारण 1588 से 1591 के बीच मशहूर वास्तुकार एंटोनियो दा पोंटे ने इस पुल को पत्थर से दोबारा बनाया। उस समय इस तरह का एक ही मेहराब वाला पुल बनाना एक बड़ा तकनीकी चमत्कार था। लोगों को डर था कि यह भारी पत्थर का पुल अपने ही वजन से गिर जाएगा, लेकिन आज 400 साल बाद भी यह मजबूती से खड़ा है। मानो इतिहास को अपनी बाहों में थामे हुए।

### एक मेहराब वाला अनोखा डिजाइन

रियाल्टो ब्रिज की सबसे खास बात इसका डिजाइन है। यह एक सिंगल आर्च ब्रिज है- यानी इसमें केवल एक बड़ा मेहराब है जो ग्रैंड कैनाल के दोनों किनारों को जोड़ता है। पुल की लंबाई करीब 157 फीट और चौड़ाई लगभग 72 फीट है। पूरी तरह पत्थर से बने इस पुल के दोनों ओर छोटी-छोटी दुकानों की पंक्तियां हैं, जहां कांच के सामान, आभूषण, स्मृति-चिह्न और हस्तशिल्प बिकते हैं।

### 1000 साल पुरानी परंपरा

रियाल्टो ब्रिज के पास स्थित रियाल्टो मार्केट वेनिस का दिल कहा जा सकता है। करीब हजार वर्षों से यह बाजार शहर की आर्थिक धड़कन रहा है। आज भी यहां ताजे फल, सब्जियां और समुद्री भोजन खरीदने के लिए स्थानीय लोग और पर्यटक आते हैं। रंगीन दुकानों और भीड़भाड़ से भरी यह जगह वेनिस के पुराने जीवन का जीवंत दृश्य पेश करती है।

### फिल्मों और पेंटिंग्स में अमर हुआ पुल

रियाल्टो ब्रिज सिर्फ एक ऐतिहासिक स्मारक नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक प्रतीक भी है। कई फिल्मों, पेंटिंग्स और साहित्यिक कृतियों में इसका चित्रण हुआ है। गोंडोला से जब पर्यटक इसके नीचे से गुजरते हैं, तो उन्हें लगता है जैसे वे किसी फिल्म के दृश्य में जी रहे हों। शाम के समय जब पुल पर सूरज की रोशनी सुनहरी चमक बिखेरती है, तो इसका नजारा मन मोह लेता है।

### अतीत को वर्तमान से जोड़ता है

स्थानीय लोग कहते हैं, "रियाल्टो ब्रिज सिर्फ पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि वेनिस की आत्मा है।" यह पुल न सिर्फ शहर के दो किनारों को जोड़ता है, बल्कि अतीत और वर्तमान के बीच का पुल भी बन गया है। यह हमें याद दिलाता है कि वास्तुकला केवल निर्माण नहीं, बल्कि संस्कृति और भावना का संगम होती है। पुल ही नहीं एक जीवंत छोटा बाजार भीयही वजह है कि यह पुल सिर्फ एक रास्ता नहीं बल्कि एक जीवंत छोटा बाजार भी है। दिन के समय यहां स्थानीय लोग और पर्यटक मिलकर एक अद्भुत माहौल बना देते हैं।

# इंडोनेशिया में रहता है दुनिया का सबसे लंबा अजगर सांप, लंबाई जानकर उड़ जाएंगे होश



**इंडोनेशिया।** रेटिकुलेटेड अजगर दुनिया के सबसे लंबे सांप होते हैं, जिनकी औसत लंबाई आमतौर पर 10 से 20 फीट के बीच होती है। हालांकि, इंडोनेशिया के जंगलों में दुनिया का सबसे बड़ा रेटिकुलेटेड अजगर मिला है, जिसकी लंबाई 23 फीट 8 इंच है। यह एक मादा अजगर है, जिसका शरीर एक बड़ी डिलिवरी ट्रक इतना लंबा है। इसकी लंबाई के चलते इस अजगर का नाम गिनीज बुक में शामिल कर दिया गया है।

### कहां पाया गया था यह अजगर?

2025 में सुलावेसी के मारोस क्षेत्र में इस विशालकाय सांप को देखा गया था। इसके नाम दुनिया के सबसे लंबे ज्ञात सांप का विश्व रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। बेहोशी की हालत में, जब उसका शरीर पूरी तरह से शिथिल होता है तो वह 10 प्रतिशत और लंबा हो सकता है। देखा जाए तो वास्तव में उसकी लंबाई 26 फीट के करीब होने की संभावना है। हालांकि, गिनीज बुक ने सुरक्षा के लिहाज से उसे बेहोश करके नहीं मापा है।

### एक विशाल पांडा जितना है सांप का वजन

इस अनोखे सांप का नाम इबू बैरन रखा गया है, जिसका मतलब 'उच्च सामाजिक स्थिति वाली महिला' होता है। इसकी लंबाई के साथ-साथ इसका वजन भी देखा गया था, जो कि 96.5 किलो है। इसके लिए उन तराजू का इस्तेमाल किया गया था, जिनका उपयोग आमतौर पर चावल की बोरियों का वजन करने के लिए किया जाता है। इबू की देखरेख अब स्थानीय संरक्षणवादी बुडी पुरवांतो कर रहे हैं, जिन्होनें एक सांप अभयारण्य भी बनाया हुआ है।

### पुरवांतो ने ही सबसे पहले देखा था यह सांप

जैसे ही पुरवांतो को इबू के बारे में पता चला, वह तुरंत उसे बचाने पहुंच गए थे। उनका अभयारण्य मैरोस काउंटी में है, जहां वह ऐसे कई सांपों को रखते हैं। इससे न केवल सांप स्वस्थ रहते हैं, बल्कि स्थानीय लोग भी सुरक्षित रहते हैं। इस असाधारण सांप का मूल्यांकन डियाज नुग्राहा ने किया था, जो बोर्नियो के कालीमंतन के एक वन्यजीव गाइड, बचावकर्ता और प्रशिक्षक हैं। उनका सहयोग राडू फ्रेंटियू ने किया था, जो एक अन्वेषक और फोटोग्राफर हैं।

### शिकार निगलते समय और बड़ा हो जाता है इबू का शरीर

नुग्राहा और फ्रेंटियू ने इबू के बारे में सुनते ही सुलावेसी की टिकट बुक कर ली थीं। दोनों यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि उसका उचित दस्तावेजीकरण हो। उन्हें उम्मीद है कि इससे भविष्य में इबू और उसके जैसी अन्य प्रजातियों की रक्षा करने में मदद मिलेगी। फ्रेंटियू ने इस सांप के बारे में कहा, उसकी हर मांसपेशी एक शक्ति का स्रोत है। ऐसे सांप की ताकत और विशाल शिकार को निगलते समय उसके फैलने की क्षमता प्रभावित करती है।

# 11 महीने लापता पालतू बिल्ली माइक्रोचिप की बदौलत लौटी मालिक के पास

**न्यूयार्क।** जिनके घर पर पालतू जानवर होते हैं, वो ही उनसे बिछड़ने का दुख समझ सकते हैं। अगर वह एक पल के लिए भी आखों से ओझल हो जाए तो दिल बैठ जाता है। ऐसा ही अमेरिका के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ हुआ था, जिनकी पालतू बिल्ली अचानक लापता हो गई थी। उनकी बिल्ली 11 महीनों से लापता थी और वह उसकी तलाश करते-करते थक चुके थे। हालांकि, बिल्ली में लगी माइक्रोचिप की बदौलत वह घर वापस लौट सकी। कर्मचारियों ने कही यह बात इस बिल्ली का नाम हैरियट है, जो अब खुशी-खुशी अपने परिवार के साथ रह रही है। पशु नियंत्रण केंद्र के कर्मचारी यह नेक काम करके बेहद खुश हैं।



**स्वास्थ्य जांच के बाद चला माइक्रोचिप का पता_** यह बिल्ली अमेरिका के मिसौरी राज्य की सड़कों पर बेबस घूम रही थी। तभी अचानक रेमोर पशु नियंत्रण केंद्र के एक कर्मचारी की उस पर नजर पड़ गई। बस फिर क्या था, वह उसे उठाकर अपने केंद्र ले गए और उसकी स्वास्थ्य जांच करवाई। स्कैन करने के बाद पाता चला कि बिल्ली के शरीर में एक माइक्रोचिप लगी हुई है। यही माइक्रोचिप बिल्ली के असली मालिक को खोलने का एक जरिया बन गई।

### माइक्रोचिप में रहीं मालिक की पूरी जानकारी

जब कर्मचारियों ने बिल्ली के शरीर में लगी माइक्रोचिप को निकाला तो उन्हें उम्मीद की किरण नजर आई। दरअसल, इसमें बिल्ली के मालिक की सारी जरूरी जानकारी मौजूद थी। इस छोटी-सी चिप में मालिक के नाम और नंबर के साथ-साथ उनका पता तक लिखा हुआ था। कर्मचारियों ने देरी न करते हुए तुरंत मालिक से संपर्क किया और उन्हें बिल्ली के बारे में बताया। 11 महीने के लंबे इंतजार के बाद मालिक अपनी बिल्ली से दोबारा मिल सके।

## रोचक खबरें



# घर सफेद...गाड़ियां सफेद, इस शहर में नहीं दिखाई देता कोई और रंग!

**अश्गाबात।** रंग सभी को अच्छे लगते हैं, रंग-बिरंगे घर, इमारतें हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक शहर ऐसा भी है जहां हर चीज सिर्फ सफेद रंग की है। इस शहर को रंगीन कपड़े या रंगीन गाड़ियां नहीं भाती। जी हां, हम बात कर रहे हैं तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्गाबात की जिसे व्हाइट मार्बल सिटी के नाम से जाना जाता है। यहां हर इमारत सफेद संगमरमर से बनी है। ये कोई आम बात नहीं, बल्कि यहां के नियम और कानून का हिस्सा है। यहां सड़कों पर आपको सिर्फ सफेद गाड़ियां दिखाई देंगी। ये सिर्फ शौक के लिए नहीं है, बल्कि इसके पीछे की सच्चाई आपके होश उड़ा देगी। अश्गाबात में जहां तक नजर जाए वहां सिर्फ सफेद रंग दिखाई देता है। यहां की हर बिल्डिंग, सड़क, फुटपाथ, बस स्टॉप हर चीज पर सफेद रंग की चादर चढ़ी है। जब सूरज की रोशनी इन संगमरमर की इमारतों पर पड़ती है तो ये किसी अजूबे से कम नहीं लगता। शहर की दमक से आंखें चमक उठती हैं। अश्गाबात का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल है। साल 2000 के बाद जब अश्गाबात ने खुद को सोवियत संघ के पुराने ढांचे से बाहर निकाला, तब यहां के तत्कालीन राष्ट्रपति ने शहर को सफेद संगमरमर से ढकने की ठान ली। 550 से ज्यादा नई इमारतें बनवाई गई, जिनमें व्हाइट मार्बल का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल हुआ। सबसे हैरान कर देने वाली बात ये है कि अश्गाबात की सड़कों पर सिर्फ सफेद रंग की कार ही चल सकती है। अगर कोई रंग-बिरंगी गाड़ी लेकर सड़क पर निकले तो तुर्कमेनिस्तान पुलिस उसे तुरंत जब्त कर लेती है और भारी जुर्माना लगाती है। कहा जाता है कि कार को तब तक नहीं छोड़ा जाता जब तक उसका मालिक गाड़ी का रंग सफेद ना करवा ले।

# अब तक नीलामी में बिकने वाली सबसे महंगी घड़ियां, लाखों में नहीं करोड़ों में है कीमत

**जिनेवा।** घड़ियां अब केवल समय देखने के काम ही नहीं आतीं। ज्यादातर लोगों के लिए ये विलासिता, प्रतिष्ठा और सफलता का प्रतीक बन चुकी हैं। कई लक्जरी ब्रांड घड़ियां बनाते हैं, जो अपनी असाधारण कारीगरी के चलते लाखों में बिकती हैं। हालांकि, कुछ दुर्लभ घड़ियों को हासिल करने के लिए लोग लाखों क्या, करोड़ों रुपये खर्च करने से भी पीछे नहीं हटते हैं। इसी कड़ी में हम आपको नीलामी में बिकने वाली सबसे महंगी घड़ियों के बारे में बताने वाले हैं।



### पाटेक फिलिप स्टेनलेस स्टील

इस सूची में चौथा स्थान भी पाटेक फिलिप की घड़ी का है, जो स्टेनलेस स्टील मॉडल है। इसे 2016 में जिनेवा में फिलिप नीलामी के दौरान 100 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर बेचा गया था। इसके बाद कुछ समय तक यह दुनिया की सबसे महंगी घड़ी भी कहलाई थी। यह एक ऐसी घड़ी है, जिसमें शाश्वत कैलेंडर और क्रोनोग्राफ दोनों लगे हैं।

### रोलेक्स पॉल न्यूमैन डेटोना

दिग्गज अभिनेता और मोटरस्पोर्ट के शौकीन पॉल न्यूमैन अपने रेसिंग करियर के दौरान एक दुर्लभ रोलेक्स डेटोना घड़ी पहनते थे। इसकी लोकप्रियता इतनी बढ़ी की इसे 'पॉल न्यूमैन' डेटोना नाम दे दिया गया। उनके द्वारा पहनी जाने वाली रोलेक्स डेटोना ने नीलामी में आते ही धूम मचा दी थी। इसे 26 अक्टूबर, 2017 को न्यूयॉर्क में नीलाम किया गया था। इसकी कीमत 160 करोड़ रुपये से ज्यादा लगी थी, जिसके बाद यह रोलेक्स की सबसे महंगी घड़ी बन गई।

## देशभर में इस बार टमाटर का रेट लगभग एक सा

# सस्ता ही नहीं, अच्छा भी...अच्छी क्वालिटी के टमाटर थोक में 2 से 4 और चिल्हर में 5 से 10 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टमाटर के दाम अब जाकर बहुत कम हुए हैं। इस समय राजधानी रायपुर के थोक बाजार में जहां दाम 2 से 4 रुपए किलो हो गए हैं, वहीं चिल्हर में इसके दाम 5 से 10 रुपए किलो हैं। एक सप्ताह पहले ही टमाटर के दाम 20 से 30 रुपए किलो थे, लेकिन अब प्रदेश के टमाटरों का दूसरे राज्यों में जाना बंद होने के बाद दाम जमीन पर आ गए हैं। इस बार इसके दाम फरवरी में कम हुए हैं, जबकि बीते साल इसके दाम दिसंबर में ही कम हो गए थे। दूसरी सब्जियों के दाम भी इस समय बहुत कम हैं। परवल के दाम इस समय जरूर आसमान पर हैं। इसके दाम थोक में 230 रुपए और चिल्हर में 280 रुपए किलो हैं।

अलग खबर



### बीते माह तक दाम रहे ज्यादा

अब तक प्रदेश का लोकल टमाटर ज्यादा राज्यों में नहीं जाता था, लेकिन बीते साल से यहां के टमाटर कई राज्यों में जाने लगे हैं। यहां के टमाटर जहां उप्र, बिहार, झारखंड और ओडिशा जा रहे थे, वहीं पहली बार यहां से टमाटर दिल्ली और बंगाल भी गए। इससे अलावा टमाटर के सबसे बड़े हब धमधा क्षेत्र में कई हेक्टेयर में फसल खराब हो गई। ऐसे में जनवरी तक टमाटर के दाम थोक में 20 रुपए तक और चिल्हर में 30 रुपए तक रहे।

### टमाटर और सब्जियों के दाम बहुत कम

टमाटर के दाम अब बहुत कम हो गए हैं। अब बाहर के राज्यों में टमाटर नहीं जा रहा है। ऐसे में थोक में इसके दाम दो से चार रुपए हो गए हैं। सब्जियों के दाम भी बहुत कम हैं।

\- टी. श्रीनिवास रेड्डी, अध्यक्ष, डूमरतराई थोक सब्जी मंडी\

## तुड़ाई और परिवहन में 2 रुपए का खर्च, थोक में कीमत 3 रुपए

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

टमाटर के दाम अर्श से फर्श पर आ गया है। महीनेभर पहले मार्केट में जो टमाटर 40 रुपए चिल्हर में बिक रहा था, वह अब सीधे 5 से 6 रुपए किलो हो गया है। थोक में किसानों को 60 रुपए से लेकर 100 रुपए कैरेट बेचना पड़ रहा है। 25 किलो का एक कैरेट होता है। इस हिसाब से 2 रुपए से 3 रुपए किलो थोक भाव में किसान टमाटर बेच रहे हैं। दीगर राज्यों से एजेंट इसलिए नहीं आ रहे हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर भी टमाटर के दाम यहां से ले जाकर बेचने पर एक जैसा पड़ेगा। लोकल बाड़ियों से टमाटर की बंपर पैदावारी इन दिनों हो रही है।

### पैदावारी एक साथ

लोकल बाड़ियों और खेतों से टमाटर की पैदावारी एक साथ हो रही हैं। छत्तीसगढ़ से दीगर राज्यों में टमाटर का परिवहन होता था वह भी बंद है। इसलिए कि नेशनल स्तर पर भी टमाटर का रेट यदि यहां से ट्रांसपोर्टिंग कर लेकर जाएंगे तो मंहगा पड़ेगा। जिसकी वजह से ट्रांसपोर्टर छत्तीसगढ़ में वाहनों का रैंक लगा नहीं रहे। मंडी में लोकल टमाटर की आवक काफी ज्यादा होने से टमाटर के दाम तेजी से घट रहे हैं। आगे और रेट गिर सकते हैं।

\- **झबेद भूषण वैष्णव**, महासचिव छग प्रगतिशील किसान संगठन

# मगरमच्छ को मारकर भूख मिटाते हैं अफ्रीका की खूंखार जनजाति के लोग

**डेल्टा तुर्काना।** अफ्रीका महाद्वीप में कई ऐसी जनजातियां हैं जिनकी वाइल्डलाइफ दुनियाभर के लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती है। अफ्रीका की एक जनजाति दासानेच है जिनकी जीवनशैली आपको हैरान कर देगी। दासानेच समुदाय के लोग हजारों साल पुराने तरीके से अपना जीवन बिता रहे हैं। इस समुदाय के लोग भूख मिटाने के लिए मगरमच्छ का शिकार करते हैं। दासानेच जनजाति के लोगों को खूंखार माना जाता है इसी वजह से कोई इनके इलाके में भी नहीं जाता है। अफ्रीका महाद्वीप की दासानेच समुदाय के लोगों की जीवनशैली बहुत ही हैरान करने वाली है। दासानेच समुदाय के लोग केन्या के बॉर्डर के पास इथियोपिया की ओमो घाटी में रहते हैं। यह लोग यहां पर करीब 5000 सालों से भी अधिक पुरानी जीवनशैली के साथ अपना जीवन बिता रहे हैं। दासानेच समुदाय के लोग मुख्य रूप से ओमो नदी के डेल्टा तुर्काना के पास रहते हैं। दासानेच समुदाय के लोग इतने खतरनाक और खूंखार है कि, इनके इलाके में कोई नहीं जाता है। इन लोगों के लिए ओमो घाटी के सूखे में जिंदा रहना मुश्किल है इसलिए यह मांस के लिए अपने मवेशियों को मार देते हैं। इससे जब इनके भोजन की जरूरत पूरी नहीं होती है तो यह मगरमच्छ का शिकार करते हैं।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6133



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणत:-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 6132 का हल



## सूडोकु नवताल - 6143

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6142 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



# सिद्धांत ने मृणाल पर बरसाए फूल

**मुंबई।** मृणाल इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में'के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में दिखाई देंगे। मृणाल और सिद्धांत अपनी मूवी के प्रमोशन के लिए मुंबई में एक इवेंट में पहुंचे थे। इस बीच सिद्धांत ने एक नहीं, दो बार मृणाल पर फूलों की बारिश की। एक बार तब, जब वे इवेंट के दौरान फैंस से बातचीत कर रहीं थीं और दूसरी बार स्टेज पर। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। फैंस इस वीडियो पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। इन दिनों अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी फिल्मों से लेकर पर्सनल लाइफ तक को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम अभिनेता धनुष के साथ जोड़ा जा रहा था। यही नहीं यहां तक कहा जा रहा था कि मृणाल और धनुष वैलेंटाइन डे के मौके पर 14 फरवरी को शादी करने वाले हैं।

लाइफ Style



# नोरा

## परफॉर्म करने के बाद मनाया जन्मदिन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोरा फतेही ने पहले परफॉर्म किया है। इसके बाद उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया है। इसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने एक पोस्ट लिखी है।

अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। इसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर इसका वीडियो शेयर किया है और एक पोस्ट लिखी है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 'एक तो कम जिंदगानी', 'गर्मी', 'स्नेक' और 'वन्दे मातरम्' गाने पर शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने सबसे आखिर में एक वीडियो शेयर किया जिसमें देखा जा सकता है कि वह परफॉर्म करके वापस आईं। उनके साथियों और करीबियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लोगों का शुक्रिया अदा किया, केक पर लगी मोमबत्ती बुझाई और कई लोगों को हग किया। परफॉर्मेंस और जन्मदिन मनाने का वीडियो शेयर करते हुए नोरा फतेही ने लिखा 'टी20 वर्ल्डकप की ओपनिंग सेरेमनी और मेरे जन्मदिन का सेलेब्रेशन, वाह। मैं खुशनसीब हूं। जय हिंद।' 6 जनवरी 1992 को जन्मीं नोरा फतेही मोरक्को मूल की भारतीय अभिनेत्री और डांसर हैं। वह बॉलीवुड की फिल्म 'रोर' 'स्ट्रीट डांसर 3डी' और 'बी हैप्पी' जैसी फिल्मों में नजर आई हैं।

हॉलीवुड मसाला



## 59 साल की उम्र में करेंगी

# चौथी शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस हैली बेरी जल्द ही शादी कर सकती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी सगाई की बात को कंफर्म किया। हाल ही में 'द टुनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन' में हैली बेरी ने बताया कि वह वैन हंट संग शादी करेंगी। लेकिन यह शादी कब होगी इस बारे में उन्होंने कहा, 'जब वैन ने मुझसे शादी के लिए पूछा तो मैंने हां कर दी। लेकिन अभी हमारे पास शादी की तारीख को लेकर कोई अपडेट नहीं है। लेकिन मैं उनसे शादी जरूर करूंगी।' यह सुनकर शो में बैठे हुए हैली बेरी के फैंस काफी खुश हुए।



## एआई का जादू! टाइटैनिक में ऐश्वर्या-राजेश बने जैक एंड रोज़

**मुंबई।** आजकल एआई हर फील्ड में एंट्री मार चुका है और लोग इसका भरपूर इस्तेमाल भी कर रहे हैं। एआई की मदद से अब न सिर्फ अतीत को भी देखा जा सकता है, बल्कि इससे अब फिल्में भी बनाई जाने लगी हैं। हालांकि, एआई का दुरुपयोग भी खूब हो रहा है, पर कई बार इसकी मदद से बनी कई ऐसी चीजें सामने आ जाती हैं, जो हैरान कर देती हैं। जैसे कि 'टाइटैनिक' का ये वीडियो, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अगर 'टाइटैनिक' बॉलीवुड में बनती और इसे ऐश्वर्या राय और राजेश खन्ना के साथ बनाया जाता, तो फिल्म कैसी होती, यह एआई की मदद से दिखाया गया है। एआई की मदद से इस वीडियो में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि अगर 'टाइटैनिक' में ऐश्वर्या राय, रोज़ का किरदार निभातीं और राजेश खन्ना, जैक का किरदार, तो फिर वो कैसे लगते।



## कलाकार को काम के घंटे तय करने का हक हो

**मुंबई।** अदिति राव हैदरी फिल्मों में अलग-अलग जॉनर के किरदार निभाती हैं। सोशल इश्यूज पर बनी फिल्में भी उन्होंने की हैं। असल जिंदगी में भी वह कई मुद्दों पर अपनी बात रखती हैं। हाल ही में उन्होंने इंडस्ट्री में लंबे काम के घंटों पर अपना नजरिया बताया है। अदिति राव हैदरी कहती हैं, 'मुझे लगता है कि यह हर व्यक्ति की अपनी पसंद है। अगर कोई कलाकार तय घंटे तक काम करना चाहता है, तो यह उसका पूरा हक है। अगर कोई अलग तरह से काम करना चाहता है, तो वह भी उसकी अपनी पसंद है।' वह आगे कहती हैं, 'फिलहाल मैं अपनी जिंदगी और अपने करियर के उस दौर में हूं, जहां जरूरत से ज्यादा घंटे काम कर रही हूं। लेकिन कुछ दिन ऐसे होते हैं, जब सच में महसूस होता है कि एक्टर से अच्छा काम लेने के लिए उसको रिलैक्स रखना जरूरी होता है।




## ओ रोमियो का गाना पान की दुकान रिलीज

**मुंबई।** शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' की रिलीज पर रोक नहीं लगी है और ये 13 फरवरी को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले, इसका गाना 'पान की दुकान' खूब धूम मचा रहा है। इसमें शाहिद कपूर और दिशा पाटनी हैं और उनकी केमेस्ट्री भी जबरदस्त है। शुक्रवार को मुंबई में अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' के गाने 'पान की दुकान' के लॉन्च के दौरान शाहिद कपूर को अचानक फैंस की भीड़ का सामना करना पड़ा। एक्टर ने कुछ लोगों को मंच पर आने के लिए इनवाइट किया था। देखते ही देखते, कई और लोग ऊपर चढ़ गए और उनके चारों ओर जमा हो गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अलग किया। वे कुछ देर के लिए मंच से हट गए, फिर वापस आकर कार्यक्रम में शामिल हुए। यह घटना तब घटी जब शाहिद तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म का प्रचार कर रहे थे।

टीवी मसाला



## चंद्रिका ने वैलेंटाइन डे से पहले मिस्ट्री मैन को किया प्रपोज

**नई दिल्ली।** चंद्रिका दीक्षित लोगों के बीच सस्पेंस बढ़ाती ही जा रही हैं। उन्होंने अपने मिस्ट्री मैन के साथ एक वीडियो बनाया था और कहा था कि वह 8 फरवरी को बताएंगी वह शख्स कौन है। उसका नाम-पता क्या है। लेकिन, इस बार भी उन्होंने लोगों को चूरन थमा दिया। हालांकि ,जो लेस्टेस्ट रील पोस्ट की है, उसमें उन्होंने उस आदमी को थ्री-मैजिकल वर्ड 'आई लव यू' कह दिया है। साथ ही कैप्शन में भी प्यार उड़ेला है।चंद्रिका दीक्षित 2 फरवरी से ही लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रही हैं। दिल्ली में वड़ा पाव बेचकर सुर्खियों में आईं और फिर 'बिग बॉस ओटीटी 3' का हिस्सा बनीं। और लंबे वक्त बाद अपने पति पर धोखा देने का आरोप लगाकर वह चर्चा का विषय बन गई हैं। उन्होंने मिस्ट्री मैन को प्रपोज कर दिया है, जो अब सरदार जी के लुक में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में चंद्रिका कहती हैं, 'तुम गलत थे कि मुझे कभी प्यार नहीं हो सकता।' मिस्ट्री मैन ने पूछा, 'तुझे किससे प्यार हो गया?' वड़ा पाव गर्ल ने जवाब दिया, 'तुमसे।' इसके बाद वह पूछते हैं, 'सच्ची?' तो वड़ा पाव गर्ल कहती हैं, 'आई लव यू।' फिर दोनों एक-दूसरे को अपनी बाहों में भर लेते हैं। इस पर लोगों ने तरह-तरह के रिएक्शन्स दिए हैं। एक ने लिखा, 'ये मिस्ट्री मैन कभी सिख कभी मुसलमान बन जाता है।' ए ने लिखा, 'अनफॉलो करो और सब इसको मास रिपोर्ट करो।'

### कृतिका बनने जा रही हैं गौरव की दूसरी दुल्हनिया

**नई दिल्ली।** 'कितनी मोहब्बत है' फेम कृतिका कामरा फाइनली शादी करने जा रहा हीं। उन्होंने गौरव कपूर के साथ अपने रिश्ते के बारे में पिछले साल ही बताया था। और अब खबर है कि ये दोनों फेरे वाले हैं। वह



अपने रिश्ते को एक अगले लेवल पर ले जाने के लिए तैयार हैं और शायद मार्च, 2026 में पति-पत्नी बन जाएंगे। हालांकि अभी कपल की तरफ से पुष्टि नहीं की गई है। 'कृतिका और गौरव साथ में खुश हैं और अच्छी लाइफ बिता रहे हैं। और वह अब अपने रिश्ते को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने के लिए एक्साइटेड हैं। वह मार्च के आखिरी दिनों या अप्रैल के पहले हफ्ते शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं।' इस शादी में में उनके परिवार और दोस्त शामिल होंगे। सोर्स ने बताया है कि मुंबई में कपल फेरे लेगा। फिलहाल उसकी सभी रस्मों की तैयारी में वो जुटे हुए हैं। कृतिका और गौरव ने सभी फंक्शन्स के बारे में अभी कुछ फाइनल नहीं किया हैं कि वह क्या कुछ करेंगे। मगर वह मुंबई में इंडस्ट्री के लोगों को रिसेप्शन जरूर देंगे। बता दें कि कृतिका और गौरव ने दिसंबर, 2025 में अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था।

## जब अमिताभ को कहा गया थर्ड रेट एक्टर साधा विदेशी सोच पर निशाना

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपनी बात फैंस तक पहुंचाते हैं। साथ ही वह नियमित ब्लॉग भी लिखते हैं। हाल ही में अपने एक ब्लॉग में उन्होंने एक पुराना और बुरा अनुभव साझा किया। साथ ही भारत की अंडर-19 विश्वकप जीत के वक्त 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री'वाले कमेंट को लेकर भी सफाई दी। ट्वीट करते हुए अमिताभ बच्चन ने लिखा था, 'अंडर-19 क्रिकेट इंडिया विश्व चैंपियन। दुश्मन को ठोक दिया। ब्लाइंड, महिला, पुरुष क्रिकेट, सभी विश्व चैंपियन। हम नंबर 1 हैं, शीर्ष पर है, विश्व में प्रथम हैं। हम तीसरे दर्जे के नहीं हैं, हम विश्व में प्रथम हैं। भारत माता की जय।'कई लोगों को अमिताभ बच्चन का 'तीसरे दर्जे के देश' वाली बात पसंद नहीं आई। इसी बात को लेकर अमिताभ ने एक ब्लॉग लिखकर पूरी कहानी साझा की है।



### पुराना अनुभव किया साझा

अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'मुझे एक देश (नाम नहीं बताऊंगा) में होने वाले फिल्म फेस्टिवल के लिए बुलाया गया था। प्लेन में मैंने उनका अखबार देखा, जिसमें मेरी एक फिल्म की तस्वीर थी। भाषा समझ में न आने पर मैंने एयर होस्टेस से पूछा कि क्या लिखा है। उसने कहा कि यह एक इंडियन फिल्म का पोस्टर है और अखबार में लिखा है कि इसका एक्टर देश में आ रहा है। मैं यह देखकर हैरान कि यह विदेशी देश हमारी फिल्मों से इतना प्रभावित कैसे और क्यों हो सकता है। लैंडिंग के बाद मुझे पता चला कि ऐसा क्यों था।'

### देश को तीसरे दर्जे का कहे जाने पर नाराज हुए

अमिताभ बच्चन अपने ब्लॉग में आखिरी में लिखते हैं, 'थर्ड रेट एक्टर वाली बात मैंने मान ली। लेकिन भारत को तीसरी दुनिया का देश कहा जाना मेरे लिए दुखद था। इसलिए मैं एक बार फिर अपनी बात को दोहरा रहा हूं। अंडर19 क्रिकेट इंडिया, वर्ल्ड चैंपियंस है। दुश्मन को हरा दिया है।' इस तरह अमिताभ बच्चन ने जता दिया कि क्यों उन्होंने 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री' वाला कमेंट पहले किया था। उनकी मंशा किसी को आहत करने की नहीं थी। वह सिर्फ विदेशी लोगों की भारत को लेकर सोच को उजागर कर रहे थे। साथ ही उन्हें करारा जवाब भर दे रहे थे।

## आयुष्मान-सारा की पति पत्नी और वो दो की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट बदल गई है। अब इसके लिए दर्शकों को इंतजार करना पड़ेगा। इस साल रिलीज होने जा रही फिल्मों की रिलीज डेट में बदलाव का क्रम जारी है। बीते दिन अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' की रिलीज डेट में बदलाव का एलान किया था। आज रविवार को आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट भी बदलने की बात सामने आई है। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' पहले होली के अवसर पर 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। मगर, अब यह फिल्म होली के मौके पर रंग नहीं जमाएगी, क्योंकि तारीख में बदलाव कर दिया गया है। दर्शकों के लिए इंतजार थोड़ा लंबा हो गया है। यह फिल्म अब गर्मियों में रिलीज होगी। बता दें कि ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने आज एक ट्वीट करके यह जानकारी दी है।



इसके मुताबिक फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' अब 15 मई को रिलीज होगी। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' में आयुष्मान खुराना और सारा अली खान के अलावा रकुल प्रीत सिंह व वामिका गब्बी भी अहम भूमिका में हैं। दिलचस्प बात यह है कि पहले होली के अवसर पर रिलीज होने वाली यह फिल्म अब उस दिन रिलीज होगी, जिस दिन अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' आने वाली थी। अक्षय की 'भूत बंगला' पहले 15 मई को रिलीज हो रही थी। मगर, बीते शनिवार अक्षय कुमार ने बताया कि यह फिल्म अब 10 अप्रैल को रिलीज हो रही है। ऐसे में अक्षय की फिल्म की जगह पर 'पति पत्नी और वो दो' के मेकर्स ने कब्जा कर लिया।

## याद आ जाएंगे रिलेशनशिप के शुरुआती दिन

# वैलेंटाइन वीक में अपने पार्टनर के साथ देखें ये 6 रोमांटिक वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** वैलेंटाइन वीक प्यार और दोस्ती के लिए खास फेस्टिवल की तरह है। ये सात दिन का होता है, जो 7 फरवरी से 14 फरवरी तक चलता है। इस वीक में आप अपने खास लोगों से प्यार का इजहार कर सकते हैं। अगर आप लॉन्ग डिस्टेंस में हैं या आपके पास बाहर जाने का समय नहीं है, तो आप अपने पार्टनर के साथ घर बैठे इन 6 रोमांटिक वेब सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। ये सीरीज देखकर आपको एक बार फिर अपने रिलेशनशिप के शुरुआती दिन याद आ जाएंगे।

### मिसमैच्ड

प्राजक्ता कोली और रोहित सर्राफ की 'मिसमैच्ड' सबसे चर्चित रोमांटिक सीरीज में से एक है। इसमें आपको कॉलेज की लव स्टोरी देखने को मिलती है। इस सीरीज में आपको प्यार, तकरार और फिर से प्यार कैसे होता है, ये देखने को मिलेगा। इसके 3 सीजन आ चुके हैं और जल्द ही चौथा सीजन भी आने वाला है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### ब्रोकन बट ब्यूटीफुल

इस सीरीज में आपको दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही सोनिया राठी और विक्रांत मैसी लीड रोल में हैं। इस सीरीज की कहानी काफी इमोशनल है। किरदारों की लव लाइफ में काफी अड़चनें आती हैं, लेकिन प्यार कैसे बरकार रहता है, ये आप इस सीरीज में देख पाएंगे। ये सीरीज आपको एमएक्स प्लेयर और अमेजन प्राइम पर मिल जाएगी।



**लिटिल थिंग्स** : 'लिटिल थिंग्स' साल 2016 में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। सीरीज में मिथिला पालकर और ध्रुव सहगल नजर आएंगे। सीरीज की कहानी में 'ध्रुव' और 'काव्या' की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जो कि लिव इन में रहते हैं। इसमें आपको एक लिव-इन कपल के बीच की नोक-झोंक और प्यार देखने को मिलेगा। अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ लिव-इन में रहते हैं, तो ये सीरीज आपके लिए है।

### मॉडर्न लव मुंबई

मॉडर्न लव मुंबई में 6 अलग-अलग लव स्टोरीज दिखाई गईं हैं। सीरीज में फातिमा सना शेख, अरशद वारसी, प्रतीक गांधी और वामिका गब्बी अहम किरदार में नजर आएंगे। 'मॉडर्न लव' की खूबसूरती इसकी वैरायटी में है। यहां प्यार सिर्फ यंग कपल तक सीमित नहीं है। हर एक एपिसोड एक नयी कहानी है। ये 6 अनोखी कहानियां मॉडर्न प्यार और उसके महत्व पर आधारित हैं। इसे क्रिटिक्स से भी काफी सराहना मिली थी। इस सीरीज को आप अमेजन प्राइम पर देख सकते हैं।

### हॉस्टल डेज

इस सीरीज में आदर्श गौरव, एहसास चन्ना, निखिल विजय और आयुशी गुप्ता लीड रोल में हैं। इसमें रोमांस और कॉमेडी का शानदार बैलेंस है। अंकित और आकांक्षा की लव स्टोरी दर्शकों को कॉलेज के सुनहरे दिनों की याद दिलाती है। सीनियर्स की रैगिंग, पढ़ाई का दबाव और दोस्तों के साथ मस्ती इस सीरीज को और मजेदार बनाती है। अगर आप कॉलेज रोमांस और हॉस्टल लाइफ की मूवी या सीरीज पसंद करते हैं, तो यह सीरीज आपके लिए है। ये सीरीज आपको अमेजन प्राइम पर मिलेगी।

### फ्लेम्स

अमेजॉन प्राइम वीडियो की ये रोमांटिक सीरीज आपको अपने ट्यूशन के दिनों की याद दिला देगी। इस सीरीज में ऋत्विक साहोरे और तान्या मानिकतला अहम किरदार में हैं। किस तरह से ट्यूशन के टाइम पर प्यार और दोस्ती होती है। कैसे आप छुप-छुपकर अपने पार्टनर और दोस्तों से मिलते है, ये सब आपको इस सीरीज में देखने को मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### भारतीय पिचों पर विविधता होना बहुत जरूरी है: फर्ग्युसन

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने टी20 विश्व कप मैच के दौरान अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम के दो विकेट जल्दी चटकाकर टीम को उम्मीद से कम स्कोर पर रोकने के बाद कहा कि भारतीय पिच पर गेंदबाजों के लिए विविधता 'बहुत जरूरी' है। फर्ग्युसन ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत में कभी-कभी यह जानना मुश्किल होता है कि प्रतिस्पर्धी स्कोर क्या है। जितने वर्षों से मैं यहां आ रहा हूं, पिच बेहतर होती जा रही हैं। हां, विविधता होना बहुत जरूरी है। हर अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज के पास ये विविधताएं होती हैं।' न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की और चेपक की पिच पर फर्ग्युसन अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन से खुश दिखे।

### सूर्यकुमार में ठहराव आ गया : हरमीत सिंह



**मुंबई।** दबाव के क्षणों में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का शांतचित्त आत्मविश्वास अमेरिका के स्पिनर हरमीत सिंह को महान महेंद्र सिंह धोनी की याद दिलाता है। अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में भारत को संकट से निकालकर सूर्यकुमार ने 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी खेली और जीत के सूत्रधार रहे। हरमीत ने कहा ,' बेशक, हम यह सब सोचते थे लेकिन उन्हें सफलता देर से मिली। मुझे लगता है कि अब उनमें वह ठहराव आ गया है, जो एमएस धोनी में भी उनके कैरियर के आखिरी दौर में था।' उन्होंने कहा,'एक स्ट्रोक प्लेयर के तौर में उनमें जो लय थी, उन्होंने एक समझदारी भरी पारी खेलकर फिनिशर की भूमिका निभाई।

### लाइन और लेंथ पर टिके रहने की थी योजना: सिराज



**मुंबई।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि जून 2024 के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर वह सबसे छोटे प्रारुप के लिए अपनी तैयारी को लेकर साफ थे और अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में रणजी ट्रॉफी में फेंकी गई लाइन और लेंथ पर टिके रहना ही उनकी योजना थी। सिराज शनिवार से शुरू हुए विश्व कप के लिए शुरुआत में भारत की योजनाओं का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने हालांकि टीम में वापसी की और एकादश में शामिल होकर वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान टीम की 29 रन की जीत में 29 रन देकर तीन विकेट लिए।

न्यूजीलैंड ने किया बड़ा टारगेट चेज, सेफर्ट ने जड़ी तूफानी फिफ्टी, फर्ग्यूसन को 2 विकेट


# अफगानिस्तान का 25 मैचों का अजेय रिकॉर्ड टूटा, 180 प्लस रन के बावजूद न्यूजीलैंड से हारा

एजेंसी ⏭ चेन्नई

एम ए चिदंबरम स्टेडियम की स्पिन गेंदबाजों के अनुकूल पिच पर अफगानिस्तान के स्पिनरों ने निराश किया और बेहतर शुरुआत के बाद रविवार को टी20 विश्व कप के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस हार की वजह से अफगानिस्तान का एक बड़ा रिकॉर्ड भी टूटा है। अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए इस मैच से पहले टी20 में 25 बार 180 या उससे अधिक का स्कोर पहले बल्लेबाजी करते हुए बनाया था और हर बार मैच जीतने में सफलता हासिल की थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान का जीत का ये क्रम टूट गया। अफगानिस्तान को 182 रन बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। 26 मौकों में पहली बार ऐसा हुआ है जब अफगानिस्तान को 180 रन से अधिक बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा है।

### न्यूजीलैंड का शानदार आगाज

अफगानिस्तान को हराकर न्यूजीलैंड ने अपने सफर का शानदार आगाज किया है। न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 183 के लक्ष्य को सलामी बल्लेबाज टिम सेफर्ट के अर्धशतक की मदद से 5 विकेट के नुकसान पर 17.5 ओवर में हासिल कर लिया। 183 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी न्यूजीलैंड को पारी के दूसरे ओवर में ही लगातार गेंदों पर मुजीब उर रहमान ने फिन एलेन और रचिन रवींद्र के रूप में दो बड़े झटके दिए थे। रहमान ने दोनों को बोल्ड कर दिया। दो विकेट 14 रन पर गंवाकर न्यूजीलैंड मुश्किल में थी।




### सेफर्ट ने खोला जीत का रास्ता

टिम सेफर्ट चौथे विकेट के रूप में 42 गेंद पर 3 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 65 रन बनाकर आउट हुए। सेफर्ट की इस पारी ने ही न्यूजीलैंड की जीत का रास्ता खोला। चैपमेन 17 गेंद पर 28 रन बनाकर आउट हुए। डेरिल मिचेल ने 14 गेंद पर 25 और कप्तान मिशेल सेंटनर ने 8 गेंद पर 17 रन बनाकर टीम का स्कोर 17.5 ओवर में 5 विकेट पर 183 तक पहुंचाकर टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान को छोड़ कोई भी गेंदबाज प्रभावी नजर नहीं आया। रहमान ने 4 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए। ओमरजाई ने 3.5 ओवर में 40 रन देकर 1, राशिद खान ने 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट लिए। मोहम्मद नबी ने 1 ओवर में 18 रन लुटाकर 1 विकेट लिए।

### गुलबदीन ने खेली अर्धशतकीय पारी

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने वाली अफगानिस्तान ने 6 विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए थे। अफगानिस्तान के लिए गुलबदीन नायब ने 35 गेंद पर 4 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 63 रन की पारी खेली थी। रहमनुल्लाह गुरबाज ने 22 गेंद पर 27, सेदिकुल्लाह अटल ने 24 गेंद पर 29, दरवेस रसूली ने 13 गेंद पर 20, अजमतुल्लाह ने 7 गेंद पर 14 और नबी ने नाबाद 7 गेंद पर 10 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 2 और मैट हेनरी, जैकब डफी और रवींद्र ने 1-1 विकेट लिए थे। टिम सेफर्ट प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

विश्व कप

# नेपाल ने इंग्लैंड को दी कड़ी टक्कर मात्र 4 रन से हारा मुकाबला



एजेंसी ⏭ मुंबई

वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को खेले गए टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मुकाबले में बड़ा उलटफेर होते-होते बचा। सांस रोक देने वाले रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने नेपाल को 4 रन से हराया। आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी, लेकिन नेपाल 5 रन बना सकी और 4 रन से मैच हार गई। इंग्लैंड की तरफ से आखिरी ओवर सैम करन ने किया था।

### नेपाल टीम ने जीवटता का दिया परिचय

*185 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी नेपाल क्रिकेट टीम मजबूत जीवटता का परिचय दिया। कुशाल भुर्टेल के 17 गेंद पर 29, कप्तान रोहित पॉडेल के 34 गेंद पर 39 रन, दीपेंद्र सिंह एरे के 29 गेंद पर 44, और लोकेश बाम के 20 गेंद पर बनाए 39 रन की बदौलत नेपाल ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। नेपाल जीत से सिर्फ एक शॉट पीछे रह गई। सैम करन ने भी आखिरी ओवर में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और लीग क्रिकेट का पूरा अनुभव दिखाया, जिसकी वजह से इंग्लैंड को जीत हासिल हो सकी।*

### बेथेल और ब्रूक ने खेली अर्धशतकीय पारी

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 184 रन बनाए थे। जैकब बेथेल और कप्तान हैरी ब्रूक ने अर्धशतक लगाया था। बेथेल ने 35 गेंद पर 4 छक्के और 4 चौकों की मदद से 55 और ब्रूक ने 32 गेंद पर 3 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 53 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे विल जैक्स ने 18 गेंद पर 4 छक्कों की मदद से 39 रन बनाए थे। जोस बटलर ने भी 17 गेंद पर 26 रन की पारी खेली थी।

रणजी ट्रॉफी

## उत्तराखंड की सेमीफाइनल में जगह पक्की, झारखंड को पारी से हराया




एजेंसी ⏭ चजमशेदपुर

मयंक मिश्रा और अभय नेगी की धारदार गेंदबाजी से उत्तराखंड ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन झारखंड को पारी और छह रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। उत्तराखंड के बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर मिश्रा ने 22 रन पर पांच विकेट लेकर झारखंड को अपनी फिरकी के जाल में फंसाया जबकि तेज गेंदबाज अभय नेगी ने 36 रन देकर चार विकेट चटकाए, जिससे विरोधी टीम दूसरी पारी में सिर्फ 130 रन पर ढेर हो गई। कल के पांच विकेट पर 282 रन से आगे खेलते हुए उत्तराखंड ने तीसरे दिन मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए पहली पारी में 122.3 ओवर में 371 रन बनाकर 136 रन की बढ़त हासिल की। निचले क्रम के बल्लेबाज अभय नेगी ने 46 रन की पारी खेलकर उत्तराखंड को बड़ी बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। झारखंड की टीम पहली पारी में 235 रन ही बना सकी थी। दूसरी पारी में भी झारखंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 14 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों शिखर मोहन (02) और शरणदीप सिंह (08) के विकेट गंवा दिए।

### घरामी ने खेली नाबाद दोहरी शतकीय पारी, बंगाल को बढ़त

**कल्याणी।** सुदीप कुमार घरामी ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल के तीसरे दिन अपने करियर की यादगार पहली दोहरी शतकीय पारी खेली, जिससे बंगाल ने स्टंप तक पहली पारी में 123 रन की अहम बढ़त हासिल की। घरामी ने जबरदस्त संयम का परिचय देते हुए 451 गेंदों का सामना कर नाबाद 216 रन बना लिए हैं। इस तरह उन्होंने आंध्र के पहली पारी में 295 रन के जवाब में बंगाल को छह विकेट पर 418 रन तक बनाने में मदद की और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दाएं हाथ के 26 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी लंबी पारी के दौरान 27 चौके लगाए। उनकी यह मैराथन पारी शुरुआती झटकों से जूझ रही बंगाल की टीम के लिए अहम साबित हुई, जिसने आंध्र को लगभग मुकाबले से बाहर कर दिया। पहली पारी की बढ़त हासिल कर चुकी बंगाल ड्रॉ की स्थिति में भी सेमीफाइनल में प्रवेश कर सकती है। लेकिन अब वह चौथे दिन और रन जोड़कर आंध्र को पूरी तरह मैच से बाहर करने की कोशिश करेगी।

## मैनचेस्टर का विजय रथ, टोटेनहैम को हराकर टॉप-4 में बनाई जगह

प्रीमियम लीग

एजेंसी ⏭ मैनचेस्टर

माइकल कैरिक के मार्गदर्शन में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग फुटबॉल में लगातार चौथी जीत हासिल की, जिससे कुछ हफ्ते पहले मुश्किलों में नजर आ रही टीम अब काफी बेहतर स्थिति में दिख रही है। यूनाइटेड ने टोटेनहम को 2-0 से हराकर मुख्य कोच के तौर पर कैरिक की शत प्रतिशत जीत का सिलसिला जारी रखा और पिछले दो वर्षों से चैंपियंस लीग से बाहर रहने के बाद वापसी की उम्मीदों को बढ़ाया। टीम अब 25 मैच में 44 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। आर्सेनल ने शीर्ष पर नौ अंक की बढ़त बना ली है। टीम ने स्थानापन्न खिलाड़ी विक्टर ग्योकेरेस के दो गोल से संडरलैंड के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की।

■ कैरिक के मार्गदर्शन में लगातार चौथी जीत

आर्सेनल के 25 मैच में 56 अंक हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी (24 मैच में 47 अंक) रविवार को लीवरपूल से खेलेगा जबकि तीसरे स्थान पर मौजूद एस्टन विला (25 मैच में 47 अंक) ने बोर्नमाउथ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। चेल्सी ने कोल पाल्मर की हैट्रिक से आखिरी स्थान पर मौजूद वॉल्व्स के खिलाफ 3-1 की जीत दर्ज की।




## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप सर्वश्रेष्ठ टीम में खेलेंगे वैभव, कनिष्क और हेनिल को मिली जगह

एजेंसी ⏭ दुबई

युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईसीसी की अंडर-19 विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली, जिसमें तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 80 गेंद में 175 रन की शानदार पारी खेलने के बाद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए 14 साल के सूर्यवंशी के अलावा टीम के उनके साथी कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल को भी 12 सदस्यीय टीम में जगह मिली। भारत ने रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। कनिष्क ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार महत्वपूर्ण योगदान दिया जबकि हेनिल के 11 विकेट में अमेरिका के खिलाफ 16 रन देकर पांच विकेट का शानदार स्पैल भी शामिल था।




### आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम

वैभव सूर्यवंशी (भारत), विरान चामुदिथा (श्रीलंका), फैजल खान शिनोजादा (अफगानिस्तान), थॉमस रेव (विकेटकीपर, कप्तान) (इंग्लैंड), ओलिवर पीक (ऑस्ट्रेलिया), बेन मायेस (इंग्लैंड), कनिष्क चौहान (भारत), नूरीस्तानी उमरजई (अफगानिस्तान), विटेल लावेस (वेस्टइंडीज), अली रजा (पाकिस्तान), मैनी लुम्सडेन (इंग्लैंड), हेनिल पटेल (भारत)।

## लवलीना और अरुंधति का शानदार प्रदर्शन, भारत ने जीते 9 स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ ला नूसिया

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी की अगुआई में भारत ने बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को सात एलीट महिला फाइनल में भारतीयों ने प्रतिनिधित्व किया। वहीं 54 किग्रा वर्ग में फाइनल दो भारतीयों के बीच हुआ। भारतीय महिलाओं ने प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सैम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से अधिक मुक्केबाजों ने भाग लिया। भारत नौ स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल रहा।



### महिला मुक्केबाजों का बेहतरीन प्रदर्शन

भारतीय महिलाओं ने अंतिम दिन बेहतरीन प्रदर्शन किया। मंजू रानी (48 किग्रा) और नीतू (51 किग्रा) ने क्रमशः स्पेन की मार्टा लोपेज और नोएलिया गुटिरेज पर सर्वसम्मत जीत के साथ शुरुआत की। फिर पूनम (54 किग्रा) ने एक कड़े मुकाबले वाले हमवतन प्रीति को हराया।

एशियाई चैंपियनशिप: हिमांशु ढिल्लों और शांभवी क्षीरसागर ने जूनियर वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

# भारतीय निशानेबाजों का दबदबा, इलावेनिल-बबूता ने जीता गोल्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओलंपियन इलावेनिल वलारिवन और अर्जुन बबूता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल) में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जिससे भारतीय निशानेबाजों का दबदबा लगातार बना रहा। भारत की जीत की लय जारी रखते हुए हिमांशु ढिल्लों और शांभवी क्षीरसागर ने इसी स्पर्धा के जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की एयर राइफल स्पर्धा में शनिवार को स्वर्ण जीत चुकी इलावेनिल ने चार टीम के फाइनल में 24 शॉट में 253.4 का स्कोर किया जबकि बबूता ने पदक दौर में खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए 251.6 अंक जुटाए, जिससे जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।



### इलावेनिल और बबूता ने बनाए 505.0 अंक

इलावेनिल और बबूता ने मिलकर 505.0 अंक बनाए जिससे वे दक्षिण कोरिया की यूनजी क्वोन और किम वूरिम (501.0) से चार अंक आगे रहे जिन्हें रजत पदक मिला। जापान की मिसाकी नोबाटा और नाओया ओकाडा की जोड़ी ने 437.1 अंक से कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में भी अपना दबदबा बनाते हुए 632.8 के कुल स्कोर से पहला स्थान हासिल किया। हिमांशु और शांभवी ने शनिवार को अपनी व्यक्तिगत सफलताओं के बाद मिश्रित टीम स्वर्ण पदक भी जीता।

### 8 माह की गर्भवती शूटर मेघना ने जीता गोल्ड



भारत की महिला शूटर मेघना सज्जनार ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में कमाल कर दिया और पहले उन्होंने 10 मीटर एयर रायफल इवेंट (व्यक्तिगत) में ब्रॉन्ज मेडल जीता और फिर 10 मीटर एयर रायफल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने का कमाल किया। मेघना इस वक्त आठ माह की गर्भवती हैं और इस स्थिति में भी उन्होंने जो जज्बा दिखाया उसे सलाम है।

## नीदरलैंड को हराकर भारत ने बनाई बढ़त भांबरी-दक्षिणेश्वर ने खेला मैराथन खेल

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने मैराथन युगल मुकाबले में डेविड पेल और सैंडर एरेंड्स को 7-6, 3- 6, 7-6 से हराकर भारत को नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में रविवार को 2 -1 से बढ़त दिला दी। तीन घंटे तक चले बराबरी के मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी की जगह दक्षिणेश्वर को उतारने का भारतीय कप्तान रोहित राजपाल का फैसला सटीक साबित हुआ। दोनों टीमों के लिए यह अहम मुकाबला था क्योंकि कल स्कोर 1-1 से बराबर था ।

डेविस कप क्वालीफायर




### भाम्बरी ने खतरे को टाल

भाम्बरी की सर्विस पर लगातार दबाव था खासकर सातवें गेम में जब उनकी पहली सर्विस कमजोर पड़ गई थी। जब स्कोर 30-30 से बराबर था तब एक 'डबल फॉल्ट' से नीदरलैंड को ब्रेक प्वाइंट मिला लेकिन भाम्बरी ने सटीक रिटर्न से जवाब देकर खतरे को टाल दिया। इसके बाद दक्षिणेश्वर बैकहैंड वॉली पर गेम प्वाइंट बनाने से चूक गए और एरेंड्स के स्मैश से डच टीम को फिर बढत बनाने का मौका मिला। इस खतरे को भी भारतीय जोड़ी ने टाल दिया। इसके बाद लंबी रिटर्न पर एरेंड्स से चूक गई और यह लंबा गेम खत्म हुआ। अगले गेम में भारत को पहला ब्रेक प्वाइंट बनाने का मौका मिला लेकिन डच जोड़ी ने बचाव कर लिया। भारतीय जोड़ी को पांच ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने एक भी भुनाने नहीं दिया। सेट टाइब्रेकर में खिंचने के बाद भांबरी और दक्षिणेश्वर ने 4-0 की बढत बना ली और एक भी अंक गंवाये बिना इसे खत्म किया।




### अपराधः नर्मदा विकास विभाग को लगाई चपत

# ठेकेदार और बैंक प्रबंधक ने मिलकर की 82 लाख की धोखाधड़ी

**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने नर्मदा घाटी विकास विभाग के कार्यपालन यंत्री के प्रतिवेदन के आधार पर ठेकेदार और बैंक अधिकारी के खिलाफ 82 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है. आरोप है कि नर्मदा विकास विभाग के तहत कुण्ड वितरण नहर एवं इसके वितरण नहर प्रणाली का निर्माण कार्य की निविदा लेने वाले बैंगलोर के ठेकेदार और यूनियन बैंक सिविक सेंटर ब्रांच के अधिकारी ने मिलकर दोनों ने सांठगांठ करके बैंक में रखी एफडीआर चोरी-छिपे भुना ली। पुलिस प्रकरण को विवेचना में लेकर जांच कर रही है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदा घाटी विकास संभाग क्रमांक 02 के कार्यपालन यंत्री वीनेन्द्र कुमार भालाधरे ने एक प्रतिवेदन थाने में दिया जिसमें कहा गया है कि नर्मदा विकास अंतर्गत कुण्ड वितरण नहर एवं इसके वितरण नहर प्रणाली का निर्माण कार्य निविदा स्वीकृति 21 अक्टूबर 2004 के माध्यम से ठेकेदार मेसर्स कर्नाटका लेण्ड आर्मी बैंगलोर को दिया गया था, परंतु ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं किये जाने के कारण विभाग द्वारा विभाग एवं ठेकेदार के मध्य हुये अनुबंध को निरस्त किया गया। अनुबंध निरस्त किये जाने के विरोध में ठेकेदार द्वारा माध्यस्थ अभिकरण में अपील की गई। माध्यस्थम अभिकरण द्वारा पारित अधिनिर्णय दिनांक 07 सितम्बर 2022 के आदेशानुसार ठेकेदार की 43 लाख 75 हजार की दो बैंक गारंटी कुल 82 लाख की एफडी यूनियन



बैंक सिविक सेंटर, मढ़ाताल से बैंक ड्राफ्ट बनाकर राजसात की गई। तत्पश्चात ठेकेदार की जमा मूल एफ.डी. आर. नगदीकरण हेतु शाखा प्रबंधक, यूनियन बैंक मढ़ाताल को पत्र लिखा गया। यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि तकनीकी खराबी एवं पुरानी एफ.डी.आर. होने के कारण एकाउन्ट नंबर नहीं मिल रहा है जिसके कारण एफ.डी.आर. का नगदीकरण नहीं हो पा रहा है। एफ.डी. आर का नगदीकरण किये जाने हेतु पुनः शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक मढ़ाताल सिविक सेंटर को पत्र लिखा गया। शाखा प्रबंधक द्वारा अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि उक्त एफ.डी. आर. का नगदीकरण वर्ष 2015 में हो चुका हैं। ठेकेदार के खाते में एफ.डीआर की राशियां अंतरित कर दी गई है। शाखा यूनियन बैंक द्वारा इस तरह अवैधानिक रूप से नियम विरूद्ध कृत्य किये जाने पर इस कार्यालय द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया कि मूल एफ.डी. आर. इस कार्यालय में जमा है फिर किस आधार पर एफ.डी. आर की राशि ठेकेदार के खाते में अंतरित कर दी गई।
पुलिस ने समस्त अभिलेखों सहित मंगाये गये एवं जांच उपरांत पाया गया कि शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक मढ़ाताल सिविक सेंटर द्वारा कूटरचित ढंग से ठेकेदार को एफ.डी.आर. राशि का भुगतान करते हुये शासन को बहुत बड़ी हानि पहुंचाई गई है। जाँच पर प्रथम दृष्ट्या प्रोजेक्ट मैनेंजर के व्ही मलैश मेसर्स कर्नाटक लेण्ड आर्मी बैंगलोर (वर्तमान कर्नाटक रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट लिमिटेड बैंगलोर) द्वारा तत्कालीन बैंक अधिकारी कार्पोरेशन बैंक शाखा जबलपुर (वर्तमान यूनियन बैंक शाखा मढाताल सिविक सेन्टर जबलपुर मय बिलय) के साथ मिलकर नर्मदा विकास विभाग के बिना जानकारी के ठेकेदार के व्ही मलैश द्वारा दो नग एफ डी आर जिसकी राशि क्रमश 44,83866, 3757048 रूपये की राशि नियम विरूद्ध नगदीकरण कर शासन एवं विभाग को कुल 82 लाख 40 हजार 914 रूपये का आहरण धोखाधड़ी पूर्वक किया गया. पुलिस ने धोखाधड़ी व अमानत में ख्यानत का मामला पाते हुये शाखा प्रबंधक व ठेकेदार के विरूद्ध धारा 420,406,409,34 भा.द.वि.का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# सुप्रीम कोर्ट का आदेशः एमपी स्टेट बार के चुनाव 30 अप्रैल तक कराएं

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने एमपी स्टेट बार काउंसिल के चुनाव 30 अप्रैल तक कराने का आदेश पारित किया है। यह चुनाव पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश आरएस झा की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय कमेटी के की निगरानी में संपादित होगा। दरअसल, अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष चंद्रकुमार वलेचा ने 2025 में हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। जिनकी ओर से अधिवक्ता दीपक पंजवानी ने पक्ष रखा था। उन्होंने एमपी स्टेट बार काउंसिल के उस प्रस्ताव का विरोध किया था, जिसके अंतर्गत बार काउंसिल आफ इंडिया को पत्र भेजकर कोरोना काल में कार्य संपादित न होने के आधार पर मौजूदा कार्यकारिणी के कार्यकाल में 18 माह की वृद्धि की मांग की गई थी। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद स्टेट



बार के प्रस्ताव को अधिनियम के प्रविधानों के विपरीत पाकर क्रियान्वयन पर स्थगन दे दिया था। स्टेट बार व बीसीआई को नोटिस मिलने के बाद बीसीआई ने उक्त याचिका दिल्ली स्थानांतरित करने ट्रांसफर पिटीशन फाइल की थी। जिसमें कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष देश के अन्य स्टेट बार चुनावों के संबंध में याचिकाएं विचाराधीन हैं, जो एम वर्धन विरुद्ध भारत शासन की याचिका के साथ सुनी जा रही हैं। लिहाजा, अधिवक्ता वलेचा ने उस याचिका में हस्तक्षेपकर्ता के रूप में आवेदन प्रस्तुत किया था। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया था कि एमपी स्टेट बार काउंसिल के चुनाव जुलाई, 2026 में होने थे, जबकि वास्तव में यह चुनाव अक्टूबर, 2025 में नियत थे। ऐसा इसलिए क्योंकि कार्यकारिणी का कार्यकाल 16 अक्टूबर, 2020 को प्रारंभ हुआ था।

# आदेश का पालन करें या हाजिर हों, अवमानना मामले में भोपाल कलेक्टर को हाईकोर्ट की हिदायत



जबलपुर। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डीडी बंसल की एकलपीठ ने वर्ष 2010 की रिट याचिका में हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का अब तक पालन न होने पर दायर अवमानना याचिका पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा कि उक्त मामले में 7 अक्टूबर 2023 को पारित हुए राजस्व रिकॉर्ड को सुधारने के आदेश का तीन दिन के भीतर पालन किया जाए, अन्यथा कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह और एडिशनल कलेक्टर हरेंद्र नारायण को हाजिर होकर जवाब देना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने मामले पर अगली सुनवाई सोमवार 9 फरवरी को नियत कर दी। प्रकरण के मुताबिक भोपाल , बरखेड़ा पठानी में रहने वाले पंडित पाटिल, रविंद्र पाटिल, सुशीला पाटिल और कोकिला पाटिल की ओर से दायर अवमानना याचिका में अ ावेदकों का कहना है कि खसरा नंबर 399/2 के राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधारने को लेकर एक रिट याचिका वर्ष 2010 में दाखिल की गई थी। जिस पर उच्च न्यायालय ने 7 अक्टूबर 2023 को भोपाल के अतिरिक्त कलेक्टर, कलेक्टर व प्राधिकृत प्राधिकारी को 60 दिनों के भीतर राजस्व अभिलेख (रेवेन्यू रिकॉर्ड) में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए थे। उक्त आदेश का पालन अब तक नहीं किया गया, जिसके चलते यह अवमानना याचिका दायर की गई। मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित रघुवंशी ने एकलपीठ को बताया कि उच्च न्यायालय के संबंधित आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की गई थी और सुप्रीमकोर्ट से 21 जनवरी 2026 को वह याचिका खारिज हो चुकी है। ऐसे में अब उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में कोई कानूनी बाधा शेष नहीं है। मामले में प्रतिवादी कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह और एडिशनल कलेक्टर हरेंद्र नारायण की ओर से कहा गया कि उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त नहीं हुई है, इसलिए आदेश का पालन करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया जाए। एकलपीठ ने अनावेदकों की ओर से दी गई इस दलील अस्वीकार करते हुए कहा कि 21 जनवरी 2026 का डिजिटल हस्ताक्षरित ई-ऑर्डर इंटरनेट पर उपलब्ध है। ऐसे में सर्टिफाइड कॉपी का इंतजार अनुपालन में देरी का आधार नहीं बन सकता। इस मत के साथ न्यायालय ने निर्देश दिया 7 अक्टूबर 2023 के आदेश का तीन दिन में पालन करें अन्यथा आदेश का पालन न होने की स्थिति में संबंधित दोनों अधिकारी अगली तिथि सोमवार 9 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें।

## बंदी की बीमारी से मौत

**जबलपुर।** सिविल लाईन थानान्तर्गत नरसिंहपुर जेल में धोखाधडी के एक मामले में आजीवन कारावास से दण्डित वृद्ध बंदी की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहाँ कल ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। सिविल लाईन पुलिस ने बताया कि केन्द्रीय जेल जबलपुर के प्रहरी ने कल सूचना दी कि धोखाधडी के प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा काट रहे दण्डित बंदी अजीत राम साहू को तबीयत बिगड़ने पर नरसिंहपुर जेल से ईलाज के लिए मेडिकल अस्पताल भेजा गया था। यहाँ ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### प्रौढ़ ने लगायी फांसी

**जबलपुर।** गोरखपुर थानान्तर्गत चौधरी मोहल्ला रामपुर में कल एक प्रौढ़ ने खेरमाई मंदिर के समीप पेड़ में नाइलोन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि चौधरी मोहल्ला रामपुर निवासी राजेन्द्र अहिरवार के पिता ५५ वर्षीय भीम चौधरी ने कल अपने घर के समीप स्थित खेरमाई मंदिर के पास पेड़ में नाईलोन की रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

# होली पर चलेगी दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली के अवसर पर गाडिय़ों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दुर्ग एवं हजरत निज़ामुद्दीन स्टेशन के मध्य दो - दो फेरे के लिये किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मी बाई (झांसी), आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन स्टेशनों पर ठहरकर हजरत निज़ामुद्दीन स्टेशन तक जाएगी। 08751 दुर्ग-हजरत निज़ामुद्दीन स्पेशल दुर्ग से 1 एवं 2 मार्च को तथा 08752 हजरत निज़ामुद्दीन-दुर्ग स्पेशल हजरत निज़ामुद्दीन स्टेशन को 2 एवं 3 मार्च को छुटेगी। इस गाड़ी की विस्तृत समय सारणी इस प्रकार होगी। गाड़ी संख्या 08751 दुर्ग-हजरत निज़ामुद्दीन स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 10.45 बजे रवाना होगी जो कि रायपुर स्टेशन आगमन 11.20 बजे, प्रस्थान 11.25 बजे, उसलापुर स्टेशन आगमन 13.20 बजे, प्रस्थान 13.30 बजे, पेंड्रा रोड स्टेशन आगमन 14.55 बजे प्रस्थान 14.57 बजे, अनूपपुर आगमन 15.40 बजे प्रस्थान 15.45 बजे, शहडोल स्टेशन आगमन 16.20 बजे प्रस्थान 16.22 बजे, उमरिया स्टेशन आगमन 17.14 बजे प्रस्थान 17.16 बजे, कटनी मुड़वारा स्टेशन आगमन 19.30 बजे प्रस्थान 19.40 बजे, दमोह स्टेशन आगमन 20.48 बजे प्रस्थान 20.50 बजे, सागर स्टेशन आगमन 21.50 बजे प्रस्थान 21.55 बजे, झाँसी स्टेशन आगमन 03.35 बजे प्रस्थान 03.45 बजे, आगरा कैंट स्टेशन आगमन 07.55 बजे प्रस्थान 08.00 बजे, मथुरा जंक्शन आगमन 08.55 बजे प्रस्थान 09.00 बजे एवं हजरत निजामुद्दीन स्टेशन 11.10 बजे पहुचेंगी। गाड़ी संख्या 08752 हजरत निज़ामुद्दीन-दुर्ग स्पेशल ट्रेन हजरत निज़ामुद्दीन स्टेशन से 12.30 बजे रवाना होगी जो कि मथुरा जंक्शन स्टेशन आगमन 14.05 बजे प्रस्थान 14.10 बजे, आगरा कैंट



स्टेशन आगमन 15.10 बजे प्रस्थान 15.15 बजे, झाँसी स्टेशन आगमन 21.25 बजे प्रस्थान 21.30 बजे, सागर स्टेशन आगमन 03.35 बजे प्रस्थान 03.40 बजे, दमोह स्टेशन आगमन 04.58 बजे प्रस्थान 05.00 बजे, कटनी मुरवारा स्टेशन आगमन 07.05 बजे प्रस्थान 07.10 बजे, उमरिया स्टेशन आगमन 09.00 बजे प्रस्थान 09.02 बजे, शहडोल स्टेशन आगमन 10.05 बजे प्रस्थान 10.07 बजे, अनूपपुर आगमन 10.55 बजे प्रस्थान 11. 00 बजे, पेंड्रा रोड स्टेशन आगमन 11.45 बजे प्रस्थान 11.47 बजे, उसलापुर स्टेशन आगमन 14.10 बजे प्रस्थान 14.20 बजे, रायपुर स्टेशन आगमन 16.50 बजे, प्रस्थान 16.55 बजे एवं दुर्ग 18.20 बजे पहुचेंगी।

# सूने घर से लाखों के जेवर चोरी

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थानान्तर्गत दुर्गा कालोनी में अज्ञात चोरों ने एक सूने का घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के लाखों के जेवर पार कर दिए। भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि दुर्गा कालोनी भेड़ाघाट निवासी राजू उसरेठे मेडिकल अस्पताल में प्राईवेट वार्ड बॉय की नौकरी करता है गत 3 फरवरी की शाम राजू विवाह समारोह में शामिल होने परिवार समेत परियट पिपरिया गया था। इस दौरान गत 5 फरवरी की रात उसके पड़ोसी अरविंद कुशवाहा के ससुर ने उसे फोन पर बताया कि तुम्हारे गेट एवं दरवाजे का ताला टूटा है राजू अपनी पत्नी व बच्चों के साथ वापस घर आया तो देखा तो अलमारी खुली मिली और कपड़े बिखरे हुए थे अलमारी में रखे सोने के दो पेंडल दो जोड़ी कान की वाली दो जोड़ टाप्स एक जोड़ी चांदी की पायल, दो चांदी के सिक्के गायब थे। चोरी गये जेवरों का मशरूका लाखों में बताया गया है।

### दुकान से टाप्स चोरी

तिलवारा थानान्तर्गत बाजनामठ शास्त्री नगर में पूनम तिवारी प्रसाद की दुकान चलाती है गत 20 सितम्बर को वह दुकान पर थी इस दौरान उसने दुकान में रखे सोने के टाप्स चेक किये तो पता चला कि वह चोरी हो गये हैं। चोरी गये टाप्स की कीमत की 30 हजार रूपये बतायी गई है।

# 9वीं और 11वीं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर होंगी

### व्यवस्था में बदलावः थानों में रखे जाएंगे प्रश्नपत्र

जबलपुर। बोर्ड परीक्षाओं के लिये बच्चों को मानसिक रूप से तैयार करने के लिये शिक्षा विभाग ने 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं की व्यवस्थाओं में बड़ा बदलाव किया है. यह परीक्षाएं अब बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जाएंगी. शिक्षा विभाग व्यवस्था में बदलाव से बच्चों को 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं की समझ़ा विकसित होगी और उनका आत्म विश्वास भी बढ़ेगा।
परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए शिक्षा विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया है। नई प्रणाली के तहत प्रश्नपत्र अब स्कूलों में रखने के बजाय सीधे संबंधित पुलिस थानों में सुरक्षित रखे जाएंगे।
परीक्षा के दिन केंद्राध्यक्ष की उपस्थिति में ही प्रश्नपत्रों के बंडल थाने से प्राप्त किए जाएंगे और परीक्षा शुरू होने से 1 घंटे पहले ही उन्हें



खोला जा सकेगा।शिक्षा विभाग का मानना है कि इस नई व्यवस्था से प्रश्नपत्र लीक होने और नकल जैसी अनियमितताओं की संभावनाओं को काफी हद तक समाप्त किया जा सकेगा।

### परीक्षा की समय-सारणी जारी

शिक्षा विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार कक्षा 11वीं की परीक्षाएं 23 फरवरी से 17 मार्च तक आयोजित होंगी। कक्षा 9वीं की परीक्षाएं 2 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च 2026 तक संचालित की जाएंगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं दोपहर की पाली में 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित होंगी।

### बोर्ड पैटर्न पर मूल्यांकन भी होगा


परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी माध्यमिक शिक्षा मंडल की अंक योजना के अनुरूप किया जाएगा। सभी मूल्यांकन कार्य को 23 मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# रंगदारी वसूलने रेलवे इंजीनियर को चाकू मारा

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत सुविधा मार्केट के सामने रेलवे के सीनियर सेक्सन इंजीनियर से रंगदारी वसूलने दो बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया. घटना के संबंध में गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शक्ति नगर निवासी 35 वर्षीय रेलवे इंजीनियर कुनाल कुमार



कार्यालय से लौटते समय सुविधा मार्केट में सब्जी खरीदने के लिये रुके, उसी दौरान मोटर सायकल में दो लड़के आए और गाली गलौच कर दो हजार रुपये की रंगदारी मांगने लगे मना करने पर बाइक चला रहे लड़के ने चाकू से हमला कर दिया. जिससे उनके हाथ के अंगूठे और उंगली में चोट आ गई. पुलिस ने अज्ञात लड़कों के खिलाफ धारा 296 (बी), 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240